ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 03 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 08 मई 2023 • वर्ष-29 • अंक-201 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

सोनम के 'फ्रेंड्स' ने कॉरोनेशन कॉन्सर्ट ... पेज 10 पर

अधिवक्ता राजीव कुमार पर सीआईडी ने दर्ज की चार्जशीट

सीआईडी कर रही थी एसटी-एससी थाने में दर्ज केस की जांच

सितंबर 2022 में सीआईडी को ट्रांसफर हुआ था केस

रांची, मुख्य संवाददाता। झारखंड हाईकोर्ट के चर्चित अधिवक्ता राजीव कुमार पर फर्जी कागजात के आधार पर जमीन कब्जाने और आदिवासी उत्पीड़न के आरोप में चार्जशीट दायर कर दिया गया है। सीआईडी ने अधिवक्ता पर लगे आरोपों की आठ माह जांच की, इसके बाद इस मामले में चार्जशीट दायर की है। अधिवक्ता को सीआईडी ने आईपीसी की धारा 417, 420, 504, 506, 120 बी व एसटी-एससी एक्ट की धारा 3 (आई) (टी)(आर) (एस) (जी) के तहत आरोपित किया है।

क्या थी अधिवक्ता के खिलाफ शिकायत : 16 अगस्त 2022 को अधिवक्ता राजीव कुमार समेत पांच लोगों पर रांची एसटी-एससी थाना में मामला दर्ज किया गया था। आदिवासी जमीन को षड्यंत्र कर धोखाधड़ी कर बेचने और विरोध करने पर जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए, जान से मारने की धमकी देने के संबंध में बरियातू थाना के रहने वाले दीपक कच्छप ने यह मामला दर्ज कराया है। दीपक के द्वारा एसटी-एससी थाना में दर्ज कराए गए मामला में कहा गया था कि मौजा भीठा थाना संख्या 187 के खाता संख्या-6 प्लॉट संख्या 926 रकवा 1 एकड़ 41 डिसमिल भूमि और खाता संख्या 84 के प्लॉट संख्या 611, रकवा 89 डिसमिल कुल रकबा 2 एकड़ 20 डिसमिल भूमि

1959 में जिसका डीड संख्या 5252 है। दीपक का दावा था कि उनके परदादा कोन्हा मुंडा द्वारा खतियान रैयत के उत्तराधिकारी मोहम्मद इब्राहिम अली से खरीदा गया। भूमि की खरीद के तुरंत बाद से अपना मकान बनाकर उस जमीन पर किसी कार्य करके पूरा परिवार जीवन यापन करते आ रहे थे। दीपक के द्वारा दर्ज कराए गए मामले में कहा गया था कि खतियानी रैयत के उत्तराधिकारी द्वारा गैरकानूनी तरीके से दोबारा जमीन की बिक्री कर दी गई और इसका विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। खतियानी रैयत के कुछ उत्तराधिकारी और भू-माफिया अली असगर, अनिल कुमार, राजीव कुमार, अली इरफान और मोहम्मद इस्लाम के द्वारा पूर्व में बिकी हुई जमीन को साजिश के तहत जालसाजी करके गलत तरीके से जाली कागज और कुसीर्नामा बनाकर हमारी पूरी जमीन बेच दी।

सीआईडी ने जांच में क्या पाया

सीआईडी ने अनुसंधान के क्रम में पाया कि कांड में वर्णित भूमि को वादी दीपक कच्छप के परदादा कोल्हा मुंडा ने साल 1959 में खरीदा था। तब से इस जमीन पर उनके वंशजों का कब्जा था। लेकिन अधिवक्ता राजीव कुमार ने सबकुछ जानते हुए भी छलपूर्वक दबंगता के साथ अवैध तरीके से उस भूमि से कमजोर आदिवासियों को बेदखल कर दिया। जबरन बाउंड्री कर कब्जा कर लिया, इस दौरान जातिसूचक शब्दों का प्रयोग भी उनके द्वारा किया गया। ऐसे में अधिवक्ता के खिलाफ सीआईडी ने आठ माह चली जांच के बाद आरोप पत्र संख्या 21/23 जमा कर दिया है।

NEWS इन ब्रीफ

रांची में साइबर ठगी का आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

रांची। फर्जी बैंकिंग ऐप के माध्यम से ठगी करने के आरोपी अजय कुमार को सीआईडी ने गिरफ्तार किया है। अजय कुमार मूल रूप से हरियाणा के गुडगांव जिले के शिखोपुर स्थित सेक्टर-79 का रहने वाला है। उसके पास से तीन मोबाईल, दो लैपटॉप, एक एटीएम और आधार कार्ड बरामद किया गया है। सीआईडी रांची को साइबर ठगी की जानकारी मिली थी। साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

फर्जी कागजात बनाकर वाहन का उपयोग करने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

रांची। रांची की पिठौरिया थाना पुलिस ने फर्जी नम्बर प्लेट और गाड़ी का फर्जी कागजात बनाकर वाहन का उपयोग करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में वकील अंसारी, आजाद अंसारी और मो महताब आलम शामिल हैं। इनके पास से एक फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर कार्ड, 15 बिना चीफ लगा कार्ड, दो इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया का कार्ड, दो आधार कार्ड का पीवीएस कार्ड, दो अलग-अलग वाहन का आरसी कार्ड, वाहन का नम्बर प्लेट, दो मोबाइल फोन और एक हीरो सुपर स्प्लेंडर बाइक में फर्जी लिखा हुआ रजिस्ट्रेशन नंबर भी बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कई लोग फर्जी नंबर प्लेट और गाड़ी का फर्जी कागजात बनाकर वाहन का उपयोग कर रहे है। सूचना के बाद एएसपी मुमल राजपुरोहित के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की गाड़ी, फर्जी आरसी, फर्जी नंबर प्लेट सहित कई फर्जी कागजात बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने बताया कि ये लोग ओएलएक्स अन्य विज्ञापन बेवसाईटों से आम आदमी की ओर से बेचने-खरीदने के लिए डाली गयी जानकारी प्राप्त कर उसी गाड़ी का फर्जी कागजात बनाकर और नम्बर प्लेट लगाकर चोरी का वाहन चलाते थे ताकि किसी को शक ना हो। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मॉब लींचिंग में विचाराधीन कैदी की मौत का मामला

पांच जेलकर्मियों पर प्राथमिकी

नवीन मेल संवाददाता।

लातेहार। जिला मंडल कारा में बंद मॉब लींचिंग के आरोपी कैदी संधू मुंडा की रहस्यमय ढंग से मौत का मामला पूरी तरह गरमा गया है। इस मामले को लेकर जेल सुपरीटेंडेंट के आवेदन के आधार पर पांच जेल कर्मियों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। शनिवार की रात मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। हालांकि परिजन रविवार को इस बात पर अड़ गए कि संस्कार नहीं करेंगे।

क्या है मामला : ज्ञात हो कि डायन बिसाही के आरोप में दोहरे हत्याकांड की घटना में आरोपी संधू मुंडा मंडल कारा में कैद था। शनिवार को सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद चिकित्सकों ने कहा था कि कैदी की मौत दौरा पड़ने से हुई है, परंतु जब परिजन अस्पताल पहुंचकर मृतक के शव को देखा तो उसके शरीर पर कई जख्म के निशान बने हुए थे। इसके बाद मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि कैदी की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या की गई है। बाद में पुलिस ने जेल अधीक्षक के आवेदन के आधार पर जेल के कक्षपाल शंकर मुंडा, चंद्रशेखर, दीप नारायण विश्वकर्मा प्रदीप प्रजापति एवं मनोहर बारला पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

प्राथमिकी की कॉपी लेने पर अड़े परिजन व ग्रामीण

ईधर मृतक के परिजन तथा अन्य ग्रामीण इस बात पर अड़े हैं कि जब तक दोषियों पर प्राथमिकी दर्ज कर उसकी कॉपी उन्हें नहीं दी जाएगी तब तक मृतक का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। हालांकि पुलिस द्वारा परिजनों को बताया गया कि मामले की प्राथमिकी दर्ज की गई है, परंतु परिजन इस बात पर अड़े हैं कि एफआईआर की कॉपी उन्हें उपलब्ध कराई जाए। वहीं परिजनों का यह आरोप है कि प्रशासन पूरे मामले में लीपापोती करने का प्रयास कर रही है।

मामले की हो रही है जांच : एसपी

वहीं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि यह मामला गंभीर है। पुलिस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर रही है और इस मामले पर परिजन आवेदन देंगे तो उस आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। घटना में जो भी दोषी पाए जाएंगे उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मेडिकल टीम बनाकर हुआ पोस्टमार्टम : परिजनों के आरोप के बीच मृतक के पोस्टमार्टम के लिए तीन डॉक्टरों की टीम बनाई गई। कार्यपालक दंडाधिकारी की उपस्थिति में वीडियो रिकॉर्डिंग के बीच शनिवार की रात मृतक के शव को उसके गांव भेज दिया गया। मृतक के परिजनों को आश्वस्त किया गया कि मामले की उच्च स्तरीय जांच होगी और दोषियों पर कार्रवाई भी होगी।

प्रेस सलाहकार की माता के ब्रह्मभोज में पहुंचे मुख्यमंत्री

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन रविवार को प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद की माता स्वर्गीय विमला देवी के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री अभिषेक प्रसाद के अपर शिवपुरी स्थित आवास पहुंचकर स्वर्गीय विमला देवी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद के परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री रामगढ़ में 11 को नवनिर्मित जी प्लस वीआइपी गेस्ट हाउस का करेंगे उद्घाटन

रामगढ़। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 11 मई को रामगढ़ पतरातू लेक रिसॉर्ट में नवनिर्मित जी प्लस वीआइपी गेस्ट हाउस का उद्घाटन करेंगे। इसके मद्देनजर डीसी माधवी मिश्रा और एसपी पीयूष पांडेय ने टीम के साथ रिसॉर्ट में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने विधि-व्यवस्था, पार्किंग और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही पतरातू लेक रिसॉर्ट के अधिकारियों के साथ चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रतिदिन बड़ी संख्या में पतरातू लेक रिसोर्ट में आ रहे सैलानियों की सुरक्षा के मद्देनजर की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रिसॉर्ट में भीड़-भाड़ नियंत्रित करने व सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई निर्देश दिए।

हरदेव कंस्ट्रक्शन पर अमन गिरोह ने चलाई थी गोली, दो गिरफ्तार

रामगढ़। पतरातू थाना क्षेत्र में पुलिस ने हरदेव कंस्ट्रक्शन पर गोलीबारी की वारदात का उद्भेदन कर लिया है। एसपी पियूष पांडे ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि अमन श्रीवास्तव गिरोह के लोगों ने रंगदारी के लिए हरदेव कंस्ट्रक्शन के साइट पर गोली चलाई थी। एसपी ने बताया कि शार्प शूटर बिहार राज्य के बेगूसराय जिले से बुलाए गए थे। उन्होंने बताया कि इस पूरे मामले की जांच के लिए पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई थी। इसमें पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह भी शामिल थे। इन लोगों ने शनिवार की रात छापेमारी के दौरान पतरातू डैम के समीप किंग रेस्टोरेंट से दो कुख्यात अपराधियों को पकड़ा। इनमें बेगूसराय जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुखियारपुर गांव निवासी सनी कुमार और चरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के शिवरी गांव निवासी बृजेश कुमार उर्फ जहरा शामिल है। दोनों अपराधियों के पास से एक देसी पिस्तौल और .315 की दो जिंदा गोली बरामद हुई है। पूछताछ के दौरान उन लोगों ने बताया कि वे अमन श्रीवास्तव गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। उन लोगों ने बताया कि रंगदारी के लिए उन्होंने वारदात को अंजाम दिया गया था। उन लोगों ने पुलिस को बताया कि बिहार और झारखंड में कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

कर्नाटक में फिर से सत्ता में आएगी भाजपा : पीएम मोदी

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दावा किया कि 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा कर्नाटक में सत्ता बरकरार रखेगी। पीएम नरेंद्र मोदी ने शिवमोग्गा के अयानूर में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोग इस बार राज्य में बहुमत की सरकार चुनने जा रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि लोगों ने मुझे आशीर्वाद दिया है। मैं अपने पूरे जीवन के लिए कर्नाटक का आभारी रहूंगा। मैं इस प्यार और स्नेह को नहीं भूलूंगा। हमारी परीक्षा 10 मई को है। मैं एक वास्तविक गारंटी दूंगा। राज्य का विकास करना मेरा लक्ष्य है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी केवल लोगों को बेवकूफ बनाने के लिए झूठ को वादों के रूप में पेश कर रही है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था, बीएस येदियुरप्पा भी कर्नाटक के मुख्यमंत्री थे। येदियुरप्पा सुपारी किसानों की समस्याओं के संबंध में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली आए थे। येदियुरप्पा ने शिवमोग्गा के किसानों के कल्याण के लिए संघर्ष किया है। मैंने सुपारी उत्पादकों के कल्याण के लिए कई उपाय किए हैं। इस संबंध में घबराने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्ज माफी के बहाने कांग्रेस ने पैसे लूटे हैं।

डबल लूट में लिप्त है कर्नाटक की डबल इंजन सरकार : राहुल

बेंगलुरु। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि केंद्र और कर्नाटक में भाजपा की डबल इंजन सरकार 'डबल लूट' में लिप्त है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कर्नाटक में भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। राहुल ने आगे कहा कि मणिपुर में हिंसा के कारण लोग मर रहे हैं। यह नफरत की राजनीति का नतीजा है। हमने इस विचारधारा के खिलाफ भारत जोड़ो यात्रा निकाली। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी के पास राज्य में हुए भ्रष्टाचार की जानकारी है और यहां तक कि छोटे बच्चे भी इसके बारे में जानते हैं, लेकिन पीएम उससे ध्यान हटाने की कोशिश में लगे हुए हैं। कांग्रेस नेता ने सवाल किया, प्रधानमंत्री जी, डबल इंजन सरकारों में से किसी भी इंजन द्वारा लिए गए 40 प्रतिशत कमीशन की रिश्वत में आपका कितना हिस्सा है? उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी जो अपने खिलाफ आलोचनाओं को गाली बताते हैं और उसकी सूची पेश करते हैं, उन्हें पहले आपको यह बताना चाहिए कि उन्होंने राज्य में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की है।

मौसम राजधानी सहित कई हिस्सों में तापमान बढ़ने लगा

झारखंड में धीरे-धीरे बढ़ने लगी तपिश

रांची। झारखंड में तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। पिछले कुछ दिनों से मिल रही गर्मी से राहत और मौसम में ठंडक में धीरे-धीरे खत्म होगी। राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में तापमान बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में गर्मी लोगों को फिर परेशान करेगी। अगले तीन-चार दिनों में राज्य के तापमान में चार से पाचं डिग्री तक बढ़ोतरी होगी। मौसम पूवार्नुमान के मुताबिक 10 मई तक कई जिलों का तापमान 40 डिग्री तक पहुंच जाएगा। राज्य के तापमान में बढ़ोतरी शुक्रवार से ही देखी जा रही। बीते दो-तीन दिनों से गर्मी ने लोगों को परेशान करना शुरू भी कर दिया है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 12 मई तक राज्य में मौसम का मिजाज शुष्क रहेगा। इस दौरान बारिश का अनुमान नहीं है। राज्य के कई जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेसि के पार हो गया है। इसमें ज्यादातर संताल परगना के जिले हैं। पलामू का तापमान 40 डिग्री सेसि के करीब पहुंच गया है। राजधानी का तापमान भी धीरे-धीरे बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने पूवार्नुमान किया है कि 10 मई को राजधानी का अधिकतम तापमान 38 से 39 डिग्री सेसि के आसपास पहुंच जावेगा। इसी तरह दस मई तक पूरे झारखंड में आसमान साफ रहने की संभावना मौसम विभाग ने जाहिर की है। पिछले कई दिनों से मौसम में नमी थी। राज्य के कई शहरों में बारिश का मौसम था लेकिन धीरे- धीरे तापमान में वृद्धि हो रही है। मौसम एक बार फिर गर्मी और उमस भरा हो रहा है।

लोहरदगा में पीएलएफआई के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

लोहरदगा। लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र में पीएलएफआई के एरिया कमांडर कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान के इशारे पर शनिवार रात बड़ी वारदात करने पहुंचे तीन हार्डकोर उग्रवादियों को कुडू पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने आज सुबह इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि यह हथियारबंद हार्डकोर उग्रवादी पलसर मोटरसाइकिल से कुडू आए थे। एक मुखबिर ने जैसे ही यह सूचना एसपी आर रामकुमार को दी, उन्होंने फौरन अलर्ट किया। इसके बाद सामान्य लिबास में जवानों को तैनात कर किया गया। कुडू ब्लॉक मोड़ के पास तीनों को दबोच लिया गया। इनके पास दो हथियार मिले हैं। कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने बताया कि इनसे महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। अब एरिया कमांडर कृष्णा यादव की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

ईडी की रिमांड पर छवि रंजन

प्रेम प्रकाश और अग्रवाल को पहचानने से किया इनकार

रांची। जिस अमित अग्रवाल और प्रेम प्रकाश के लिए निर्लंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन ने जमीन के कागजातों में हेराफेरी करवाई ,जमीन घोटाला तक कर डाला अब उन्हें ही छवि रंजन किसी भी तरह का सम्बंध होने से इनकार कर रहे है। ईडी के रिमांड पर पहले दिन पूछताछ के दौरान छवि रंजन ने दोनों से किसी भी तरह के परिचय से साफ इंकार कर दिया।

दिन के 12 बजे से हुई शुरुआत : गौरतलब है कि छवि रंजन को ईडी ने छह दिनों के रिमांड पर लिया है। रिमांड के पहले दिन ईडी की टीम छवि को रविवार दिन के 12 बजे रांची जेल से लेकर एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी जोनल कार्यालय पहुंची। जिसके बाद छवि रंजन से पूछताछ शुरू हुई। पूछताछ के दौरान ईडी अधिकारियों ने जब छवि रंजन से प्रेम प्रकाश और अमित अग्रवाल से संबंधों के विषय में पूछताछ की, तब छवि रंजन ने दोनों

से किसी भी तरह के परिचय से ही इंकार कर दिया। लेकिन जब ईडी के अधिकारियों ने जब दोनों से परिचय के संबंध में सबूत दिखाए तो छवि रंजन ने चुप्पी साध ली।

विष्णु अग्रवाल से कब से परिचय है, गोवा ट्रिप के बारे में भी ईडी ने पूछा : ईडी अफसरों ने छवि रंजन से पूछताछ के दौरान रांची के बड़े कारोबारी विष्णु अग्रवाल से परिचय के संबंध में भी पूछताछ की। छवि से ईडी अधिकारियों ने पूछा कि वह कारोबारी विष्णु अग्रवाल को कब से जानते हैं, तब छवि रंजन ने बताया कि जब उनकी पोस्टिंग रांची डीसी के रूप में हुई तब से ही वो विष्णु अग्रवाल को जानते हैं।

अब टेरिटोरियल आर्मी के महिला अधिकारियों की भी एलओसी पर होगी तैनाती

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने क्षेत्रीय सेना (टेरिटोरियल आर्मी) की महिला अधिकारियों को पाकिस्तान के साथ नियंत्रण रेखा पर प्रादेशिक सेना के इंजीनियर रेजिमेंटों के साथ, संगठनात्मक आवश्यकता के अनुसार नई दिल्ली में क्षेत्रीय सेना के समूह मुख्यालय और महानिदेशालय में स्टाफ अधिकारियों के रूप में तैनाती को मंजूरी दे दी। इस प्रगतिशील नीतिगत उपाय का उद्देश्य महिला अधिकारियों के रोजगार के दायरे को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी पेशेवर आकांक्षाओं को पूरा करना है। वे अब इकाइयों और नियुक्तियों की एक विस्तृत श्रृंखला में अपने पुरुष समकक्षों के समान परिस्थितियों में सेवा और प्रशिक्षण देंगे। प्रादेशिक सेना ने 2019 में पारिस्थितिकी कार्य बल इकाइयों, टीए तेल क्षेत्र की इकाइयों और टीए रेलवे इंजीनियर रेजिमेंट में महिला अधिकारियों को कमीशन देना शुरू किया।

NEWS इन ब्रीफ

इतिहास-नागरिक विषय के मेरिट की दूसरी सूची जारी

मेदिनीनगर। जेएसएससी के द्वारा इतिहास-नागरिक विषय के 72 अभ्यर्थियों की दूसरी मेरिट सूची जारी की गयी है। इसके पूर्व 584 अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी की गयी है। जिसके आधार पर नियुक्ति प्रक्रिया सभी जिला में शुरू की गयी है। पलामू में 11 मई को पहली सूची में चयनित अभ्यर्थियों की काउसलिंग की जानी है। ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार नियुक्तियां की जा रहीं हैं। सभी चयनित अभ्यर्थियों को जल्द ही नियुक्ति पत्र का वितरण किया जाना है।

स्टेशन परिसर में विशेष कैंप का आयोजन

मोहम्मदगंज। सरकार द्वारा घोषित वन टाइम सेटेलमेंट स्कीम के तहत शुक्रवार को मोहम्मदगंज विद्युत सब स्टेशन परिसर में विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान 17 बकायेदार उपभोक्ताओं ने अपना आवेदन देकर वन टाइम सेटेलमेंट स्कीम के तहत एक मुश्त लाभ उठाया। इसका लाभ उन बिजली उपभोक्ताओं को मिला जिनका अधिक बिजली बिल होने के कारण भुगतान नहीं कर पा रहे थे। इस कैंप में छोटे बकायेदारों ने भी अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान किया। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि शिविर में कुल 100 बकायेदार उपभोक्ताओं से 1 लाख 94 हजार रुपए की वसूली की गई। कनीय अभियंता श्री सिंह ने कहा कि ओटीएस योजना के तहत उपभोक्ताओं के डीपीएस यानी डिले पेमेंट सबचार्ज माफ कर दिये गये है। इस मौके पर कैशियर लंकेश कुमार,ऊर्जामित्र रविशंकर सिंह,ललितेश्वर मेहता,रंजय कुमार,राजीव सिंह,सुरेंद्र बैठा सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

अनियंत्रित कार पोल से टकराई, कोई हतातहत नहीं

पांकी। थाना क्षेत्र के नीमाचक स्थित पेट्रोलपंप के समीप एक एसप्रेशो कार जेएच 02 बी 8115 अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से जा टकराई। हालांकि कार में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। दुर्घटना के बाद कार पर सवार सभी लोग फरार हो गये। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पांकी थाना पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही पांकी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर कार को जप्त कर थाना ले गई।

ओबीसी मोर्चा ने किया पहलवानों के धरना का समर्थन

मेदिनीनगर। ओबीसी मोर्चा के द्वारा दिल्ली में जंतर मंतर मैदान में पहलवानों के द्वारा दिए गए धरने को समर्थन किया गया है। ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने धरना में शामिल होकर धरने को समर्थन किया है। ज्ञात हो कि पहलवानों के द्वारा लगातार 20 दिनों से अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसमें देश के अलग-अलग कई संगठनों के द्वारा भी समर्थन दिया जा रहा है।

बच्चों को बतायी गई संविधान की प्रस्तावना

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। शहर के राजकीय मध्य विद्यालय में शनिवार को नियमित प्रार्थना, राष्ट्रगान और सफाई के प्रति संकल्प के बाद बच्चों को संविधान की प्रस्तावना की जानकारी दी गई। झारखंड काउंसिल फोर एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग का कंटेंट भी बताया गया। आठवीं के बच्चों को छोड़ शेष कक्षाओं में परीक्षा ली गई। सत्र 2022-23 के बच्चों के आग्रह और विभागीय निदेर्शानुसार परीक्षा के बाद पढ़ाये जा रहे अंग्रेजी ट्रांसलेशन, हिन्दी व्याकरण व सामान्य ज्ञान से संबंधित क्विज कराया

गया। मुख्य अतिथि सह हुसैनाबाद की महिला एवं बाल संरक्षण थाना प्रभारी सुरबाला भृंगराज ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतियोगी युग में जितना अधिक पढ़ेंगे उतना ही ज्ञान अर्जित कर सकेंगे। तैयारी उच्च स्तरीय होनी चाहिए। विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का भी सुरबाला भृंगराज सहजता से जवाब दिया। इस दौरान प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद, शिक्षक जुबैर अंसारी, राजेश कुमार सिन्हा, पुष्पा कुमारी, आशा कुमारी, रश्मि प्रकाश, राजेश कुमार गुप्ता, सुषमा पांडेय आदि सक्रिय रहे।

वाहन चेकिंग अभियान में पांच वाहन जब्त

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पिपरा पुलिस ने दमवा मोड पर रविवार को सड़क सुरक्षा व एंटी क्राईम के तहत सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। एएसआई उमेश महतो के नेतृत्व में पुलिस ने सड़क से गुजरने वाले दर्जनों दो पहिया वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, इस्यूरेंस, ट्रीपल लोडिंग, वाहन की डिक्की की गहनता से जांच की। जांच के दौरान बिना कागजात, लाइसेंस और हेलमेट के पांच बाइक जब्त की गयी। वहीं थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि घर से वाहन लेकर निकलते वक्त हेलमेट व गाड़ी केकागजात अवश्य साथ लेकर चले अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। जांच अभियान में पुलिस के कई जवान शामिल थे।

बाइक के धक्के से तीन राहगीर घायल,दो रेफर

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद में जपला दंगवार मुख्य रोड के कामत मोड़ के समीप सोमवार की देर शाम अज्ञात बाइक सवार ने तीन राहगीरों को धक्का मारकर भाग निकला। इसमें सड़क पर खड़े तीन लोग सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें दो को रेफर कर दिया गया। बाइक के धक्के से घायलों में नेहा कुमारी, जूही यादव, दोनों ग्राम कामत, जितेन्द्र रजवार, चौखंडी के निवासी है। ग्रामीणों के सहयोग से सभी को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए नेहा कुमारी और जितेन्द्र यादव को मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया है।

भितिहारा में जरासंध भगवान की प्रतिमा का अनावरण

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत सिगसिगी पंचायत के भितिहारा में रविवार को जरासंध भवन में जरासंध भगवान की प्रतिमा का अनावरण भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं अखिल भारतवर्षीय क्षत्रिय चंद्रवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी के कर कमलो द्वारा किया गया। मौके पर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा समाज को एकजुटता का परिचय देना होगा। आज यहां पर समाज के लोगों की उपस्थिति बहुत कम है। यह हमारी कमियों को दशार्ता है। वहीं उन्होंने कहा कि मै युवा वर्ग से कहना चाहूंगा दूसरे कार्यक्रम में आप ज्यादा संख्या में उपस्थित होते हैं लेकिन जब अपने समाज का कार्यक्रम होता है तो उसमें उपस्थित नहीं होते है। हमारे पूर्वज हजारों साल पहले कितने बलशाली होंगे जो मगध के राजा हुए थे। आज उनकी जीवनी से हमारे समाज को सीखने की जरूरत है। समारोह में विनय चंद्रवंशी ने डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी को शाल एवं माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर विनय चंद्रवंशी, भोला चंद्रवंशी, उदय चंद्रवंशी, जितेंद्र चंद्रवंशी रामचंद्र चंद्रवंशी मनोज चंद्रवंशी मनोहर पासवान, बिश्रामपुर प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि पंकज लाल, बिश्रामपुर प्रखंड के युवा मंडल अध्यक्ष अनुज चौधरी, दामोदर चौधरी, सहित हजारों की संख्या में चंद्रवंशी समाज के लोग उपस्थित थे।

खुले में शौच या पेशाब करना दंडनीय अपराध घोषित

आईपीसी की धारा-269, 270 और 336 के तहत कठोर कार्रवाई की जायेगी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू सहित राज्य के सभी शहरी क्षेत्रों में खुले में शौच या पेशाब करना दंडनीय अपराध घोषित किया गया है। शहरी इलाके में खुले में शौच या पेशाब करते हुए पकड़े जाने पर आईपीसी की धारा-269, 270 और 336 के तहत कठोर कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा दोषी व्यक्ति से 500 रुपये तक का अर्थदंड भी वसूला जायेगा।इसके लिए नगर विकास विभाग ने सभी शहरी निकायों को इससे संबंधित आम सूचना जारी करते हुए कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। जारी आदेश में सभी नगर निकायों को कहा गया है कि शहरी

क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में सामुदायिक शौचालय, सार्वजनिक शौचालय व मूत्रालय की व्यवस्था की गयी है।शहरों की साफ-सफाई, बुनियादी सुविधाओं के विकास एवं रख-रखाव में आमलोगों का सहयोग अपेक्षित है। लोगों को नियम की जानकारी होनी चाहिए। नियमों का उल्लंघन करनेवालों पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। ज्ञात हो कि पलामू में भी खुले में शौच और पेशाब करना लोगों के लिए आम बात हो गई है। भले ही चौक चौराहे पर निगम के द्वारा शौचालय की व्यवस्था की गई है लेकिन उचित साफ-सफाई नहीं रहने के कारण उसमें गंदगी का अंबार लगा रहता है और इससे लोग उसका इस्तेमाल नहीं करते हैं।

ट्रेन की चपेट से मजदूर घायल

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पूर्व मध्य रेलवे के जपला रेलवे स्टेशन के दातानगर के समीप रेलवे लाइन पार करने के क्रम में ट्रेन से धक्का लगने से मुन्ना पासवान नामक 30 वर्षीय मजदूर गंभीर रूप से गंभीर रूप से घायल हो गया। वह कृष्णा पासवान का बेटा है। मुन्ना ने बताया कि वह अशोका विल्डर्स कंपनी के माध्यम से रेलवे में काम करता है। उक्त युवक मझौलिया थाना क्षेत्र के राजाभार गांव के बेतिया जिला का निवासी है। ग्रामीणों के सहयोग से उसे रविवार को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया।

लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का भव्य स्वागत

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के कार्यकताओं ने रविवार को हरिहरगंज के भगत तेंदुआ स्थित काली मंदिर परिसर में लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वे एनएच 98 के रास्ते गढ़वा जिला में आयोजित एक कार्यक्रम में जा रहे थे। इस दौरान हरिहरगंज नगर पंचायत अंतर्गत भगत तेंदुआ काली मंदिर परिसर में वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के पदाधिकारीयों व कार्यकताओं ने फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया। वही चिराग पासवान ने स्वागत करने वाले वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के कार्यकताओं के प्रति आभार प्रकट किया। स्वागत करने वालों में लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रधान, समिति के जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, प्रखंड अध्यक्ष रामजी पासवान, कोषाध्यक्ष सह दिव्य पारा मेडिकल ट्रेनिंग सेंटर के संचालक डॉ संजय कुमार, मुखिया जितेंद्र पासवान, रिनू देवी, अरविंद पासवान, मुखिया उमेश साव, प्रमुख विक्रांत सिंह यादव, रंजीत पासवान, सेवानिवृत्त शिक्षक योगेंद्र पासवान, विनय पासवान, राम विश्वास पासवान, एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, गोलू सिंह, राणा पासवान, कमलेश यादव आदि शामिल हैं।

गांवों में पीने के पानी के लिए परेशान हैं ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के 22 पंचायतों में 175 राजस्व गांवों में पीने के पानी के लिए लोग तरस रहे हैं। पानी लेने के लिए झगड़े भी होते हैं। आबादी के अनुपात में चापानल व जलमीनार नहीं रहने के कारण लोग काफी दूर से पानी लाकर प्यास बूझाते है। सुदूरवर्ती इलाकों की बात तो दूर सोन तटीय क्षेत्रों में भी पेयजल का संकट गहराने लगा है। सोन नदी से सटे गांव देवरी खुर्द व देवरी कला पंचायत के पहाड़ी पर गांव में भी पेयजल आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। वहीं हुसैनाबाद शहरी क्षेत्रों में पाइप लाइन से जलापूर्ति योजना भी पिछले पांच दिनों से बंद हो गई है। निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि फिल्टर प्लांट की सफाई अभी बाकी है। जिसके कारण जलापूर्ति योजना बंद है। वहीं हर घर को जल-नल योजना से पानी देने के लिए पानी टंकी व फिल्टर प्लांट का कार्य भी बालू के अभाव में धीमी गति से चल रहा है।

भगिनी से मामा ने किया दुष्कर्म

मेदिनीनगर। पलामू में मामा-भगिनी के रिश्ते पर कलंक लगा है। यहां 45 वर्षीय मामा ने सात वर्षीय भगिनी के साथ दुष्कर्म किया है। रविवार को मामले की शिकायत मिलने पर शहर थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराकर उसका बयान भी दर्ज किया गया है। घटना मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र की है। पुलिस के मुताबिक बच्ची अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान विजय तिवारी (45) बच्ची को पास के ही एक आधे-अधूरे मकान में ले गया। साथ ही बच्ची को मोबाइल दिखाने के बहाने उसके साथ दुष्कर्म किया।

नाबालिग के अपहरण का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। रेहला थाना क्षेत्र के भोलाटांड रक्साहा गांव का एक नाबालिग पिछले तीन दिनों से लापता है।परिजनों ने बागलगीर पर अपहरण करने का आरोप लगाते हुए रेहला थाना में मामला दर्ज कराया है। पुलिस नाबालिग की तलाश में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार भोलाटांड निवासी जिबराइल अंसारी का पुत्र शाहिद अंसारी (15) चार मई की रात को गांव की ही एक बारात में शामिल होने गया था। जिसके बाद वह घर वापस नहीं आया। सभी संभावित जगह खोजबीन के बाद परिजनों ने रेहला थाना में मामला दर्ज कराया। परिजनों का कहना है कि घर के बगल के ही विकास चौधरी उर्फ बादशाह ने मामूली बात पर शहीद अंसारी को कुछ दिनों पहले जान से मारने की धमकी दी थी। बादशाह ने ही शाहिद का अपहरण किया है। इस बीच छः मई की रात से बादशाह अपने पूरे परिवार के साथ घर छोड़कर फरार हो गया है। जिसके बाद से परिजन किसी अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। शाहिद की मां का रो रो कर बुरा हाल है।पुलिस शाहिद की तलाश में लगी हुई है। लेकिन पुलिस को अभी तक सफलता नहीं मिली है। तीन दिन बीत जाने के बाद भी शाहिद का कोई सुराग नहीं मिलने से ग्रामीण आक्रोशित हैं।

मुखिया की पहल पर गांव में लगाये जा रहे चापाकल

नवीन मेल संवाददाता

पांकी। पलामू जिले के पांकी प्रखंड के पकरिया पंचायत की मुखिया सुमन कुमारी एवं समाजसेवी मिंटी वर्मा की पहल पर पीएचडी विभाग से पंचायत के विभिन्न गांव में कुल 25 चापाकल लगाने का कार्य रविवार को शुरू किया गया। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि एवं समाजसेवी मिंटी वर्मा एवं पंचायत के वार्ड सदस्यों के द्वारा रविवार को बसरिया गांव में विधिवत रूप से भूमि पूजन के साथ बोरिंग का कार्य शुरू करवाया गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों को संबोधन में समाजसेवी सह मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि पंचायत के लोगों को विगत कई वर्षों से पेयजल को लेकर बेहद परेशानी हो रही थी। लोगों को भीषण गर्मी में पानी को लेकर काफी जद्दोजहद करनी पड़ती थी। जिसके बाद मुखिया ने पीएचडी विभाग के वरीय अधिकारियों से संपर्क कर एवं लिखित ज्ञापन सौंपकर पंचायत में कुल 25 चापाकल लगाने की मांग की थी। जिसके बाद विभाग ने उनकी अनुशंसा पर पंचायत क्षेत्र में 25 चापाकल लगवाने का कार्य शुरू करवाया। रविवार को बोरिंग का कार्य प्रारंभ होने के बाद पूरे पंचायत के ग्रामीणों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। वहीं ग्रामीणों ने पंचायत में पेयजल को लेकर मुखिया के द्वारा किए गए सराहनीय कार्य के प्रति आभार जताया है। मौके पर भूमि पूजन कार्यक्रम में समाजसेवी मिंटी वर्मा के अलावे राज किशोर सिंह वार्ड सदस्य मिथुन सिंह वितरण भूमिया हसीब अंसारी लाइक खान, रामसेवक पांडे दिनेश लाल यादव रामप्रवेश कुमार वर्मा इंद्रदेव राम सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

शादी का कार्ड देने गये युवक की ट्रेन से गिरकर मौत

हुसैनाबाद। अंकोरहा स्टेशन के समीप ट्रेन से गिरने से रविवार को एक युवक की मौत हो गई। युवक अपनी शादी का कार्ड देने अंकोरहा गया हुआ था। इसी माह 21 मई को युवक की शादी थीं। मृतक धनजंय यादव पिता विनोद यादव हैदरनगर के खरगाड़ा गांव का निवासी था। शनिवार को अंकोरहा स्टेशन के बगल में नरारी कला दादी के साथ शादी का कार्ड देने गया था। रविवार को सुबह शटल से घर आने के क्रम में अंकोरहा व सलैया स्टेशन के बीच सिमरा गांव के पास ट्रेन से गिरने से मौके मृत्यु हो गई। धनजंय की मौत से घर में चल रही शादी की खुशियों पर ग्रहण लग गया। परिवार के लोगों का रो - रोकर बुरा हाल है। इस सम्बंध में खरगड़ा गांव निवासी पूर्व मुखिया जितेंद्र पासवान ने कहा कि धनजंय यादव का 16 मई को तिलक व 21 मई को शादी थी। शादी का कार्ड देने वह अपनी दादी के साथ अंकोरहा स्टेशन के बगल में नरारी कला गया था। लौटने के क्रम में रविवार को शटल ट्रेन में काफी भीड़ होने के कारण धक्का मुक्की से वह सिमरा गांव के पास गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। युवक के सर पर गहरी चोट लगी है। उन्होंने कहा कि सटल ट्रेन में अत्यधिक भीड़ नहीं होती तो युवक की जान नहीं जाती।

एनसीपी के ढकचा व सलैया पंचायत कमेटी का गठन

हरिहरगंज। प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती ढकचा व सलैया गांव में रविवार को एनसीपी कार्यकताओं की बैठक आयोजित हुयी। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने की। बैठक में मुख्य रूप से एनसीपी के प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रसिद्ध नारायण सिंह को राकांपा का ढकचा पंचायत अध्यक्ष जबकि अक्षय कुमार सिंह को सलैया पंचायत अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने कहा कि दोनों मनोनीत पंचायत अध्यक्ष प्रसिद्ध नारायण सिंह तथा अक्षय कुमार सिंह अपने क्षेत्र के लोकप्रिय व्यक्ति हैं। इनके पंचायत अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी को क्षेत्र में नई पहचान और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर प्रखंड उपाध्यक्ष उदय कुमार सिंह, युवा प्रखंड अध्यक्ष गोलू सिंह, पूर्व मुखिया युगेश सिंह, योगेंद्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

खरीफ की उपज में काफी गिरावट दर्ज

मेदिनीनगर। मानसून सीजन-2022 में सुखाड़ के कारण पलामू जिले में खरीफ की उपज में काफी गिरावट दर्ज की गई है। सुखाड़ के कारण झारखंड सरकार ने पलामू जिले में कृषि वर्ष 2022-23 में मात्र 35 हजार क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य रखा था। हालांकि महज 273 किसानों ने मात्र 17 हजार 273 क्विंटल धान की बिक्री की। जिन किसानों के पास पटवन के स्थाई साधन उपलब्ध थे, केवल वे ही धान उपजा सके। धान बेच सकने वाले किसानों ने औसतन 65 क्विंटल धान बेचा है। पलामू जिले में धान की खरीदारी 15 दिसंबर 2022 से शुरू हुई थी। न्यूनतम समर्थन मूल्य(एमएसपी) पर धान खरीदने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल को समाप्त हो गई। जिला सहकारिता पदाधिकारी अश्विनी ओझा ने इसकी पुष्टि की। धान बेचने के लिए पलामू जिले में 14 हजार 124 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। परंतु विभिन्न प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) में 273 किसान ही धान की बिक्री किये। पलामू जिले में धान को खरीदने के लिए 30 पैक्स चिह्नित किये गये थे।

वार्षिक — **धार्मिक अनुष्ठान, भव्य भंडारे व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ**

तीन दिवसीय बराही वार्षिक उत्सव संपन्न

धाम के आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना की गई

लोगों ने भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण किया

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिला के विख्यात धार्मिक स्थल बराही धाम में शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव रविवार को धार्मिक अनुष्ठान, भव्य भंडारा व सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। रविवार की सुबह मंदिर परिसर से शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें भारी संख्या मे लोग शामिल हुए। जिसमें झारखंड के रामगढ़ से ताशा बैंड, दर्जनों घोड़े आकर्षण का केंद्र थे। शोभा यात्रा मे शामिल लोगों ने दंगवार मे पहुँचकर भारत वर्ष के महान संत श्री श्री 1008 त्रिदंडी स्वामी के पाद सेवक जगद्गुरु श्री सुंदरराज स्वामी जी महाराज जी का भव्य स्वागत किया। स्वागत के बाद शोभा यात्रा पुनः बराही धाम परिसर पहुंची। जहां धाम के आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर

हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी व श्रद्धालुओं ने भी पूजा अर्चना कर सुख शांति की कामना की। साथ ही लोगों ने भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण किया। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन औरंगाबाद सांसद सुशील सिंह, झारखंड धनबाद के समाजसेवी सत्य प्रकाश सिंह , पलामू जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस मौके पर शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष आरके सिंह ने उन्हें बराही धाम स्थित बजरंगबली की फोटो और अंग वस्त्र भेंट किया। मौके पर उन्होंने कहा की आने वाले समय मे बराही धाम की पहचान विश्व पटल पर होगी। इस कार्यक्रम में भोजपुरी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर लोगों मे जोश भर दिया। पुरा परिसर जय श्रीराम, जय हनुमान के जयघोष से गूंज रहा था। इस मौके पर पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह, अरबिंद कुमार सिंह, अशोक सिंह, कामेश्वर कुशवाह, कर्नल संजय सिंह, रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह, समाजसेवी कुश कुमार सिंह उर्फ मिंटू सिंह, सतेंद्र कुमार सिंह, धनंजय कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख राज कुमारी देवी,प्रिंस कुमार सिंह, बिहार झारखंड के मशहुर स्टेज ऐंकर रवि कुमार सिंह, टूनटुन सिंह, मुखिया सुदामा यादव, श्रवण राम, छोटू सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

NEWS इन ब्रीफ

मोर्चा ने याद किया टैगोर को

मेदिनीनगर। पलामू बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में रविन्द्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि टैगोर एक महान देश भक्त कवि कहानीकार चित्रकार के साथ ही साथ बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। उनका जन्म 7 मई 1869 ई0 को हुआ था। भारतीय संस्कृति के सर्वश्रेष्ठ रूप से पश्चिमि देशों का परिचय और पश्चिमि देशों कि संस्कृति से भारत का परिचय कराने में टैगोर की बड़ी भूमिका रही है। टैगोर ने राष्ट्रगान की रचना की। उनकी अमर कृति गीतांजलि, पोस्टमास्टर, मास्टर साहब, गोरा, घरे-बाहरे रविन्द्रनाथ टैगोर की अमर रचना है। मौके पर शिव नरायण साव, जयपाल मोची, श्याम पाठक, प्रदुमण तिवारी, संजीत कुमार, सन्नी पासवान, दीपक कुमार, प्रभात कुमार, विनय राम, रंजित कुमार, राणा पासवान, राकेश पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

हृदयगति रुकने से महिला की मौत

मेदिनीनगर। हरिहरगंज के दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित श्यामसुंदर वैद्य की छोटी पुत्रवधु करीब 37 वर्षीय फुलकुमारी देवी की हृदय गति रुकने से शुक्रवार की देर शाम मौत हो गई। वह रासबिहारी वैद्य उर्फ कारू की पत्नी थी । मृतका का अंतिम संस्कार शनिवार को किया गया। बताया जाता है कि वह शाम को घर में अचानक गिर पड़ी। जिसके बाद आनन फानन में उसे स्थानीय निजी क्लीनिक में ले जाया गया । जहां गंभीर हालात बताते हुए बेहतर चिकित्सा के लिए रेफर कर दिया गया। स्वजन इलाज के लिए औरंगाबाद ले जा रहे थे तभी रास्ते में ही उसकी मौत हो गई । घटना के बाद मृतका के दो पुत्रों सहित स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है । इस घटना पर शहर के कई लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक प्रकट करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष दिनेश प्रसाद, अशोक सिंह, संतोष प्रसाद, राजू सिंह, अरूण प्रसाद स्वर्णकार, ओमप्रकाश शौंडिक, राबर्ट गुप्ता, चंदन जायसवाल, राजेश निराला, अनुप कुमार, धीरज कुमार, दिलीप स्वर्णकार, बिट्टू कुमार सहित कई लोग शामिल हैं।

सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध व्यक्ति रांची रेफर

मेदनीनगर। लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नोडिया निवासी राजदेव मेहता सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार राजदेव मेहता उम्र करीब 60 वर्ष रविवार की सुबह अपने स्कूटी से सड़क पर निकले थे तभी तेज गति से आ रही बोलेरो वाहन जेएच 03 डी 1772 ने उन्हें धक्का मार दिया। जिसमें राजदेव मेहता गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद बोलेरो वाहन ड्राइवर के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।

अधिवक्ताओं ने पलामू उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष समलैंगिक विवाह का विषय विचाराधीन है। उक्त विषय पर शहर के अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने पलामू उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं ने मांग की है कि पारिवारिक और सामाजिक ताना बाना को बनाए रखने का आग्रह किया है। उपायुक्त से मिलने वाले अधिवक्ताओं में सुनील कुमार मिश्र, विनोद राम, सिकंदर दूबे, दीपक कुमार, गोरखनाथ पाण्डेय, पायल लाठ, नागेन्द्र नाथ पाण्डेय, विशाल कुमार, रमण रूद्रेश समेत अनेक शामिल थे।

लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान का स्वागत

मेदिनीनगर। नावा बाजार बस स्टैंड एनएच 98 मुख्य मार्ग पर रविवार को बिहार से बंशीधर नगर जाने के क्रम में बिहार के जमुई लोकसभा सांसद सह लोक जनशक्ति पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को नावा बाजार के कार्यकताओं द्वारा माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। चिराग पासवान युवाओं को उत्साहित कर बिहार की राजनीतिक सफर झारखंड तक पहुंचाने का लक्ष्य रखे हैं। मौके पर समाजसेवी इम्तियाज अंसारी, दीपक कुमार, जितेंद्र पासवान सहित कई लोग शामिल थे।

पलामू से आधे दाम में होगी चार धामों की यात्रा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर की टूर एंड ट्रैवल कंपनी घूमानेवाला डॉट कॉम की तरफ से एक बार फिर चार धाम की यात्रा कराई जा रही है। जिसमें यात्रा की लागत 14 हजाद रुपए है। जिसमे रहना, खाना पीना शामिल है। वातानुकूलित बस के द्वारा बनारस काशी विश्वनाथ मंदिर होते हुए हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ, सोनप्रयाग, बासुकी ताल झील, लक्ष्मी नारायण मंदिर, गौरी कुंड, भैरव नाथ मंदिर, रुद्र गुफा, इत्यादि

और भी कई दार्शनिक स्थानों के दर्शन करायेगी। वहीं वापसी में दिल्ली, आगरा , मथुरा , वृंदावन भी घुमायेगी। गाड़ी 14 मई दिन रविवार को स्थानीय शहर थाना रोड पलामू से खुलेगी। इस बार कंपनी अपने यात्रियों को एक बहुत ही सुनहरा ऑफर दे रही है। यात्रियों में सबसे बुजुर्ग दंपति को आधे दाम में यात्रा कराई जायेगी। वहीं नवविवाहित जोड़े को भी तीन हजार रुपए तक का छूट दिया जायेगा। रजिस्ट्रेशन चालू हो चुका है। यात्रियों को टिकट 12 मई तक ही दिया जायेगा। बताते चले की पिछले साल कंपनी की तरफ से देवघर की यात्रा कराई गई थी और इस बार फिर सावन के महीने में देवघर की यात्रा कराई जायेगी वो भी मात्र 21 सौ रुपए में होगी।

अंधविश्वास के खिलाफ पलामू पुलिस का प्रहार

पंचायत में नोडल ऑफिसर लोगों में फैलायेंगे जागरूकता

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। अंधविश्वास के खिलाफ पलामू पुलिस जागरूकता अभियान चलायेगी। इसके लिए प्रत्येक थानों को विभिन्न पंचायतों में बांटा जायेगा। सभी पंचायतों में एक नोडल पुलिस ऑफिसर नियुक्त किए जायेंगे। ये नोडल अधिकारी पंचायत प्रतिनिधि के साथ ग्रामीणों की बैठक करेंगे। इसके माध्यम से लोगों को अंधिवश्वास के खिलाफ जागरूक किया जायेगा। थाना प्रभारियों को अंधविश्वास की जड़ों समाप्त करने की बात कही गई। अंधविश्वास के बदलते स्वरूप को लेकर पुलिस और प्रशासनिक तंत्र भी गंभीर हो गई है। पलामू पुलिस ने अंधविश्वास के खिलाफ कई मोर्चों पर अभियान की शुरूआत की है। पुलिस ने पोस्टर वार की शुरूआत की है। सभी पंचायत और प्रमुख इलाकों में पोस्टर और बैनर के माध्यम से लोगों को अंधविश्वास के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। पलामू एसपी चंदन

कुमार सिन्हा ने बताया कि अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता के लिए एक रोड मैप तैयार किया गया है। पलामू के सभी पंचायतों में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर एक एक नोडल अधिकारी की तैनाती की जाएगी। नोडल अधिकारी ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे और पल-पल की रिपोर्ट सीनियर अधिकारियों को देंगे। एसपी एस.पी ने बताया कि पुलिस लोगों में जागरूकता लाने के लिए पोस्टर और बैनर भी लगाए जा रहे हैं। इस कारण यह प्रशासन की नजरों से कई बार बचे रह जाते हैं। वर्ष 2016-17 में पलामू पुलिस ने अंधविश्वास से जुड़े हुए मामले को लेकर एक सर्वे करवाया था। जिसमें पलामू के इलाके में 300 से भी अधिक झाड़-फूंक करने वाले सक्रिय पाए गए थे। पुलिस ने इन पर लगाम लगाने के लिए थानों में नोटिस भी जारी किया था। इसे लेकर पुलिस के साथ ग्रामीणों की कई बार झड़प भी हुई है। ग्रामीणों ने इस दौरान पुलिस पर हमला भी किया है। वहीं 2014-15 में ग्रामीणों ने छतरपुर के इलाके में आयोजन को रोकने पहुंची पुलिस से हथियार छीन लिया गया था। इस दौरान फायरिंग की घटना में एक ग्रामीण की मौत भी हुई थी। गौरतलब है कि दो मई को लातेहार में अंधविश्वास में एक दंपती की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। दरसल लातेहार में सरहुल के दिन में सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हुई थी। दोनों की मौत का जिम्मेदार दंपती को माना गया था। ग्रामीणों ने दंपती को भरी पंचायत में पीट-पीटकर हत्या दी थी। इस घटना के बाद पूरे राज्य में एक बार फिर से अंधविश्वास की घटना चर्चा में है। इसके बदलते स्वरूप को लेकर भी चिंताएं सामने आने लगी है।

प्लांटेशन में लगी आग, सैकड़ों हरे-भरे पौधे आग में झुलसे

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय स्थित शैख मुहल्ला के समिप प्लांटेशन में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बीती रात अलग-अलग चार जगह पर आग लगा दिया गया। जिसमें आग तेज रफ्तार से फैल गई और प्लांटेशन में लगे सैकड़ों हरे

भरे पौधे झुलस गए। मौके पर वार्ड सदस्य प्रतिशत बोस ने बताया कि शाम होते ही कुछ लोग प्रतिदिन नशा पान करने वाले व्यक्ति हमेशा गांजा पीने के लिए उक्त स्थल पर पहुंचते हैं और नशा की हालत में आग लगाने का अंजाम दिया गया है।जिससे प्लांट में लगे पौधे के साथ बांस भी जल गया है मौके पर शैख सज्जाद ,शैख शहीद, इरफान, चुन्नू, सरफराज, इम्तियाज सहित कई लोग पहुंचकर आग बुझाने मे मदद की।

जरूरतमंदों की उम्मीद बनती मिशन समृद्धि

मेदिनीनगर। मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित समृद्धि की रोटी अभियान निरंतर जारी है। स्थनीय लोगों के द्वारा जिनकी बदौलत रोटी अभियान कभी रुकता नहीं। शनिवार को संस्था के ओर से अंबेडकर पार्क के सामने दोना -पत्तल- दातून बेचने वालों और शनि मंदिर के पास भोजन का वितरण किया गया। संस्था भोजन देने वाले परिवारों का हमेशा आभारी रहती है।रोटी वितरण के कार्य मे बेबी पाण्डेय, श्वेता पाण्डेय ,बैजन्ती गुप्ता, वीणा गुप्ता रंजीता ,वंदना श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार और ऋषि कुमार का योगदान रह।

पंडवा के सरकारी विद्यालयों में परीक्षा शुरू

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पड़वा झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची द्वारा आयोजित राज्य के सरकारी विद्यालयों में योगात्मक मूल्यांकन (एस ए-टू) शनिवार से प्रारंभ हुआ। पंडवा के 55 विद्यालयों में एस ए-टू की परीक्षा आयोजित की गई। पंडवा में चार संकुल अवस्थित है जिनमें तीन संकुल लामीपतरा, छेछौरी व गाड़ी खास में कुल 43 विद्यालयों में 5244 नामांकित बच्चे में 4545 बच्चे शामिल हुए। बीईईओ बलराम पाठक ने बताया कि परीक्षा सभी विद्यालयों में शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त हो रही है। वर्ग एक व दो की परीक्षा मौखिक जबकि वर्ग तीन से सात

तक की परीक्षा ली जा रही है। परीक्षा 13 मई तक चलेगी। परीक्षा की मॉनिटरिंग संकुल स्तरीय की जा रही है। मौके पर शिक्षक अनिल कुमार सिन्हा, नंद कुमार महतो, अशोक कुमार पाठक, अजय पाठक, उपेंद्र राम, संजय कुमार पांडेय, राजू रंजन, अंजलि सेंगर,सुसील शर्मा, कन्हाई महतो, मनोज कुमार, सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक ग्राम डगरा में संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक ग्राम डगरा में हुई। इसकी अध्यक्षता राकेश सिंह ने की। सर्वप्रथम ग्रामीणों की जन समस्याओं से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने अवगत हुए। मौके पर वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह ने लाल झंडा के इतिहास से लोगों को अवगत कराया और उन्होंने कहा कि शोषण मुक्त समाज की स्थापना के लिए कम्युनिस्ट पार्टी का निर्माण हुआ है। ग्राम डगरा के आदिवासियों एवं दलितों की खतियानी भूमि से बेदखल करने का प्रयास पूर्व जमींदार परिवार के द्वारा किया जा रहा है। जिसके खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जन आंदोलन करेगी। आज देश में गरीबी और अमीरी की खाई इतनी बढ़ गई है कि देश के 75 पर्सेंट संपत्ति पर 10 पर्सेंट अमीरों का कब्जा हो गया है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चरमरा गई है। नौडीहा अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार एवं बिचौलियों का अड्डा बन गया है । बिना उसके कोई काम नहीं हो रहा है। उसी का उदाहरण है कि झारखंड में दो आईएएस पूर्व डीसी जेल के भीतर है। इन भ्रष्टाचारियों को सबक सिखाने के लिए कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्यता को बढ़ाकर आंदोलन को तेज करना होगा । तभी शोषण मुक्त भ्रष्टाचार मुक्त समाज का निर्माण संभव है। मौके पर 50 लोगों ने कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । मौके पर राजेंद्र बैठा, अभय कुमार भूइंया, श्रद्धानंद तिवारी, सिकंदर सिंह, कामेश्वर सिंह, लखन भुइंया, अवधेश सिंह, सत्येंद्र यादव, मंजू देवी, तेतरी कुंवर, सहित लोग उपस्थित थे।

आईआरबी टू जवान का शव तुर्कतलैया के बरामदे से बरामद

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। चैनपुर थाना क्षेत्र के पूर्वडीहा गांव निवासी सह आईआरबी टू के जवान 35 वर्षीय मनदीप कुमार दुबे का शव राजयकृत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय तुर्कतलैया के बरामदे से रविवार के सुबह में बरामद किया गया। चैनपुर थाना की पुलिस शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मेदिनीनगर पुलिस स्टेडियम में आईआरबी

जवान के शव को सलामी दी गयी। चैनपुर पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया में जवान की मौत बीमारी बतायी जा रही है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकता है। परिजनों ने बताया कि मनदीप झारखंड के गुमला जिला बानालात पिकेट में आरक्षी के पद पर कार्यरत था। दो दिन पूर्व घर आया था । शनिवार की सुबह में बाइक से कहीं गया था। फिर वापस नहीं आया। पत्नी मधुलता देवी ने चैनपुर थाना में आवेदन देते हुए बताया कि रविवार की सुबह में गांव के कुछ लोगों द्वारा जानकारी प्राप्त हुई कि गांव के समीप राजयकृत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय तुर्कतलैया के बरामदे पर मनदीप का शव पड़ा हुआ है। मामले की जांच पुलिस कर रही है।

टैगोर बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे: अरविंद

मेदिनीनगर। रवींद्रनाथ टैगोर बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे । वह एक कुशल कला मर्मज्ञ कवि लेखक चित्रकार संगीतकार एवं सच्चे देशभक्त थे। उक्त बातें स्थानीय पांकी रोड बारालोटा स्थित आरएन टैगोर पब्लिक स्कूल पब्लिक हाई स्कूल के प्राचार्य अरुण पांडे ने कही। वह रविंद्र नाथ टैगोर जयंती के मौके पर रविवार को स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि टैगोर जीवन उच्च विचार विचार के महापुरुष थे। इसी के कारण प्रत्येक हिंदुस्तानी के प्रिय थे। उन्होंने जालियांवाला बाग हत्याकांड से दुखी होकर सर की उपाधि लौटा दी थी। शिक्षा के क्षेत्र में रविंद्र नाथ टैगोर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है । मौके पर विद्यालय के बच्चों ने लेख और भाषण प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विद्यालय के प्राचार्य की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विनोद कुमार सिंह, मनोज चौबे, आरपी सिंह ,अशोक शर्मा, मुकेश कुमार, सचिन कुमार, कपिल कुमार डीके पांडे विवेक चौहान अमृता, सेजल, प्रिया, निष्ठा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन प्राचार्य ने धन्यवाद ज्ञापन करके किया।

पलामू के प्रखंड भी सुविधा युक्त : मेयर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने आनंद ऑटोबाइक्स के नए ब्रांच के रूप में शगुन ऑटोमोबाइल ,सगुना मोर, पाटन का उद्घाटन करते हुए कहा कि अब पलामू के प्रखंड भी सुविधा युक्त होते जा रहे हैं। जल्द हर प्रखंड में मोटरसाइकिल के अलावे बड़ी गाड़ियों का भी शोरूम खुलने लगेगा। पूर्व महापौर ने कहा गांव की क्रय शक्ति बढ़ी है, जहां लोग साइकिल का इस्तेमाल करते थे, आज वहां मोटरसाइकिल का इस्तेमाल होने लगा है। वह दिन भी दूर नहीं की बड़े शहरों की तर्ज पर बड़ी गाड़ियां भी प्रखंड में उपलब्ध होगी। महापौर ने बताया कि हीरो ब्रांड देश का सर्वाधिक लोकप्रिय एवं विश्वसनीय ब्रांड के साथ युवाओं की धड़कन है। यही कारण है कि गांव गांव में इसकी मांग बढ़ रही है। प्रखंड स्तर पर शोरूम और वर्कशॉप खुलने से गाड़ी की सर्विस कराने या खरीदने में लगने वाले समय की बचत के साथ शहर आने जाने से छुटकारा मिलेगा। तथा समय पर गाड़ियों की सर्विस होंगी। शगुन ऑटोमोबाइल के मालिक रवि रंजन पाठक एवं उनके परिवार को उन्होंने बधाई दी। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य मुक्तेश्वर पांडे, सगुना की मुखिया मंजू देवी, केलहार की मुखिया जैनुल सिद्दीकी, समाजसेवी रंजीत सिंह, जितेंद्र सिंह, एवं काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

उपेक्षा

सड़क दुर्घटना में हो रही मौत को सावधानी से रोकें : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पांकी विधायक डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौत पर कहा कि मुझे बहुत तकलीफ होती है जब किसी व्यक्ति को सड़क पर घायलावस्था में देखता हूं। तो मेरा मन विचलित हो जाता है। कई लोगों की खुशीयों को गम में बदलते देखा है। इन हादसों के बाद पीड़ितों के घरों का जो हृदय विदारक दृश्य होता है, वह शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। हम जब तक खुद जागरूक नहीं होंगे तब तक हमारी सुरक्षा और कोई नहीं कर सकता। खास कर युवा पीढ़ी से मेरा निवेदन है कि थोड़ी सी लापरवाही से जो दुख आपके अभिभावकों को होता है उसे वह जीवन भर आसुओं में डूबकर याद करते रहते हैं। मैंने आम आवाम से आग्रह भी किया कि बाइक चलाते वक्त हेलमेट जरूर पहनें और शराब पीकर गाड़ी बिल्कुल भी ना चलायें। चार पहिया वाहन में चलते वक्त सीट बेल्ट जरूर लगायें और ट्रैफिक नियम का पालन अवश्य करें। मोबाइल पर बहुत जरुरी बात करनी हो तो गाड़ी रोककर कर लें। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करें अपनी जिम्मेदारी को समझें, आपके परिवार को आपकी जरूरत है, आप उनकी उम्मीद हैं।

कौरव जलाशय क्षेत्र के लिए होगा वरदान साबित: अशोक

जनप्रतिनिधि ने मामले को किया नजरअंदाज

जलाशय निर्माण की पहल संयुक्त बिहार सरकार ने की थी

दीपक पांडे

विश्रामपुर। पलामू करीब 36 वर्षों से लगातार अकाल-सुखाड़ की मार झेल रहा है। विश्रामपुर के किसानों के लिए कौरव जलाशय योजना राहत नहीं महज टीस बनकर रह गयी है। उक्त बातें शिक्षा बिद सह समाजसेवी अशोक पांडे ने कही। उन्होंने बताया 36 वर्षों से किसान कौरव (लब्जी) जलाशय योजना के तहत बांध निर्माण की बाट जोह रहे हैं। बावजूद किसी जनप्रतिनिधि ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। नतीजतन बांध का निर्माण शुरू तक नहीं हो सका। जलसंकट के निदान को उक्त जलाशय निर्माण की पहल संयुक्त बिहार सरकार ने की थी। इसके तहत 22 मार्च 1987 को एकल बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. बिंदेश्वरी दुबे ने स्वंय हताई द्वारपार जंगल में पहुंच कौरव नदी पर बांध निर्माण का शिलान्यास किया था।

बावजूद यह योजना आज तक धरातल पर नहीं उतरी। हर बार चुनाव में कौरव जलाशय योजना मुद्दा बनता रहा है, लेकिन चुनाव खत्म होते ही बात खत्म हो जाती है। 36 वर्ष से क्षेत्र की जनता बांध निर्माण की बाट जोह रही है। झारखंड अलग राज्य निर्माण के बाद भी किसी सरकार ने जलाशय निर्माण के प्रति सक्रियता नहीं दिखाई है। सभी फाइलें अधिकारियों के टेबल की शोभा बनकर रह गई। एक बार फिर स्थानीय विधायक पूर्व मंत्री रहे रामचंद्र चंद्रवंशी व पलामू के सांसद वीडी राम से उम्मीद बढ़ गई थी। वर्षों से इसके लिए संघर्षरत लोगों का कहना है कि जलाशय निर्माण के प्रति पूर्व के किसी भी मंत्री व सांसदों ने कोई सक्रियता नहीं दिखाई। यह बन जाता तो क्षेत्र के लिए वरदान साबित होता। यह जलाशय जिला के दो प्रखंडों नावाबाजार व विश्रामपुर के मध्य से गुजरती है। इससे क्षेत्र की हजारों एकड़ बंजर भूमी सिंचित होगी। 36 वर्षों से लगातार मांग किए जाने के बावजूद अभी तक सरकार दो कदम नहीं चल सकी है। इसके लिए कई बार सड़क जाम व प्रदर्शन भी किया जा चुका है। बावजूद परिणाम शून्य है। आज भी लोग पलामू संसद और स्थानीय विधायक से आस लगाए बैठे हैं। इस जलाशय योजना का निर्माण हो जाने से प्रखंड के अनेकों पंचायत के किसान कृषि क्षेत्र समृद्ध बन जाएंगे । रोजी-रोटी की तलाश में दूसरे राज्य जाना नहीं पड़ेगा।

इस योजना से लाभान्वित होने वाले गांव

विश्रामपुर प्रखंड के चेचरिया, ब्रहमोरिया, भंडार, बरिगांवा, अमवा, सेमरी, अटरिया, गुरी, नौगड़ा, नौडीहा, बसना, दमारो, झरहा, टोना, पिपरा, कधवन, सेवरा, जरका,लालगढ़, पंजरी, लादी, रबदा, बैरिया आदि सहित दो दर्जन से अधिक गांव सिंचित होगें। इससे किसानों को अकाल-सुखाड़ से निजात मिल जायेगा।

प्रखंड के बहियार खूर्द गांव में एनएच- 75 के किनारे बाबा चौहरमल व स्व.रामविलास पासवान की प्रतिमा का अनावरण किया गया

रामविलास पासवान का पलामू की धरती से काफी लगाव रहा : चिराग

नवीन मेल संवाददाता। रमना
प्रखंड के बहियार खूर्द गांव में एनएच- 75 सड़क के किनारे रविवार को वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति की ओर से बाबा चौहरमल की प्रतिमा स्थापना एवं पद्मभूषण लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक स्व.रामविलास पासवान की प्रतिमा का अनावरण किया गया। प्रतिमा का अनावरण जमुई के सांसद व लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने किया।

मौके पर जमुई सांसद सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष सांसद चिराग पासवान ने कहा कि पिता स्व. रामविलास पासवान का पलामू की धरती से काफी लगाव रहा है। उन्होंने कहा कि अपने राजनीतिक में कई उतार-चढ़ाव के बाद भी अपने संघर्ष की बदौलत अपने कार्यकाल में अपने ऊपर एक भी दाग नहीं लगने दिया और उन्होंने कई चीजों की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि केंद्रीय संचार मंत्री के समय उन्होंने मोबाइल की शुरुआत की और आज उनका सपना था कि हर घर में मोबाइल हो जो आज साकार होता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि कई लोग मेरे पिता और हमारे राजनीतिक कैरियर को खत्म करने का प्रयास किया लेकिन लोगों के प्यार और आशीर्वाद के कारण कोई भी कुछ नहीं कर पाया। उन्होंने कहा कि नेताजी स्व. रामविलास पासवान नेता ही नहीं एक विचार थे वे समाज, देश और राज्य के विकास के प्रति काफी गंभीर चाहते थे। उनका पलामू की धरती से काफी लगाव रहा है। वह हमेशा से ही एकता और भाईचारे का संदेश देते रहे हैं लेकिन कुछ लोग ऐसे हैं कि समाज को बांटने के लिए दिन रात लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा संसद भवन में वर्षों तक नहीं लगा लेकिन नेता स्व. रामविलास पासवान ने अपने अथक प्रयास से संसद भवन में आंबेडकर की प्रतिमा लगाने का काम किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की नजर लोक जनशक्ति पार्टी के राजनीतिक कैरियर को खत्म करने की ओर पड़ी थी। पहले परिवार को तोड़ने का प्रयास किया गया। उसके बाद पार्टी को ही तोड़ दिया गया लेकिन जनता के अपार समर्थन के कारण आज भी उसी ताकत के साथ हम खड़े हैं और मुझे उम्मीद है कि हम अपने पिता के विचारों को आप तक लेकर आएंगे और उनके विचारों के माध्यम से आप का समर्थन प्राप्त होगा।

रामविलास व्यक्ति नहीं, विचार थे : मिथिलेश

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि स्वर्गीय रामविलास पासवान व्यक्ति नहीं, विचार थे। वह हमेशा से ही समाज को एक मार्ग दर्शक के रूप में काम किया। बिना भेदभाव ऊंच-नीच के सभी वर्गों को एक साथ लेकर विकास की राह में हमेशा उनकी सोच होती थी। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय रामविलास पासवान का एक ही सपना था कि हर एक के घर में चिराग जले और वे इस प्रयास में सफल भी हुए अपने समाज को आगे ले जाना चाहते थे समाज के लोगों को हमेशा से जागरूक किया करते थे मौके पर लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान विश्व अत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, समिति के अध्यक्ष चंदन पासवान, रामजी पासवान, रामचंद्र पासवान, मिथिलेश पासवान, जेएमएम जिला अध्यक्ष तनवीर आलम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

श्री बंशीधर नगर में इंटर कॉलेज भवन का उद्घाटन व डिग्री कॉलेज के भवन का हुआ शिलान्यास

शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा है प्रदेश : कुलपति

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर
नगर पंचायत क्षेत्र के अधौरा ग्राम स्थित ठाकुर दयाल देव माणिक राज इंटर महाविद्यालय भवन का उद्घाटन, प्रतिमा का अनावरण तथा शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज के भवन का शिलान्यास रविवार को मुख्य अतिथि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय पलामू के कुलपति प्रो. डॉ रामलखन सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय पलामू के कुल सचिव राकेश कुमार सिंह, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम व विधायक भानु प्रताप शाही द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं ने अतिथियों के स्वागत में गीत प्रस्तुत किया।

समारोह को संबोधित करते कुलपति प्रो. डॉ राम लखन सिंह ने कहा कि झारखंड प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा है। राज्य में डिग्री कॉलेजो की संख्या कम है। शिक्षकों की संख्या भी कम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की स्थिति में सुधार के लिये अधिक से अधिक डिग्री कॉलेज व विश्वविद्यालय खोले जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों में शिक्षक छात्र का अनुपात सही होना चाहिये। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में डिग्री कॉलेज खोला जाना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यह डिग्री कॉलेज नही बल्कि भविष्य के लिये विश्वविद्यालय की नींव है। उन्होंने कहा कि जो लोग भी शैक्षणिक संस्थाएं खोलते हैं, उनमें सामाजिक सेवा का भाव होना चाहिये। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय के लिये जो भी कार्य होगा उनके स्तर से उसमे विलंब नहीं होगा। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में उच्च शिक्षा को कैसे बढ़ाया जाय, इस सोच के साथ शारदा महेश प्रताप देव ने ठाकुर दयाल देव माणिक राज इंटर कॉलेज खोला था। आज यह इंटर महाविद्यालय का भवन भव्य रूप में खड़ा है। उन्होंने इसके लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इसी सत्र से इस डिग्री महाविद्यालय में पढ़ाई शुरू हो जायेगी। उन्होंने कहा कि पूरे पलामू प्रमंडल में किसी भी इंटर महाविद्यालय का इतना भव्य भवन नहीं है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के लिये जो कुछ संभव होगा मदद मिलेगी।

सत्र न्यायाधीश बोले, शिक्षा समाज की नींव

जिला सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह ने कहा कि शिक्षा समाज की नींव है। आज हर व्यक्ति अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाना चाहता है। उन्होंने कहा कि यह डिग्री कॉलेज भी इंटर कॉलेज की तरह फलेगा-फूलेगा। इस महाविद्यालय में उत्कृष्ट शिक्षा दी जा रही है तभी लोग आकृष्ट हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका का कार्य सिर्फ न्यायालय में ही नहीं है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका आज समाज में भी सशक्त है। समाज का हर अंग मिलजुल कर कार्य कर रहा है।

शिक्षा के लिए लोग भी आगे आएं : सांसद

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि आज एक ऐसे महाविद्यालय की नींव रखी जा रही है, जिसकी सख्त जरूरत थी। उन्होंने कहा कि अलखनाथ पांडेय ने शिक्षा के क्षेत्र में जिले को एक अलग पहचान दिलाया है लेकिन देव ने उससे बढ़कर इस क्षेत्र को पहचान दिलाने का कार्य किया है। सरकार को भी इस दिशा में अधिक प्रयास करने की जरूरत है। शिक्षा के विकास के लिये सरकार के साथ अन्य लोग भी आगे आये तभी इस क्षेत्र का विकास होगा। वहीं विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि शारदा महेश प्रताप देव ने इस महाविद्यालय को खोलकर मान सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक शिक्षा के लिये जो कर सकता है, उतना कोई भी नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि देव ने शिक्षा के क्षेत्र में बरगद का पेड़ लगाने का काम किया है। इस कार्य के लिये इस क्षेत्र की जनता आपको हमेशा याद रखेगी। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय के लिये हमें जो भी जिम्मेवारी मिलेगी उसे पूरा करेंगे।

सेवा भाव के बिना राजनीति बेमतलब

महाविद्यालय के सचिव व संस्थापक शारदा महेश प्रताप देव ने कहा कि सेवा भाव से अलग कोई राजनीति होती है तो उससे किसी का भला होने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस बड़ी सेवा की कल्पना कर इस क्षेत्र में आया था, नहीं कर सका उसका अफसोस हुआ, लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में आज भी कार्य कर रहा हूं। आज इंटर महाविद्यालय अपने पैरों पर खड़ा है। इसके बाद डिग्री महाविद्यालय के लिये प्रयास किया, जिसके लिये भवन जरूरी है। आज भवन का शिलान्यास हुआ। उन्होंने इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम के बीच-बीच में कॉलेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

मौके पर शिवधारी राम, अशोक सिंह, विजय सिंह, रविंद्र प्रताप देव, प्रशांत सहाय, रघुराज पांडेय, कमलेश्वर पांडेय, रामानंद पांडेय, विकास पांडेय, प्रो. महमूद आलम, प्रो. कमलेश कुमार, कुमार कनिष्क, विकास पांडेय, मुकेश चौबे सहित बड़ी संख्या में गण्य मान्य लोग, महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य धनन्जय कुमार सिंह ने किया।

लातेहार संक्षिप्त

कोयला तस्करी के दो आरोपी गिरफ्तार

बालूमाथ। थाना पुलिस ने कोयला तस्करी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लातेहार कारा भेज दिया है। बालूमाथ थाना प्रभारी प्रसांत प्रसाद ने बताया कि आरोपी दिवाकर यादव, पिता दसई यादव, ग्राम मुन्नाटोली, थाना बुढ़मू, जिला रांची व रोहित यादव उर्फ मुकेश यादव, पिता लक्ष्मण यादव, ग्राम पंडरिया भगिया, थाना बालूमाथ को विशेष छापामारी अभियान चलाकर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त अवैध कोयला उत्खनन कर चोरी छुपे परिवहन करने के आरोप में पिछले तीन साल से फरार थे। छापेमारी अभियान में बालूमाथ थाना के एसआई कासिमुद्दीन अहमद के अलावा थाना पुलिस के कई जवान शामिल रहे।

जायरीनों का प्रशिक्षण व टीकाकरण 13 को

बालूमाथ। लातेहार जिले के हज में जाने वाले 23 जायरीनों के लिए प्रथम प्रशिक्षण व टीकाकरण दोनों एक साथ 13 मई को किया जाएगा। मौलाना जियाउल्लाह ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। इस वर्ष जिले के विभिन्न प्रखंडों से मिलाकर कुल 23 लोग हज के सफर पर जाएंगे। प्रशिक्षक के लिए काजी मुफ़्ती नजर तौहीद, काजी उजैर काशमी एवं मौलाना जियाउल्लाह के द्वारा प्रशिक्षण संपन्न कराया जाएगा। वहीं प्रशिक्षण में आए लोगों की खिदमतगार व्यवस्था के रूप में हाजी उमर अली एवं मौलाना जियाउल्लाह रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण व टीकाकरण की तैयारी चल रही है।

155 मरीजों का निःशुल्क किया गया उपचार

बरवाडीह। स्वयंसेवी संस्था सेसा की ओर से बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत सुदूर ग्राम मोरवई कला पंचायत सचिवालय में रविवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मोरवाई पंचायत के मुखिया आशीष सिंह व अन्य अतिथियों ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेसा के महासचिव डॉ कौशिक मल्लिक ने की। धन्यवाद ज्ञापन कार्यपालक निदेशक डॉ. जसवीर बग्गा ने किया। शिविर में मोरवाई पंचायत के ग्राम मोरवाई, बढनिया, सैदूप एवं केतारकला एवम आसपास के ग्रामीणों का इलाज किया गया। शिविर में डॉ. संतोष सुमन, डॉ. सोनल मिश्रा व डॉ. आकृति ने लगभग 155 मरीजों की जांच जांच कर दवा दी। कार्यक्रम के सफल संचालन में अजय कुमार, ज्योति टोप्पो, शशांक शेखर पांडेय, शशि भूषण, सुभाष कुमार, निरल टोप्पो, कृष्णा राम, अख्तर, धर्मेंद्र, सृष्टि आदि का सहयोग रहा।

हनुमत प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकाली कलशयात्रा

बारियातु। प्रखंड के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम बानालात स्थित शिव मंदिर परिसर में श्री श्री 1008 श्री रूद्र महायज्ञ सह शिव परिवार एवं सात दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को कलश यात्रा निकाली गई। मुख्य जजमान ओमप्रकाश सिंह पत्नी मिना देवी, अशोक सिंह पत्नी नूतन देवी, राजकुमार सिंह पत्नी सावित्री देवी, लखन सिंह पत्नी रतन देवी, जयप्रकाश सिंह पत्नी सुनिता देवी,सिबदेव सिंह पत्नी ललीता देवी, सुबोध सिंह पत्नी ममता देवी, कृष्ण बल्ब सिंह पत्नी रूकमणी देवी, बैजनाथ सिंह पत्नी अनिता देवी के अलावा कई लोगों ने मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ कलश उठाकर सतबहनी नदी तट पर पहुंची जहां वाराणसी के यज्ञाचार्य श्यामसुंदर उपाध्याय ने कलश में पवित्र जल भरवाया। कलश यात्रा पुनः यज्ञ पंडप पहुंची जहां मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापित की गई। कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि चतरा के पुर्व विधायक जनार्दन पासवान, सिमरया के पूर्व जिला परिषद सदस्य जयप्रकाश सिंह, बारियातु मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह शामिल रहे। यज्ञ के दौरान प्रति दिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन रात्रि आठ बजे से प्रवचन किया जायेगा।

चिनिया पुलिस ने बालू लोड ट्रैक्टर को किया जब्त

चिनिया। प्रतिनिधि चिनिया चिनिया थाना मुख्यालय चिनिया मे शनिवार की रात्रि में रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार, चिनिया थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार तथा पुलिस बल ने संयुक्त छापामारी अभियान चलाकर चिनिया थाना मुख्यालय स्थित चिनिया के शंभु गुप्ता के ट्रैक्टर से कन्हर नदी से चिनिया लाए गए बालू को जब्त कर चिनिया थाना परिसर लाया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि कनहर नदी से अवैध बालू का ढुलाई किए जाने का जानकारी मिलने पर कार्रवाई

करते हुए ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में बालू का अवैध धंधा करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मेराल पुलिस ने आर्म्स एक्ट में एक को किया गिरफ्तार

मेराल। पुलिस द्वारा रविवार को आर्म्स एक्ट के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार के अनुसार थाना क्षेत्र के बसरिया गांव निवासी गौतम कुमार उर्फ गौतम भारती पिता राम व्यास राम के विरूध मेराल थाना में आर्म्स एक्ट सहित भादवी की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज है। इस अभियुक्त पर पंचायत चुनाव के दौरान पोलिंग बूथ पर सुरक्षा कर्मी के साथ मारपीट एवं हथियार लूटने का आरोप है।

पूर्व विधायक बोले — शाही को नहीं पच रही महोत्सव की सफलता

विधायक को 2024 में मिलेगा जवाब

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर
विधायक भानु प्रताप शाही राजकीय बंशीधर महोत्सव के सफल आयोजन को नही पचा पा रहे हैं। उन्होने अपने आपको भगवान श्रीकृष्ण से अलग किया है। भगवान श्रीकृष्ण का सुदर्शन चक्र विधायक शाही पर चलेगा और 2024 में उनको सटीक जवाब मिलेगा। उक्त बातें पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने रविवार को अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कहीं।

देव ने कहा कि राज्य के आंदोलनकारी नेता रहे और झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री दिवंगत जगरनाथ महतो की मौत होने के बाद राजकीय शोक होने के कारण महोत्सव की पहली तिथि को स्थगित किया गया था। वहीं

राजकीय शोक समाप्त होने के बाद सीएम हेमंत सोरेन, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने तत्काल महोत्सव की दूसरी तिथि निर्धारित करने के बाद बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया है। इसके बाद दो दिनी राजकीय महोत्सव में लोगों की इतनी भीड़ उमड़ी की पैर रखने के लिए जगह नहीं थी। पूर्व विधायक ने कहा कि इस राजकीय महोत्सव में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के अलावा पूरे पलामू प्रमंडल से लोग भाग लेने पहुंचे थे। पूर्व विधायक ने कहा कि विधायक शाही अब अपना मानसिक संतुलन खो दिया है। उन्हें अब सीर्फ समाज में धर्म, वर्ग विशेष की नफरत वाली राजनीति करने बीड़ा उठा लिया है।

पूर्व विधायक ने कहा कि शाही जब नवजवान संघर्ष मोर्चा में थे तब वह खुद एक धर्म संप्रदाय के आयोजन में मुस्लिम टोपी पहनकर इफ्तार का पार्टी दे रहे थे। देव ने कहा कि भानु प्रताप शाही पर कई मामले दर्ज हैं। विधायक शाही अब सिर्फ हिंदू तुष्टीकरण और ध्रुवीकरण कर रहे हैं। वे समाज में नफरत की राजनीति को बढ़ावा देने और समाज को धर्म जाति के नाम पर तोड़ने के लिए बयानबाजी कर रहे हैं। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, बंगाली सिंह, संजय पांडेय, अजय प्रसाद मुखिया आदि लोग मौजूद थे।

मरीजों के बीच ब्रेड व बिस्किट का वितरण

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर
श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा गोसाईबाग (नगरउंटारी) द्वारा रविवार को 19 सूत्री कार्यक्रम के तहत अनुमंडलीय अस्पताल, कुपोषण उपचार केंद्र, सिटी हॉस्पिटल, गुलाब हॉस्पिटल व डॉ सिद्धनाथ प्रसाद की क्लीनिक में पहुंचकर मरीजों के बीच ब्रेड व बिस्किट, बेना पंखा का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री सर्वेश्वरी समूह के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि हम लोगों के द्वारा लगातार गरीब असहाय जरूरतमंद लोगों के बीच मेडिकल कैंप लगाकर दवा का वितरण एवं लोगों के बीच वस्त्र का भी वितरण किया जाता है। मौके पर डॉ कुतबुद्दीन अंसारी, डॉ संतोष कुमार, संजीव कुमार, नागेंद्र प्रसाद, मनोज प्रताप देव, परमानंद कुमार, राजेंद्र यादव, नवनीत कुमार, पप्पू कुमार, अनिल कुमार, धर्मेश कुमार, शशि कुमार आदि मौजूद थे।

परिजनों व ग्रामीणों ने युवक के शरीर पर जले के निशान पाकर हत्या का मामला दर्ज कराया

बलराम स्टोन माइंस से बरामद युवक के शव का दोबारा पोस्टमार्टम

नवीन मेल संवाददाता। बारियातु

थाना क्षेत्र के पिपराडीह ग्राम स्थित बलराम स्टोन माइंस की दो सौ फीट गहराई में रेंची ग्राम निवासी बालदेव गंझु के नवविवाहित पुत्र अजय गंझू के शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराया। शनिवार को पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों को सौपा था। शव जला देखकर परिजनों व ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग की। पूर्व विधायक प्रकाश राम की पहल पर पुलिस ने शव का दोबारा पोस्मार्टम कराया। मृतक के भाई सुरेश गंझु व ग्रामीणों ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे शव को देखा तो तो दोनों जांघ, दोनों बांहें व छाती सहित शरीर के कई हिस्से जले हुए थे। इससे साफ पता चलता है कि युवकी हत्या की गई है और इसे छुपाने का प्रयास किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार शनिवार शाम को परिजन और ग्रामीण घटना की सभी बिंदुओं पर लिखित आवेदन देने थाना गये तो आवेदन बदलने का दबाव बनाया गया। इसकी सूचना पूर्व विधायक प्रकाश राम को दी गई। राम रविवार सुबह पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पूरे मामलों जानकारी प्राप्त की। वहीं लातेहार शिविल सर्जन दिनेश कुमार व बारियातु थाना प्रभारी मुकेश चौधरी से बात कर बेहतर ढंग से पोस्टमार्टम कर बिसरा फॉरेंसिक जांच करवाने की मांग की ताकि मौत का कारण स्पष्ट हो सके। थानेदार ने पीड़ित परिवार से आवेदन लेकर शवको दोबारा पोस्मार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। वहीं थानेदार मुकेश चौधरी ने बताया कि परिजन और ग्रामीणों की मांग के आधार पर शव दोबारा पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। आवेदन बदलवाने के संबंध में बताया कि आवेदन एक व्यक्ति के नाम देना चाहिए था, लेकिन उस पर कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर थे इसलिए सुधार कर आवेदन मांग मांगा था। प्राप्त आवेदन के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

थाना प्रभारी की विश्वसनीसता पर सवाल

पूर्व विधायक राम ने कहा कि गरीब व्यक्ति को इंसाफ मिले और दोषियों पर कार्रवाई हो इसके लिए पीड़ित परिवार के साथ हूं। ईधर, खरवार भोगता विकास संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनाथ सिंह भोगता ने कहा कि बारियातु थाना बनने से गरीब को इंसाफ मिलने की उम्मीद जगी थी, परंतु क्षेत्र में पहली बार किसी का दोबारा पोस्टमार्टम करने की नौबत आई है। इससे बारियातु थाना प्रभारी की विश्वासनियता पर सवाल खड़ा हो गया है। उच्च अधिकारी से मांग करते हैं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई हो। वहीं, भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने भी सरकार से मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। भीम आर्मी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता देवी ने परिजनों से मिलकर कर कहा कि अजयघर में कमाऊ सदस्य था। घर में एक भाई व बहन निशक्त हैं। इस पीड़ित परिवार को सरकार गोद ले।

फिडर से गांव तक बिजली के 70 पोल से तार गायब

नवीन मेल संवाददाता। कुंदा

जिले के अति उग्रवाद प्रभावीत कुंदा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कुटिल फिडर में पोटम संबोट से बाघमारी तक लगभग 70 पोल से अज्ञात चोरों ने बिजली तार की चोरी कर ली है। इसके कारण लगभग आधा दर्जन गांव में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बिजली विभाग व थाने को दे दी है। ग्रामीण राजकुमार रजक, अरुण पासवान, राजेश यादव, नागेंद्र पासवान, सुरेंद्र यादव, प्रदीप रजक, नंदकिशोर गंझू, गिरेंद्र यादव, बालिंद्र गंझू, नेवल गंझू, प्रयाग गंझू, मनीष यादव आदि ने बताया कि रात के अंधेरे में चोरों ने उस वक्त बिजली तार चोरी की जब तार में करंट

प्रवाहित होता है। वहीं मरगड्डा मुखिया उपेंद्र पासवान ने बताया कि इतने पोल से बिजली तार की चोरी होना बहुत बड़ी बात है। बिजली विभाग गांव में बिजली व्यवस्था जल्द बहाल करने के साथ उच्च स्तरीय जांच करवाए। अज्ञात शातिर चोरों ने कुंदा प्रखंड क्षेत्र में अन्य कई स्थानों पर भी बिजली तार चोरी करने की घटना को अंजाम पूर्व में दे चुके हैं।

NEWS इन ब्रीफ

मुखिया ने सीएससी का उद्घाटन किया

इटखोरी(चतरा)। जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत पितीज स्थित बंगला चौक के समीप रविवार को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन संयुक्त रूप से मुखिया रामदेव यादव व पूर्व विधायक प्रतिनिधि विजय दांगी ने किया। इसके पूर्व कैलाश पांडेय द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करवाई गई। प्रतिनिधियों ने कहा कि सेंटर के माध्यम से सभी प्रकार की सुविधा लोगों को मिल सकेगी। वहीं संचालक पवन यादव ने बताया कि यंहा पैन कार्ड, डाईविंग लाइसेंस, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, रेलवे टिकट, हवाई टिकट, बिजली बिल, मोबाइला रिचार्ज, फोटो कॉपी, लेमिनेशन, लाइफ इंश्योरेंस, पेमेंट ट्रांसफर, प्रिंट आउट आदि के कार्य होंगे। कार्यक्रम में मुखिया व पूर्व विधायक प्रतिनिधि के साथ इंद्रदेव साव, घनश्याम यादव, बिरेंद्र यादव, परमेश्वर दांगी, कोमी यादव आदि उपस्थित थे।

रेल प्रशासन की उदासीनता के कारण बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव

9 दशक पुराना रेलवे क्लब उपेक्षा का शिकार

संजय कुमार। बरवाडीह

धनबाद रेल मंडल का सबसे प्रमुख रेलवे स्टेशन माने जाने वाली बरवाडीह जंक्शन के रेलवे क्षेत्र का मशहूर रेलवे क्लब अपनी स्थापना के 9 दशक बाद भी रेल प्रशासन की उपेक्षा का दंश झेल रहा है। रेल कर्मचारियों की गुहार के बावजूद भी रेलवे क्लब में कई बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है।

ब्रिटिश काल में बरवाडीह स्टेशन की स्थापना होने के बाद ही वर्ष 1932 में रेल कर्मचारियों के लिए रेलवे क्लब मनोरंजन गृह का शुभारंभ किया गया था। बरवाडीह रेलवे क्लब धनबाद रेल मंडल में विशाल खेल मैदान, मनोरंजन गृह, सामुदायिक भवन के लिए पूरे धनबाद डिवीजन में अपनी पहचान रखता था, लेकिन वर्तमान में रेल क्लब सामुदायिक भवन में लोगों को बैठने की सुविधाएं नगण्य हैं। वहीं पेयजल, शौचालय, किचन, पंखा का अभाव है। वर्ष 1993 में बना नया सामुदायिक भवन पूरी तरह जर्जर अवस्था में है। बरसात के दिनों में कई जगह पर छत चुने से लोगों को दिक्कत होती है। 30 वर्ष पुराने बने कई नए समुदायिक भवन मरम्मत के अभाव में काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच गया। इसके अलावा विशाल खेल मैदान में स्टेडियम का निर्माण होने से लोगों को काफी सुविधा होती लेकिन स्टेडियम की बात तो दूर पूरे खेल मैदान में खेलकूद

ब्रिटिश काल में बरवाडीह स्टेशन की स्थापना होने के बाद ही वर्ष 1932 में रेलवे कर्मचारियों के लिए बनाया गया था क्लब

करने वाले एवं मॉर्निंग वॉक करने वाले सभी वर्ग के लोगों को बैठने के लिए किसी तरह की सुविधा नहीं है। देखरेख के अभाव में धनबाद मंडल का सबसे बड़ा खेल मैदान अपना अस्तित्व खोते जा रहा है। पूर्व में जहां मंडल स्तरीय खेलकूद संस्कृति कार्यक्रम व अन्य कार्यक्रम के आयोजन होते थे, वहीं वर्तमान में प्रखंड स्तरीय 15 अगस्त एवं 26 जनवरी को खेलकूद तक सिमट कर रह गया है। रेलवे को करोड़ों का राजस्व देने में बरवाडीह रेल कर्मियों का अग्रिम और अहम योगदान प्रत्येक वर्ष रहता है, परंतु धनबाद रेल मंडल के गिने-चुने रेलवे क्लब में से एक बरवाडीह रेलवे क्लब में सुविधाओं के नाम पर कोई विशेष आवंटन और सुविधा नहीं दी जा रही है। रेल यूनियन, स्थानीय जनप्रतिनिधि के माध्यम से कई बार रेलवे के वरीय अधिकारियों को पत्रचार कर रेलवे क्लब में खेलकूद के संसाधन बढ़ाने के साथ क्लब की हॉल को साउंडप्रूफ बनाने की मांग की गई थी, परंतु इस पर कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया। इसके कारण दिन प्रतिदिन रेलवे क्लब का हॉल और मैदान की स्थिति बदतर होते जा रही है।

क्या कहते हैं रेलकर्मी

रेलवे क्लब के सदस्य रेल कर्मी वासुदेव डे ने कहा कि रेल प्रशासन द्वारा रेलवे क्लब के आधुनिकीकरण करने पर ध्यान देने की जरूरत है, जिससे धनबाद मंडल की इस धरोहर को बचाया जा सके। उन्होंने रेल अधिकारियों से क्लब के विकास हेतु आवंटन की मांग की। सेवानिवृत्त रेल चालक एवं रेलवे क्लब के पूर्व सचिव आर एन चौधरी ने कहां कि रेलवे क्लब को आवंटन उपलब्ध कराते हुए जीर्णोद्धार करते हुए आधुनिक स्टेडियम एवं साउंडप्रूफ हॉल निर्माण की जरूरत है। उन्होंने अपने कार्यकाल में कई बार आवंटन की मांग की लेकिन किसी तरह का आवंटन नहीं मिलने से स्थिति खराब होती जा रही है।

क्या कहते हैं क्लब सचिव

वहीं रेलवे क्लब के सचिव रंजीत सिंह राणा ने कहा कि रेलवे क्लब का संचालन करने के साथ-साथ प्राप्त राजस्व से जितना हो सकता है बेहतर करने का प्रयास किया जाता है। साथ ही रेलवे क्लब में सुविधा बेहतर हो इसको लेकर भी समय-समय पर वरीय अधिकारियों को अवगत कराया जाता रहा है।

विभाग की मनमानी के कारण 20 दिन से अंधेरे में रह रहे 65 परिवार

महुआडांड़। प्रखंड की परहाटोली पंचायत के ग्राम शाहपुर व उदालखाड़ में लगभग 65 परिवार बिजली विभाग की मनमानी से 20 दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। 20 दिन पहले सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे को अज्ञात वाहन द्वारा धक्के मार कर गिरा दिया गया था। इस पर ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण कार्य बाधित कर दिया गया था।

कुडो मोड़ से लेकर बांसकरचा मोड़ तक करोड़ों की लागत से सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। कंपनी द्वारा सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे को हटा कर दूसरी जगह लगाने का काम किया जा रहा है। इस क्रम में आरोप है कि बिजली के जेई सह एसडीओ दुर्गा सिंह द्वारा कंपनी से खंभे हटाने के नाम पर एक लाख की वसूली की जा चुकी है। वहीं ग्राम शाहपुर में सड़क के आर-पार तार जोड़ने के नाम पर कंपनी से 40 हजार की मांग की है। परहाटोली पंचायत की मुखिया रीता खलखो ने बताया कि बार-बार बिजली विभाग के जेई द्वारा कंपनी के खिलाफ आवेदन मांगा जा रहा कि सड़क निर्माण से बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है, जबकि हकीकत में ऐसा नहीं है। जेई 20 दिनों से क्षेत्र में नहीं है, जिसे प्रखंड वासियों को नियमित रूप से बिजली नहीं मिल रही है।

राजा इंटरप्राइजेज छड़-सीमेंट एजेंसी का मनिका विधायक ने किया शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह

प्रखंड के कुटमू मोड बेतला मुख्य सड़क के समीप रविवार को राजा इंटरप्राइजेज छड़-सीमेंट एजेंसी का शुभारंभ मुख्य अतिथि मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह और विशिष्ट अतिथि शेखर सीमेंट स्टोर के संचालक शेखर मेहता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि इस तरह का प्रतिष्ठान का खुलना क्षेत्र के विकास का परिचायक है। इससे लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिलेगा। वहीं मेहता ने कहा कि इससे लोगों को भवन निर्माण संबंधित सभी सामग्री उपलब्ध कराई जायेगी।

दुकान के संचालक कलाम अंसारी ने भी इससे लाभ मिलने की बात कही। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, सामाजिक कार्यकर्ता अनिल कुमार सिंह, मनोज जायसवाल, शिवानंद तिवारी दीपू, हाजी खुर्शीद आलम, कांग्रेस जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सलाम अंसारी, पूर्व जीप सदस्य मनान अंसारी, मुखिया नीतू देवी, मंजू देवी, फिरोज अंसारी, गुलाब अंसारी, समीम अंसारी, समसुल अंसारी, मनसूर आलम, राजद के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी अलीहसन अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता, शुभम, अहमद रजा आदि उपस्थित रहे।

दिनदहाड़े बाइक ले उड़े चोर, जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगडा

पत्थलगडा थाना क्षेत्र के सुभाष चौक से रविवार दोपहर एक मोटरसाइकिल की चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा दिनदहाड़े कर ली गई। चोरी गई बाइक फल दुकानदार मनीष अग्रवाल की है। मनीष ने बताया की शुक्रवार दोपहर लगभग दो बजे अपनी काली रंग की सुपर स्पलेंडर बाइक जेएच 02एभी 0938 को सुभाष चौक स्थित अपने फल दुकान के समीप बरवाडीह पंचायत भवन के बाहर खड़ा कर अपने दुकान चला गया। दुकान में ग्राहकों को सामान देने में व्यस्त हो गया। लगभग तीन बजे के आस-पास बाइक को लाने गया तो वहां

से बाइक गायब थी। आस-पास काफी खोजबीन की, लेकिन नहीं मिलने पर थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं सूचना मिलने के बाद जेएसई वकील सिंह दल बाल के साथ सुभाष चौक पहुंच आसपास पूछताछ करने के साथ चोर के पहचान में जुट गए हैं।

लंबे संघर्ष के बाद बन रही सड़क में बरती जा रही है अनियमित्ता

गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का सांसद व विधायक का दावा फेल

नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)

वर्षों के संघर्ष के बाद मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र में हो रहे जर्जर सड़क के निर्माण में संवेदक द्वारा बड़े पैमाने पर अनियमित्ता बरती जा रही है। पचमो मोड़ से एनएच तक चौपारण व इटखोरी जिहू मोड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का निर्माण कार्य करोड़ों रुपये की लागत से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत नरचाही नदी तक की जा रही है। पर इसका लाभ संवेदक व विभाग उठा रहा है। विभाग द्वारा निर्माण कार्य दो पार्ट में संवेदकों के द्वारा करवाई जा रहा है। इसका शिलान्यास चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. सुनिल कुमार सिंह एवं सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने पूरे लाव लश्कर के साथ करते हुए गुणवतापूर्ण निर्माण की बात कही थी। उस वक्त विभाग के कार्यपालक अभियंता से लेकर कनिय अभियंता तक उपस्थित थे, परंतु सांसद व विधायक ने शिलान्यास के बाद निर्माण कार्य के प्राक्कलन व गुणवत्ता पर नजर डालना एवं जानकारी लेना उचित नहीं समझा।

मिली जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण कार्य के प्राक्कलन में कमी रहने के कारण अब चाहकर भी गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया जा सकता। इसका खमियाजा प्रखंड क्षेत्र की भोली भाली जनता को सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद झेलनी पडेगी। जिम्मेदार विभागीय अभियंताओं द्वारा सड़क निर्माण कार्य के प्राक्कलन में सड़क की चौडाई दस की जगह दो फीट बढ़ाकर बारह की गई है। इसमें जीएसबी 100 एम एम लगभग चार इंच एवं डब्लू एम एम 225 एम एम लगभग नौ इंच परंतु प्रिमिक्सिंग मात्र बीस एमएम की बनाई गई है। प्रिमिक्सिंग की कमी के कारण सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के साथ टूटना शुरू होगा। दूसरा भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने के सिवाय कोई दूसरा विकल्प नहीं होगा। जानकारों का मानना है कि अभी भी प्रतिनिधियों द्वारा पहल कर प्राक्कलन में सुधार करवाकर कम से कम 20 की जगह 50 एमएम प्रिमिक्सिंग करवाकर सुधार किया जा सकता है। जानकारी अनुसार वर्तमान में विभागीय अभियंताओं द्वारा सड़क निर्माण कार्य को स्थगित कर प्राक्कलन में प्रिमिक्सिंग सुधार के लिए भेजा गया था पर सुधार नहीं हो पाया।

करोड़ों की लागत से आम्रपाली कोल परियोजना में निर्मित पीसीसी सड़क में दरार, घटिया निर्माण का आरोप

नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)

टंडवा थाना क्षेत्र क्षेत्र में संचालित सीसीएल की बहुचर्चित कोल परियोजना आम्रपाली के होन्हे से शिवपुर रेलवे साइडिंग तक लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सड़क में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई हैं। ऐसे में ग्रामीणों ने संवेदक पर घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण विभाग (आरसीडी) द्वारा आनंद एंड सिरा कंट्रक्शन कंपनी के माध्यम से उक्त ट्रांसपोर्टिंग सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है। इसमें घटिया बालू के प्रयोग कर निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों का अरोप है कि संबंधित अधिकारियों के संरक्षण में कंपनी बालू घाटों से परिवहन लागत बचाने हेतु स्थानीय नदियों में अत्यधिक उत्खनन करवाकर उसका अस्तित्व व सुरतेहाल बिगाड़ने के साथ मिट्टीयुक्त बालू निकालकर उपयोग कर रही है। यही कारण है कि पीसीसी में ढलाई के साथ ही दरारें पड़ने लगी हैं।

आयोजन अनुमंडल स्तरीय सभा में आंदोलन की दी गई चेतावनी

आदिवासियों की जमीन कब्जामुक्त कराई जाए

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़

प्रखंड अंतर्गत पंचायत अंमवाटोली के ग्राम जरहाटोली स्थित सरना पूजा स्थल पर रविवार को प्रखंड के बैंगाही जमीन की समस्याओं के समाधान के लिए अनुमंडल स्तरीय सभा हुई। इसमें विभिन्न गांवों के किसान, मुंडा एवं अन्य आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। बैठक में प्रखंड के सभी बैंगाही जमीन, जो पूर्व से समाज की है, उसकी वर्तमान स्तिथि पर चर्चा कि गई।

महुआडांड़ की बैंगाही भूमि पर दूसरे समाज और अन्य लोग द्वारा किये गए अवैध कब्जे हटाने के लिए सामाजिक व जन प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। सभा को संबोधित करते हुए जिला परिषद महुआडांड़ इस्तेला नगेसिया ने कहा कि आज जिले में हाल सर्वे (1992) लागू है। हाल सर्वे में बहुत सारी त्रुटियां हैं। उसके

बावजूद भी लातेहार जिला में लागू कर दिया गया, जिसका दुष्परिणाम यह हो रहा कि बहुत भूमि गड़बड़ हुई है। पुरानी व्यवस्था किसी और के पास थी। आज हाल सर्वे में खलियान किसी और का बन गया है। ऐसे में बेईमान लोग कमजोर व्यक्ति को दबाकर जमीन पर कब्जा कर ले रहे हैं। इसी तरह से बैंगाही जमीन में भी बहुत सारी गड़बड़ी है। पुरानी व्यवस्था में बैंगाही जमीन की कोई रसीद नहीं कटती थी। लेकिन हाल सर्वे में गड़बड़ी के कारण अन्य समाज एवं लोग आज ऐसी भूमि का रसीद कटवाकर बाउंड्री मारकर अवैध कब्जा किए हुए हैं। इसे लेकर अंचल एवं अनुमंडल अधिकारी के साथ जिला उपायुक्त लातेहार को भी आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया गया है लेकिन इसका हल निकलता नजर नहीं आ रहा है। इसे लेकर समाज आंदोलन करेगा। दीपलाल नगेसिया, जतरा भगत पड़हा समाजिक संस्था बाहबेरवा विशुनपुर ने अपने संबोधन में कहा कि मुस्लिम समाज के कब्रिस्तान और मस्जिद, हिंदू समाज के मंदिर और मंडप एवं ईसाई समाज की चर्च जमीन पर कोई कब्जा नहीं करता लेकिन इस क्षेत्र के गरीब आदिवासी जो सामाजिक, आर्थिक एवं शिक्षित रूप से कमजोर है उनकी सामाजिक व्यवस्था की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। हम इस कब्जे को हटाने की मांग करते हैं।

मौके पर पड़हा समाजिक संस्था के सूधेश उरांव, हरिया उरांव, समेत महुआडांड के प्रदीप नगेसिया, मंडलदेव नगेसिया, धनकुंवर मुंडा, अनूप मुंडा बसिद मुंडा, मुला बैंगा, महेश्वर बैंगा, रघुवर नगेसिया, प्रदीप उरांव, प्रमिला नगेसिया, सुमित्रा नगेसिया, विनीता नगेसिया, जसिन्ता नगेसिया एवं भारी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

घाघरा थाना पुलिस ने की कार्रवाई

22 बोतल कफ सिरप के साथ एक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। घाघरा

घाघरा पुलिस ने गुप्त सूचना आधार पर 22 बोतल आनरेक्स कफ सिरप के साथ नासिर अंसारी, पिता जहीर अंसारी, ग्राम बसुवा, थाना गुमला को गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया। इस संबंध में घाघरा थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि पुलिस को शनिवार की शाम को सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक बोरा में कफ सिरप लेकर मसरिया मोड़ की तरफ हौंडा शाइन मोटरसाइकिल जे एच 08 जी 7420 जा रहे हैं। सूचना के संदर्भ में वरीय पदाधिकारियों

को सूचित करते हुए सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई हेतु सशस्त्र बल के साथ पुलिस मसरिया मोड़ पहुंची। पुलिस को देखते जो दो व्यक्ति भागने लगे। सशस्त्र बल के सहयोग से एक व्यक्ति नसीर अंसारी को पकड़ा गया, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने नसीर अंसारी के पास से 22 बोतल 100 एम एल का आनरेक्स कफ सिरप, एक आईटेल कंपनी का कीपैड मोबाइल एवं हौंडा शाइन बाइक बरामद की है। गिरफ्तार नासिर अंसारी ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध कबूल कर लिया है। इस संबंध में घाघरा थाना में नासिर अंसारी के विरुद्ध घाघरा थाने मामला दर्ज किया गया है। छापामारी दल में थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, एसआई टेकलाल महतो, निर्मल महतो, अभिषेक कुमार, विवेकानंद श्रीवास्तव, एवं जैप 2 के जवान शामिल थे।

मारवाड़ी महिला एकता शाखा ने एसडीओ से भेंट की

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल से मारवाड़ी महिला एकता शाखा एक शिष्टमंडल अध्यक्ष दीपा पोद्दार के अध्यक्षता में भेंट की। उन्होंने बैठक में 17 मई को लोहरदगा जिला स्थापना दिवस पर समाहरणालय मैदान पर लग रहे मेले पर चर्चा की। एकता शाखा के सदस्यों ने जिला प्रशासन से मांग की कि हर सप्ताह के शनिवार को कम से कम दो घंटे के लिए डॉक्टरों की टीम के साथ निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगवाया जाए। जांच एवं ओपीडी के साथ-साथ मरीजों को निशुल्क दवा भी दिलाई जाए। इस पर एसडीओ ने कहा कि उपायुक्त के समक्ष इस संबंध में बात रख कर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में समाज के प्रति सेवा को लेकर कई मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक में दीपा पोद्दार, संगीता मित्तल, रश्मि अग्रवाल, नीतू मित्तल के साथ लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ के अलावा नगर पार्षद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

दो अभियुक्तों के घर चिपकाया इश्तेहार

चैनपुर (गुमला)। चैनपुर गोली कांड करने एवं घर में घुसकर हमला करने एवं पत्नी और बच्चे की हत्या करने वाले आरोपियों के घर रविवार को चैनपुर पुलिस ने ढोल मांदर बजाते हुए इश्तेहार चिपकाया। पुलिस ने कहा कि गोली चलाने के अभियुक्त सुजीत उरांव उर्फ संजय उरांव पिता धुधिया उरांव ग्राम रोरद महुआ टोली थाना पेशरार जिला लोहरदगा एवं दूसरे अभियुक्त द्वारा अशोक उरांव के परिवार पर हमला करने एवं उसकी पत्नी और बच्ची की हत्या करने के अभियुक्त फिरोज अंसारी पिता कलीम अंसारी ग्राम रुवेद थाना जोबांग जिला लोहरदगा के दरवाजे पर इश्तेहार चिपकाया। दोनों अभियुक्त 1 महीने के अंदर अपने आप को पुलिस के हवाले कर दे या कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दें। आत्मसमर्पण नहीं करने पर 1 माह बाद घर की कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

मीडियाकर्मी पारस साहू को मातृ शोक

लोहरदगा। मीडिया कर्मी पारस साहू की माता चिंतामणि देवी (60 वर्ष) का लंबी बीमारी के बाद शनिवार देर रात निधन हो गया। रविवार को स्थानीय भकसो स्थित मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। चिंतामणि पेनक्रियाज की कैंसर से जूझते हुए अंततः जिंदगी की जंग हार गई। पत्रकार पारस साहू की माता के निधन की खबर फैलते ही शहर में शोक की लहर दौड़ गई। निधन पर सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधायक सुखदेव भगत, राजसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, भाजपा नेता प्रवीण सिंह, ओमप्रकाश सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, अभिषेक पाठक, संतोष दिक्षित, पंकज पांडे, अजय महतो, मीडिया कर्मी दीपक मुखर्जी, गोपी कृष्ण कुंवर, संजय कुमार, राकेश सिन्हा, सत्यकाम, नूतन कच्छप, अवनी वर्मा, सतीश शाहदेव, विक्रम चौहान, अमित वर्मा, राहुल कौशल, अमर गोस्वामी, किशोर कुमार वर्मा, समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, शिक्षकों समेत शहर के गणमान्य लोगों ने गहरी शोक व्यक्त किया।

द्वितीय मनमोहन लाल अग्रवाल स्मृति जिलास्तरीय अंतर विद्यालय भाषण प्रतियोगिता

सैंक्फुअरी फॉर एजुकेशनल नर्चर जिला चैंपियन

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय के भगवान बिरसा मुंडा सभाकक्ष में द्वितीय मनमोहन लाल अग्रवाल स्मृति जिला स्तरीय अंतर विद्यालय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वन रहेंगे, हम रहेंगे विषयक भाषण प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के कक्षा नवम एवं दशम के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सैंक्फुअरी फॉर एजुकेशनल नर्चर (सेन) जिला चैंपियन बना। सेन की नेहा सिंह प्रथम, एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल की रिद्धिमा सिंह द्वितीय और सरस्वती विद्या मंदिर बड़कीचापी की मनीषा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त विद्यालयों के अलावा सरस्वती विद्या मंदिर सेन्हा, संत स्तानिसलॉस, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, राजकीयकृत बालिका उत्क्रमित विद्यालय, बुनियादी विद्यालय सेन्हा आदि के लगभग दो दर्जन विद्यार्थी प्रतियोगिता में शामिल हुए। विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण पत्र और उपहार दिए गए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र एवं उपहार भी दिया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड बायोडायवर्सिटी बोर्ड के सदस्य और कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला के प्रोफेसर डॉ प्रसनजीत मुखर्जी, लोहरदगा नगर में विद्या भारती विद्यालयों के समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, सदस्य जीतराम बड़ाईक, निर्णायक मंडली के सदस्य क्रमशः शिक्षाविद सदस्य कृष्णा प्रसाद, डॉक्टर कुमुद कुमार, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त शिक्षक बैजनाथ मिश्र ने संयुक्त रूप से किया। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कार्यक्रम की भूमिका रखी और अतिथि परिचय कराया। मुख्य अतिथि डॉ प्रसनजीत मुखर्जी कहा कि इस तरह के आयोजन से आज की युवा पीढ़ी में जागरूकता आती है। हमें खुद जागरूक होकर पूरे समाज में जागरूकता फैलानी चाहिए। शिक्षाविद कृष्णा प्रसाद ने कहा कि वृक्ष हमारी रक्षा के लिए है इसलिए हमें भी इसकी रक्षा करनी चाहिए। अध्यक्षीय आशीर्वचन में शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि वन रहेंगे तभी हम भी जीवित रहेंगे। इस तरह के कार्यक्रम से युवाओं में जागरूकता आती है। सभी प्रतिभागी वक्ताओं का मत रहा कि प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए मदर नेचर को दैनिक प्राथमिकता सूची में लाना ही होगा। कार्यक्रम का संचालन रेणु कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन नीतू कुमारी ने किया। आयोजन को सफल बनाने में कविता कुमारी, चेतना प्रिया, रश्मि साहू, स्नेहा शर्मा, प्रीति कुमारी गुप्ता, आरती भगत सहित शिक्षक- शिक्षकों ने महत्वपूर्ण योगदान किया।

कबड्डी प्रतियोगिता को लेकर बैठक आयोजित

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

12वीं झारखंड राज्य सब जूनियर बालक बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के सफल आयोजन के निमित्त मदनमोहन पांडेय वरीय उपाध्यक्ष झारखंड राज्य कबड्डी संघ सह अध्यक्ष लोहरदगा जिला कबड्डी संघ की उपस्थिति एवं संरक्षण में वरीय शारीरिक प्रशिक्षक रामस्वरूप प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजन समिति की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। आगामी अक्टूबर माह में प्रस्तावित कबड्डी प्रतियोगिता निमित आवश्यक योजना का निर्माण किया गया। इसके तहत आयोजन समिति का गठन, आयोजन का बजट, खिलाड़ियों के आवासन की व्यवस्था, भोजन की व्यवस्था, खेल मैदान का निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी पदाधिकारियों की नियुक्ति, पुरस्कार व्यवस्था, स्वागत समिति इत्यादि पर चर्चा की गई। सभी उपस्थित लोगों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने का सहमति प्रदान की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे रामस्वरूप प्रसाद ने बताया कि खिलाड़ियों को रहने, खाने आदि समुचित व्यवस्था दी जाएगी। लोहरदगा जिला पर राज्य ने विश्वास व्यक्त किया जिसपर लोहरदगा इकाई हमेशा की तरह खरा उतरेगी। बैठक को अरुण राम, संतोष उरांव, सतीश रंजन उरांव, अजय प्रसाद, लखन राम, अभिनव सिद्धार्थ इत्यादि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर रंजू साहू, अनिल उरांव, सारु उरांव, अनामिका टोप्पो, नम्रता भगत, सावित्री कुमारी, जोलजस तिर्की, प्रकाशित मिंज, वीर शंकर भगत, कृष्णा यादव, दीपक राम, दिगंबर राम, सहाबीर उरांव, सचिन उरांव, मदन साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

अनियंत्रित बाइक शौचालय में घुसी, 15 वर्षीय लड़का घायल

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा

सेन्हा थाना क्षेत्र के जोगना मोड़ के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य पथ में बाइक अनियंत्रित होकर टेम्पू ट्रक को बचाते हुए शौचालय में जा घुसी। इस घटना में 15 वर्षीय लड़के के माथे एवं पैर में चोटें आई हैं। घटना के पश्चात स्थानीय ग्रामीणों ने घायल लड़के को सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। उसे चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत घर भेज दिया। घायल की पहचान कुड़ू निवासी गोवर्धन बैठा के 15 वर्षीय पुत्र निखिल बैठा के रूप में हुई है। बताया जाता है कि निखिल बैठा सेन्हा निवासी नित्य बैठा के पुत्र शम्भू बैठा दीदी के घर शादी समारोह में आया हुआ था। वह बाइक से घूमने के लिए निकला था। घटना की सूचना पर सआनि जमशेद खान दलबल के साथ अस्पताल पहुंचकर घटना का जायजा लिया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कुत्ते को बचाने के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर देवी बैठा के शौचालय में जा घुसी। बता दें कि लड़का बाइक पर सवार होकर सेन्हा से अरु की ओर जा रहा था। इसी दरमियान कुत्ते को बचाने में घटना हुई।

हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन हुई पूजा अर्चना

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

हेंदलासो गांव में 6 मई से चल रहे नवनिर्मित हनुमान मंदिर में हनुमान जी के पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान एवं यज्ञ के दूसरे दिन भी आचार्य पंडित रमेश देव पौराणिक द्वारा संपूर्ण विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना में समाजसेवी ओमप्रकाश सिंह, दीपक सर्राफ, शशि भूषण सिंह भी शामिल हुए। यजमान लाल राजेश्वर नाथ शाहदेव ने बताया कि यह पांच दिवसीय अनुष्ठान काफी हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है, जिससे कि सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा है। अगल-बगल के सभी ग्रामीण भक्त काफी उत्साह

से प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हो रहे हैं। शाम में पूजा अर्चना के बाद खीर का भंडारा कराया जाता है और समापन के दिन 10 मई को पूरे दिन भंडरा चलेगा और भजन कीर्तन का आयोजन किया जायेगा। ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि हेंदलासो गांव में संकट मोचन हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित होते ही पूरे क्षेत्र के सभी आपदा विपदा को संकट मोचक हनुमान जी हर लेंगे। किसी पर कोई संकट आने नहीं देंगे। चारों तरफ हरियाली के बीच यह मंदिर काफी आकर्षक है। प्राण प्रतिष्ठा में लाल चंद्र किशोर नाथ शाहदेव, लाल मनोज नाथ शाहदेव, लाल नवल नाथ शाहदेव, लाल राजेश्वर नाथ शाहदेव, लाल बलराम नाथ शाहदेव, लाल निरंजन नाथ शाहदेव, लाल जितेंद्र नाथ शाहदेव, सचिता वर्मा, विकास ठाकुर, अभय वर्मा आदि एवं ग्रामीण के लोग लगे हुए हैं।

लगातार 46 वें सप्ताह लगाया गया निशुल्क जांच शिविर

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

सेवा भारती लोहरदगा द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर में लगातार 46वें सप्ताह रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसमें 35 लोग अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। लोगों ने शुगर, बीपी,ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए डॉ कुमुद अग्रवाल से शुगर, बुखार, सर्दी, खांसी, दर्द, हार्ड एवं हाइड्रोसील आदि का चेकप कराते हुए डॉक्टर कुमुद अग्रवाल से परामर्श भी लिया। डॉ. कुमुद अग्रवाल ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इनकी जितनी भी सेवा की जाए कम ही है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि 1 जून 2022 से यह चल रहे प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में काफी लोग चेकअप करा कर लाभान्वित हो रहे हैं। मौके पर अवधेश मित्तल, सुबोध प्रसाद महतो, अतुल सर्राफ, रेनू देवी, लक्ष्मी देवीसृष्टि कुमारी, सुंदरी देवी, मोती लाल अग्रवाल, रामकुमार महतो, आरती देवी, विमलेश प्रसाद, मीना देवी, मनमोहन प्रसाद, प्राण महतो, सीमा देवी, सुरेंद्र महतो, बुद्धेश्वर उरांव, अनूप कुमार महतो, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, उदय प्रसाद कास्यंकार, अमर पोद्दार, सुगंधा देवी, मुंदरी देवी आदि उपस्थित थे।

जल संकट | 55 घरों के लोग कुएं, तलाब या अन्य जलाशय से प्यास बुझाने को विवश

तीन वर्ष से जलमीनार खराब, भीषण पेयजल संकट

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा

प्रखंड क्षेत्र की झलजमीरा पंचायत अंतर्गत गगेया में जलमीनार खराब होने से ग्रामीणों के समक्ष पेयजल का भीषण संकट उत्पन्न हो गया है। गगेया में पूर्व मुखिया द्वारा मनोज उरांव के घर के समीप लाखों की लागत से बनवाया गया जलमीनार विगत करीब तीन वर्ष से खराब है। इसके कारण गांव के लगभग 55 घरों के लोग कुएं, तलाब या अन्य जलाशय से पानी पीकर प्यास बुझा रहे हैं। वहीं मनोज उरांव, प्रकाश उरांव, चरण उरांव, बसंती देवी, युवंती देवी, बिहारी उरांव, बुधदेव महली, सुरेश उरांव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड सदस्य, मुखिया तथा पेयजल स्वच्छता विभाग को

लिखित आवेदन देकर खराब पड़े जलमीनार को बनवाने के लिये अनेकों बार कहा गया, परंतु किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। भीषण गर्मी में ग्रामीण इधर उधर से पानी लाकर पीने के लिये विवश हैं। जानकारी के अनुसार बता दें कि सरकार की ओर से चौदहवें वित्त आयोग की राशि से जलमीनार को दुरुस्त कराने का प्रावधान है, परंतु प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश गांवों में जलमीनार लगने के कुछ दिन बाद से ही खराब पड़ा हुआ है।
इस तरह का मामला हर गांव में देखने को मिलता है। ग्रामीणों को भीषण गर्मी में शुद्ध पेयजल के लिये काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में प्रशासन या जनप्रतिनिधियों द्वारा समय रहते ध्यान नहीं दिया जाता है तो ग्रामीण क्षेत्र की जनता निश्चित ही भयंकर बीमारी का चपेट में आ सकती है।

घाघरा के मजदूर की आंध्र प्रदेश में मौत, गांव में पसरा मातम

तीन महीने पहले गया था, मशीन की चपेट में आया

नवीन मेल संवाददाता। घाघरा

घाघरा थाना के चुल्हामाटी निवासी पवन बघवार (19) की मौत आंध्रप्रदेश के नायडूपेटा, जिला तिरुपति में मशीन की चपेट में आने से हो गयी। पवन आदिम जनजाति कोरबा समुदाय से है। पवन के पिता हजारी कोरबा ने बताया कि उसका बेटा पवन 23 जनवरी को नायडू पेटा के लिए घर से निकला था। करीब तीन महीने काम करते हुए ही गुजरे थे और मशीन की चपेट में आने से उसकी मौत शनिवार की रात्रि करीब 10 बजे हो गयी। रविवार को मृतक पवन के शव का पोस्टमार्टम किया गया। पवन के पिता ने बताया कि लातेहार के एक युवक ने जो उसी कंपनी में काम किया करता था उसके द्वारा घटना की जानकारी पवन के परिजनों को मिली। पवन नायडूपेटा स्थित ब्रेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में मजदूरी करता था और घटना के दिन नाइट शिफ्ट में ड्यूटी करने गया था। घटना के बावत ठेकेदार बालाजी ने दूरभाष पर बताया कि सोमवार की रात्री करीब साथ बजे उसका शव घाघरा पहुचेगी। रविवार शाम को पवन के शव को लेकर दो युवक निकलने वाले है। बता दें कि पवन अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था। घटना की सूचना पर पवन के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

नोएडा में जल्द शुरू होगी देश की पहली पॉड टैक्सी-सर्विस



यमुना अथॉरिटी ने प्रोजेक्ट को मंजूरी दी

एजेंसी। नई दिल्ली

उत्तरप्रदेश के नोएडा में जल्द ही देश की पहली पॉड टैक्सी सर्विस शुरू होने वाली है। यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल अथॉरिटी ने भारत की पहली पॉड टैक्सी के रिवाइज्ड प्रोजेक्ट और बिड को मंजूरी दे दी है। केंद्र सरकार की एजेंसी इंडियन पोर्ट रेल एंड रोपवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ परामर्श के बाद रिवाइज्ड प्रोजेक्ट को मंजूरी दिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अब यमुना अथॉरिटी अपनी रिपोर्ट उत्तरप्रदेश सरकार के पास भेजेगी। मंजूरी मिलने के बाद पॉड टैक्सी प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि ये प्रोजेक्ट साल 2024 के लास्ट तक पूरा हो जाएगा। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 810 करोड़ रुपए है। पॉड टैक्सी नोएडा के जेवर एयरपोर्ट को फिल्म सिटी से कनेक्ट करेगी। शुरूआती अनुमान के अनुसार, हर दिन लगभग 37,000 लोग पॉड टैक्सियों के माध्यम से यात्रा कर सकेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एक पॉड में 8 लोग बैठकर और 13 यात्री खड़े होकर सफर कर सकेंगे। वर्तमान प्रोजेक्ट के अनुसार, पॉड टैक्सी-सर्विस के लिए 14.6 किलोमीटर के रूट में 12 स्टेशन बनेंगे। ये स्टेशन बनने की लिस्ट में फिल्म सिटी, हैंडीक्राफ्ट पार्क, सेक्टर 29, सेक्टर 32-33, एमएसएमई पार्क, अपैरल पार्क, टॉय पार्क सहित अन्य जगहें शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट को मंजूरी देने से पहले इआइडीए की कमेटी ने कहा था कि जिन देशों में पॉड टैक्सी चल रही है, वहां स्टडी की जाए। इसके फायदे और नुकसान के बारे में पता किया जाएगा, उसके बाद ही आगे बढ़ा जाए। इसके बाद उन देशों की स्टडी कराई गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर के 18 देशों में पॉड टैक्सी शुरू की गई थी, लेकिन वर्तमान में 5 देशों में चल रही है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने साल 2011-12 की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया है कि लंदन की पॉड टैक्सी सर्विस मुनाफे में चल रही है, जबकि अबू धाबी का ये प्रोजेक्ट घाटे में चल रहा है।

ओपनएआई का घाटा बढ़कर हुआ 540 मिलियन डॉलर

एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को

अत्यधिक सफल एआई चैटबोट चैटजीपीटी के पीछे माइक्रोसॉफ्ट समर्थित ओपनएआई का नुकसान कथित तौर पर पिछले साल लगभग 540 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया और इसके बढ़ने की संभावना है। सूचना के अनुसार, ओपनएआई का घाटा दोगुना हो गया, इसकी वजह चैटजीपीटी डेवलपमेंट और गूगल से प्रमुख कर्मचारियों को काम पर रखना बताया जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है, पहले से असूचित आंकड़ा चैटबॉट तक एक्सेस सेलिग से पहले की अवधि के दौरान अपने मशीन-लर्निंग मॉडल को ट्रेनिंग करने की भारी लागत को दशार्ता है। ओपनएआई ने इस साल फरवरी में नया सब्सक्रिप्शन प्लान, चैटजीपीटी प्लस लॉन्च किया, जो 20 डॉलर प्रति माह पर उपलब्ध है। हालांकि, रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि भले ही रेवेन्यू बढ़ रहा हो, ओपनएआई के घाटे में वृद्धि जारी रहने की संभावना है, क्योंकि ज्यादा कस्टमर इसकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हैं और कंपनी सॉफ्टवेयर के भविष्य के वर्जन को ट्रेंड करती है। ओपनएआई के सीईओ सैम अल्टमैन ने निजी तौर पर सुझाव दिया है कि ओपनएआई आने वाले सालों में आर्टिफिशियल जर्नल इंटेलिजेंस (एजीआई) डेवलप करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 100 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का प्रयास कर सकता है जो कि क्षमताओं में सुधार करने के लिए एडवांस तरीका है।

केंद्रीय कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी

1 जुलाई से महंगाई भत्ते में हो सकती है 3-4 प्रतिशत बढ़ोतरी

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एक अच्छी खबर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार 1 जुलाई से फिर से डियरनेस अलाउंस यानी महंगाई भत्ते में 3-4% की बढ़ोतरी कर सकती है। कर्मचारियों और पेंशनर्स को बढ़ती कीमतों की भरपाई के लिए दिया जाने वाला डीए साल में दो बार जनवरी और जुलाई में रिवाइज किया जाता है। केंद्र सरकार ने मार्च 2023 में महंगाई भत्ते में 4% की बढ़ोतरी की थी। ये बढ़ोतरी 1 जनवरी 2023 को लागू की गई थी। 4% की बढ़ोतरी के बाद केंद्र सरकार के कर्मचारियों का डीए बढ़कर 42% हो गया है। इससे पहले सितंबर 2022 में डीए में 4% की बढ़ोतरी की गई थी, जो जुलाई 2022 से लागू की गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब 7वें वेतन आयोग के कर्मचारियों के लिए डीए में 3-4% की और बढ़ोतरी की उम्मीद है, जो जुलाई से लागू की जा सकती है। लेटेस्ट डेटा के मुताबिक, अभी 47.58 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारी और 69.76 लाख पेंशनभोगी हैं। महंगाई भत्ता सरकारी कर्मचारियों को दिया जाता है, जबकि महंगाई राहत पेंशनर्स को दी जाती है। डीए कर्मचारियों के बेसिक वेतन के आधार पर दिया जाता है। वहीं ऊ्र बेसिक पेंशन के आधार पर दिया जाता है। महंगाई भत्ता ऐसा पैसा है, जो महंगाई बढ़ने के बावजूद सरकारी कर्मचारियों के जीवन स्तर को बनाये रखने के लिये दिया जाता है। यह पैसा सरकारी कर्मचारियों, पब्लिक सेक्टर के कर्मचारियों और पेंशनर्स को दिया जाता है। इसका कैलकुलेशन देश की मौजूदा महंगाई के अनुसार हर 6 महीने पर किया जाता है। इसकी गणना संबंधित वेतनमान के आधार पर कर्मचारियों के मूल वेतन के अनुसार की जाती है। भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल यानी खुदरा और दूसरा थोक महंगाई होती है। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है। इसको कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स भी कहते हैं। दोनों को जोड़ने पर टोटल 11 हजार रुपए हुआ। अब बढ़े हुए 42% महंगाई भत्ते के लिहाज से देखें, तो यह 4,620 रुपए हुआ। सबको जोड़कर आपकी टोटल सैलरी 15,620 रुपए हुई। पहले 38% के लिहाज से आपको 15,180 रुपए सैलरी मिल रही थी। यानी 4% डीए बढ़ने के बाद हर महीने 440 रुपए का फायदा होगा।

वित्त वर्ष 23 में भारत का गोल्ड का इम्पोर्ट 24 प्रतिशत गिरा

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत के गोल्ड के आयात में वित्त वर्ष 2022-23 में 24.15 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। इसके पीछे का कारण वैश्विक आर्थिक हालातों को बताया जा रहा है। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से ये जानकारी दी गई। बता दें, पिछले कुछ समय से अधिक गोल्ड आयात चालू खाता घाटा बढ़ने की बड़ी वजह था। सरकारी की ओर से जारी किए गए डाटा के मुताबिक, पिछले वित्त वर्ष में गोल्ड का आयात 24.15 प्रतिशत गिरकर 35 अरब डॉलर पर आ गया है, जो कि 2021-22 में 46.2 अरब डॉलर था। गोल्ड का आयात अगस्त 2022 से फरवरी तक नकारात्मक बना रहा था। हालांकि, मार्च 2023 में यह बढ़कर 3.1 अरब डॉलर हो गया था, जो कि एक साल पहले एक अरब डॉलर था। गोल्ड के आयात में कमी होने के बाद भी भारत को व्यापारिक घाटे के मोर्चे पर कोई खास राहत नहीं मिली है। आयात और निर्यात के बीच के अंतर को व्यापारिक घाटा कहा जाता है। वित्त वर्ष 2022-23 में भारत का व्यापारिक घाटा 267 अरब डॉलर रहा था, जो कि 2021-22 में 191 अरब डॉलर था। जानकारों का कहना है कि अधिक आयात शुल्क और वैश्विक आर्थिक अस्थिरता होने के कारण गोल्ड आयात में गिरावट देखने को मिली है। बता दें, पिछले साल केंद्र सरकार की ओर से गोल्ड पर आयात शुल्क 10.75 प्रतिशत से बढ़कर 15 प्रतिशत कर दिया गया था। पूरा दुनिया में भारत गोल्ड का सबसे बड़ा आयातक देश है। इस गोल्ड का इस्तेमाल सबसे ज्यादा ज्वेलरी इंडस्ट्री में किया जाता है। भारत हर साल औसतन 800 से 900 टन गोल्ड का आयात करना है।

भारत ने ओपेक देशों से कच्चे तेल का आयात घटाया

नई दिल्ली। भारत की ओर से आयात किए जाने वाले कच्चे तेल में ओपेक की हिस्सेदारी अप्रैल में घटकर अपने सर्वकालिक निचले स्तर 46 प्रतिशत पर पहुंच गई है। ये डाटा ऐसे समय पर सामने आया है, जब कच्चे तेल की खरीद पर डिस्काउंट दिए जाने के कारण भारत अपनी जरूरत का एक तिहाई हिस्सा आयात रूस से कर रहा है। बता दें, ओपेक दुनिया में कच्चे तेल उत्पादकों देशों का समूह है। ओपेक में मिडिल ईस्ट और अफ्रीकी तेल उत्पादक देशों को शामिल किया जाता है। अप्रैल 2022 में भारत ने अपनी जरूरत का 72 प्रतिशत कच्चा तेल ओपेक देशों से आयात किया था। एक समय ओपेक देशों से भारत अपनी जरूरतों का 90 प्रतिशत तक कच्चा तेल आयात करता था। यूक्रेन से युद्ध के बाद कच्चे तेल पर डिस्काउंट के कारण भारत की रूस पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। पिछले सात महीनों से भारत द्वारा आयात किया जाने वाले कच्चे तेल का एक तिहाई हिस्सा रूस से आ रहा है। यूक्रेन-रूस युद्ध शुरू होने (फरवरी 2022) से पहले भारत अपनी जरूरत का एक प्रतिशत से भी कम कच्चा तेल रूस से आयात करता था, लेकिन इस साल अप्रैल में ये बढ़कर 36 प्रतिशत पर पहुंच गया है। वहीं, ओपेक से भारत ने अपनी जरूरत का 46 प्रतिशत कच्चा तेल आयात किया है। बता दें, अप्रैल में भारत ने 46 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का आयात किया है।वोर्टेक्सा के मुताबिक, मार्च में रूस के बाद सऊदी अरब भारत का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता देश था। सऊदी अरब की ओर से भारत को 9,86,288 बैरल प्रति दिन का निर्यात किया गया था। इसके बाद 8,21,952 बैरल प्रति दिन के साथ इराक का नाम तीसरे नंबर पर था। मार्च में अमेरिका को पछाड़कर यूएई 3,13,002 बैरल प्रति दिन के साथ भारत का चौथा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता देश था।

विदेश

यूक्रेन ने रूसी हाइपरसोनिक मिसाइल को मार गिराया

एजेंसी। वाशिंगटन

यूक्रेन की एयरफोर्स ने दावा किया है कि उन्होंने रूस की सबसे एडवांस हाइपरसोनिक मिसाइल 'किंजल' को अमेरिका के पैट्रियट डिफेंस सिस्टम से तबाह कर दिया। एयरफोर्स के प्रवक्ता युरी इहनात ने यूक्रेन के चैनल 24 को ये जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'रूस कह रहा था कि अमेरिका का पैट्रियट मिसाइल सिस्टम पुराना और रूस के हथियार पूरी दुनिया में सबसे बेहतर हैं। अब 'किंजल' का हवा में ढेर होना उनके मूंह पर तमाचा है।' यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइलों की पहली खेंप अप्रैल महीने के अंत में मिली थी। रूस की जिस हाइपर सोनिक मिसाइल को यूक्रेन ने ढेर करने का दावा किया है। उसकी खुद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने तारीफ की थी। मिसाइल के बारे में उन्होंने कहा था कि वो इतनी पावरफुल है कि पैट्रियट इसे कभी इंटरसेप्ट नहीं कर पाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'किंजल' स्पीड ऑफ साउंड से भी 5 गुना तेजी से ट्रैवल करती है। इसकी रेंज 1200 मील की है। वहीं पैट्रियट दुनिया का सबसे एडवांस मिसाइल डिफेंस सिस्टम माना जाता है। एक पैट्रियट मिसाइल की कीमत 3 मिलियन डॉलर यानी 24 करोड़ रुपए है। अभी तक इस सिस्टम के हाइपर सोनिक मिसाइल तबाह करने की क्षमता को सार्वजनिक रूप से नहीं आंका गया है।

अमेरिका के टेक्सास में शूटिंग, 8 की मौत

एजेंसी। ऑस्टिन

अमेरिकी राज्य टेक्सास के एक मॉल में शनिवार को गोलीबारी हुई। हमले में 8 लोगों की मौत हो गई। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। 7 लोगों के घायल हुए। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, पुलिस ने संदिग्ध शूटर को मार गिराया है। घटना की कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इनमें खून से लथपथ लोग जमीन पर गिरे देख रहे हैं। एक वीडियो में मारा गया हमलावर भी दिख रहा है। उसके शव के पास हमले में इस्तेमाल हुई बंदूक भी दिखाई दे रही है। एक चश्मदीद ने कहा- मैं शॉपिंग कर रहा था। मैंने हेडफोन लगा रखे थे। अचानक से गोलियों की आवाज आने लगी। मैं छुप गया। जब पुलिस ने हमें मॉल से बाहर जाने को कहा तो मैंने कई शव देखे। मैं बस यही प्रार्थना कर रहा था कि इनमें बच्चे न हों। लेकिन शवों को देखकर लग रहा था कि वो बच्चों के ही हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा- एलन शहर के एक मॉल में फायरिंग हुई। हमलावर ने लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चलाना शुरू कर दिया। हमने फौरन कार्रवाई करते हुए उसे मार गिराया। वहीं, हमलावर समेत 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 2 लोगों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई। हमें फिलहाल हमले की वजह पता नहीं। इसकी जांच की जा रही है। अमेरिकी समय के मुताबिक, 5 मई की रात 11 बजे मिसिसिप्पी में गोलीबारी हुई थी। इसमें एक टीनएजर की मौत हो गई थी। 6 लोग घायल हुए थे। पुलिस हमलावर को पकड़ नहीं पाई। वहीं, शनिवार सुबह कैलिफोर्निया के चिको में एक 17 साल की लड़की की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के समय एक घर में पार्टी चल रही थी। 5 लोग घायल हुए। हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों ही घटनाओं में हमले की वजह भी सामने नहीं आ सकी है। गन वायलेंस आर्काइव के मुताबिक, इस साल अमेरिका में अब तक 198 मास शूटिंग की घटनाएं हुई हैं। 30 अप्रैल को टेक्सास में एक और मास शूटिंग हुई थी। उस दौरान आरोपी ने 5 लोगों को गोली मार दी थी। इनमें 9 साल का एक बच्चा भी शामिल था। 17 अप्रैल को अमेरिका के अल्बामा राज्य के डेडविले में फायरिंग के दौरान 6 नाबालिगों की मौत हो गई थी।

पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोप में बेरहमी से हत्या

एजेंसी। पेशावर

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने एक आदमी को पीट-पीटकर मार डाला। यह घटना मर्दान जिले में शनिवार को इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की रैली में हुई। इस दौरान इमरान रैली में मौजूद नहीं थे। 'द फ्राइडे टाइम्स' की रिपोर्ट के मुताबिक, 40 साल के मौलाना निगर आलम ने रैली में ढळक के लीडर इमरान खान की तुलना पैगंबर से की थी। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया कि रैली के दौरान पुलिस मौजूद थी। पुलिसकर्मियों ने लोगों को रोकने की कोशिश की थी, लेकिन वो भीड़ को काबू नहीं कर पाए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें भीड़ मौलाना निगर आलम को लाठी-डंडे, पत्थर मारती नजर आ रही है। लोग आलम की मौत के बाद उसके शव को घसीटते भी दिखे। ये पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान में किसी को ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने मार दिया हो। फरवरी 2023 में भीड़ ने ईशनिंदा के आरोपी को पुलिस स्टेशन से बाहर निकालकर मार डाला था। घटना पंजाब प्रांत के ननकाना साहिब जिले की थी। जब थाने पर हमला हुआ तो पुलिसवाले वहां से भाग खड़े हुए थे। पाकिस्तान में ईशनिंदा को लेकर बेहद सख्त कानून हैं। इसके चलते कई लोगों की पीट-पीटकर हत्या कर दी जाती है। दिसंबर 2021 में ईशनिंदा के आरोप में श्रीलंकाई फैक्ट्री मैनेजर को भीड़ ने पहले पीटकर मार डाला और फिर आग लगा दी थी। अप्रैल 2017 में मिशाल खान को मरदान यूनिवर्सिटी में उसके साथियों ने पीट-पीट कर मार दिया था। 2012 में बहावलपुर के पास हिंसक भीड़ ने एक दिमागी रूप से परेशान व्यक्ति को थाने से खींचकर मार दिया था। इसी तरह दादो में भी भीड़ ने थाने में घुसकर ईशनिंदा के आरोपी को जिंदा जलाया था। ईसाइयों, हिंदुओं और हजारा मुसलमानों पर ईशनिंदा के आरोप लगते रहे हैं। पाकिस्तान के मानवाधिकार कार्यकताओं के मुताबिक ईशनिंदा के आरोप में अब तक 70 से अधिक लोगों को मारा जा चुका है। हत्या सिर्फ उनकी ही नहीं हुई है जिन पर आरोप लगे, बल्कि ईशनिंदा के खिलाफ आवाज उठाने वालों को भी खामोश कर दिया गया। 1997 में ईशनिंदा के आरोपियों को बरी करने वाले जस्टिस आरिफ इकबाल भट्टी की अदालत में ही हत्या कर दी गई थी। 2011 में पंजाब के गवर्नर सलमान तासीर को उनके ही सुरक्षाकर्मी ने मार दिया गया था।

लोग परेशान

विभिन्न सेक्टर में काम करनेवाले लाखों लोगों की गई नौकरियां

आर्थिक संकट से जूझ रहा है पाकिस्तान

एजेंसी। कराची

पाकिस्तान में इस वित्तीय वर्ष में अब तक औद्योगिक उत्पादन में भारी गिरावट के कारण अर्थव्यवस्था के औपचारिक और अनौपचारिक क्षेत्रों में लाखों लोगों की नौकरियां चली गई हैं। इसकी जानकारी राज्य मीडिया ने दी। न्यूज एजेंसी उ्रल्ल ने बताया कि कच्चे माल के आयात पर लगाया गया प्रतिबंध, विदेशी मुद्रा संकट और बढ़ती बिजली और गैस बिलों के कारण बढ़ती लागत ने उत्पादन गतिविधियों को बाधित कर दिया है। कराची के 4 औद्योगिक क्षेत्रों और देशव्यापी ऑटो वेंडिंग इकाइयों में, हितधारकों ने दावा किया है कि 500,000 से अधिक लोगों को बेरोजगारी का सामना करना पड़ा है। हालांकि, सिंध सरकार के जनशक्ति श्रम मानव संसाधन निदेशालय के एक अधिकारी, जिन्होंने नाम न छापने का अनुरोध करते हुए बताया कि व्यवसायी आंकड़े बढ़ा-चढ़ा कर बता रहे हैं। डॉन ने बताया कि साइट एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्री (रअक) के अध्यक्ष रियाजुद्दीन ने कहा कि खाद्य क्षेत्र को छोड़कर, साइट क्षेत्र में 500,000 में से लगभग 100,000 लोगों ने उद्योगों की विभिन्न श्रेणियों में अपनी आजीविका खो दी है, मुख्य रूप से अक्टूबर 2022 से आज तक। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों में 30-40 प्रतिशत की गिरावट आई है, कुछ उद्योग या तो बंद हो गए हैं या चालू वित्त वर्ष के दौरान अपनी एक शिफ्ट को निलंबित कर दिया है। उन्होंने आशंका जताते हुए कहा कि मुझे लगता है कि 19.99 रुपए के बिजली शुल्क और 9 डॉलर प्रति इ३४ गैस शुल्क को वापस लेने के बाद 50 फीसदी और उद्योग बंद हो जाएंगे। रियाजुद्दीन ने कहा कि संघीय सरकार के विभाग, जैसे सिंध ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स (एसबीएस) और सिंध सरकार के विभिन्न विभाग उद्योगों से बेरोजगारी के आंकड़े मांगने के लिए जुलाई 2022 से सक्रिय हो गए हैं।

फर्जी दस्तावेजों के जरिए नेपाल की नागरिकता लेने के आरोप में 10 भारतीय गिरफ्तार

काठमांडू। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नेपाल की नागरिकता लेने के आरोप में 10 भारतीय व्यापारियों को गिरफ्तार किया गया है। इसका खुलासा नेपाल पुलिस ने रविवार को किया। गिरफ्तार लोग उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रहने वाले हैं। नेपाल के अपराध जांच कार्यालय के अधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों ने फर्जी दस्तावेज जमा करके विभिन्न जिलों में नेपाली नागरिकता प्राप्त की। पुलिस की आपराधिक जांच इकाई के सूचना अधिकारी रवींद्र रेग्मी ने बताया कि आरोपितों ने नेपाली नागरिकता ले ली है और कुछ भूमि भी खरीदी है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में भरत प्रसाद गुप्ता, राहुल गुप्ता, ज्ञानमती देवी गुप्ता, गोपाल गुप्ता, राम सुंदर गुप्ता, राम प्रवेश गुप्ता, भरत गुप्ता, स्नेहलता गुप्ता, मनदेवी गुप्ता और राजेश कुमार गुप्ता हैं। ये सभी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रहने वाले हैं।

एक कवि ने ईश्वर-भक्ति की तुलना बाघ से की है। जिस प्रकार बाघ पशुओं का भक्षण करता है, उसी प्रकार ईश्वर-भक्ति भी मनुष्यों को फंसाने वाले सारे शत्रुओं का भक्षण कर जाती है। लोभ और क्रोध पूर्णतः नष्ट हो जाते हैं।

- रामकृष्ण परमहंस

आखिर संघर्ष की वजह क्या?

झारखंड में हाथी और मानव का संघर्ष अंतिम मुकाम पर पहुंच गया है। पिछले दिनों लातेहार जिले के चंदवा में हाथियों ने एक ही परिवार के तीन लोगों को कुचल डाला। जबकि गिरिडीह में भी एक व्यक्ति इनके हमले में मारा गया है। इस प्रकार देखा जाये तो हाथी का शिकार प्रत्येक माह सैकड़ो लोग हो रहे हैं। लातेहार की ही बात करें तो एक दर्जन हाथियों का झुंड रात एक से दो बजे के बीच चंदवा की माल्हन पंचायत में एक ईंट भट्ठे पर पहुंचा। भट्ठे पर कई मजदूर और उनके घरों के लोग सो रहे थे। हाथियों ने न सिर्फ भट्ठे को पूरी तरह तहस-नहस कर डाला, बल्कि पास में सो रहे एक परिवार के मुखिया पनुआ भुइंया, उसकी पत्नी बबिता देवी और पुत्री मंजिशा कुमारी को पांवों से रौंदकर और सूंढ़ से लपेटकर मार डाला। भट्ठे पर मौजूद बाकी मजदूर किसी तरह जान बचाकर भागने में सफल रहे। बताया गया कि बबिता देवी ने अपनी बच्ची को गोद में लेकर भागने की कोशिश की। लेकिन हाथी ने सूंड़ में दबोच लिया और इसके बाद दोनों को पटक कर और कुचल कर मार डाला। बबिता देवी के पति फानु भुइयां को भी एक हाथी सूंढ़ में लपेटकर काफी दूर ले गया और इसके बाद कुचलकर मार डाला। यह परिवार गढ़वा के भंडरिया महागामा सरायडीह का रहने वाला था। पति-पत्नी दोनों चंदवा स्थित ईट भट्टे में मजदूरी करते थे। मृतक के पिता महेंद्र भुइंया का कहना है कि बेटे-बहू और पोती की मौत से उसके परिवार की रीढ़ टूट गई है। बेटे-बहू की कमाई से ही घर का गुजारा चलता था। पंचायत के ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों का झुंड अक्सर गांव पर हमला कर देता है जिस कारण से जानमाल की क्षति होती है। वन विभाग हाथियों को नियंत्रित करने में विफल रहता है। हाथियों ने गांव में आंगनबाड़ी केंद्र भवन समेत कई घरों के दरवाजे तोड़ दिए। आखिर गजराज का गुस्सा क्यों बढ़ता जा रहा है? इसकी वजह है जंगलों का सिकुड़ना। मानव बसावट की वजह से इन्हें भोजन नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि यह संघर्ष जारी है। वैसे नेचर से जुड़े लोगों की मानें तो हाथी मानव के प्रारंभ से दोस्त रहे हैं। मानव के विकास में इनके योगदान को नहीं भूला जा सकता है। इनकी प्रकृति होती है कि जहां वह एक बार भोजन कर लेते हैं,वहां दोबारा जरूर आते हैं। लंबे अंतराल के बाद उस जगह पर भोजन का नहीं रहना उनके गुस्से की वजह बन जाती है। कारण आज कहीं जंगलों में सड़क का काम हो रहा है,तो कहीं बहुत सारे घर बन गये हैं। यह सब देखकर गजराज का गुस्सा सांतवें आसमान पर होता है। वैसे हाथी शांतिप्रिय होते हैं। ऐसे में वन्य अधिकारियों के साथ सरकार को चाहिए कि इनके रख रखाव की व्यवस्था करे। कॉरिडोर बनाने की दिशा में तेजी लाने की जरूरत है। तभी यह संघर्ष रूकेगा।

मानव बसावट की वजह से इन्हें भोजन नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि यह संघर्ष जारी है। वैसे नेचर से जुड़े लोगों की मानें तो हाथी मानव के प्रारंभ से दोस्त रहे हैं। मानव के विकास में इनके योगदान को नहीं भूला जा सकता है।

भारत ने बिलावल को दिखाया आईना

पाकिस्तान के विदेशमंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी लंबे समय तक भूलेंगे नहीं अपनी हालिया भारत यात्रा को। वे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में भाग लेने के लिए भारत आए थे। उन्हें उम्मीद थी कि भारत की तरफ से किसी राष्ट्राध्यक्ष की तरह का सम्मान मिलेगा। पर बिलावल भुट्टो को भारत साफतौर पर जताना चाहता था कि भारत उनसे नाराज है क्योंकि उन्होंने कुछ समय पहले न्यूयार्क में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में अत्यंत अशोभनीय टिप्पणी की थी। उनकी तब भारत में चौतरफा निंदा भी हुई थी। दरअसल भारत तब ही से उनसे खफा था। बिलावल गोवा में आए। वे चाहते थे कि उनकी भारतीय विदेशमंत्री एस. जयशंकर से अलग से बात हो जाए। पर भारतीय विदेशमंत्री ने उन्हें घास नहीं दी। भारत जानता है कि पाकिस्तान के पैरों के नीचे जमीन नहीं है। वह मुंबई हमलों के गुनहगारों को दंड देने के मामले पर बात नहीं करेगा, उसे अपने देश में आतंकवादियों की फैक्टरी को खत्म करने में कोई दिलचस्पी नहीं है और उसने वहां पर धार्मिक अल्पसंख्यकों की लगातार हो रही हत्याओं पर चर्चा करना भी गवारा नहीं होगा।

एस. जयशंकर ने सम्मेलन में पाकिस्तान को साफ बता दिया कि जम्मू-कश्मीर भारत का एक अभिन्न अंग था, है और रहेगा। देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की तरह जम्मू-कश्मीर में भी जी-20 की बैठकें हो रही हैं, इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है। यानी भारत एससीओ सम्मेलन क बहाने अपने अगले-पिछले बदलने लेने के मूड में था। एस.जयशंकर ने तो बिलावल से हाथ तक नहीं मिलाया। मिलाते भी क्यों उस शख्स से जो भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री पर ओछी टिप्पणी कर रहा था।

चार मई को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के अन्य सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के लिए भव्य भोज का आयोजन किया। इसके साथ ही समूह के दो दिवसीय सम्मेलन की शुरूआत हुई। बेनौलिम में समुद्र के किनारे ताज एक्सोटिका रिसॉर्ट में आयोजित स्वागत समारोह में चीनी विदेश मंत्री छिन कांग, रूस के सर्गेई लावरोव और बिलावल भुट्टो जरदारी, उज्बेकिस्तान के बख्तियार सैदोव, एससीओ महासचिव झांग मिंग वगैरह ने भी भाग लिया। यहां भी हमारे विदेश मंत्री ने बिलावल भुट्टो को नजरअंदाज ही कर दिया। दरअसल, करीब 12 साल बाद किसी पाकिस्तानी विदेश मंत्री की भारत यात्रा है। उनसे पहले हिना रब्बानी खार ने 2011 में शांति वार्ता के लिए पाकिस्तान की विदेश मंत्री के रूप में भारत की यात्रा की थी।

हालांकि एसएससीओ के मंच से कोई द्विपक्षीय मुद्दे नहीं उठाए जाते, पर भारत की तरफ से कतई कोशिश नहीं हुई कि धूर्त पड़ोसी के साथ द्विपक्षीय मुद्दों को सुलझाने की बाबत कोई पहल हो। कारण बहुत साफ है। पाकिस्तान सुधरने का नाम ही नहीं लेता। वहां का अवाम आजकल महंगाई के कारण दाने-दाने को मोहताज है। पर पाकिस्तान नहीं सुधरेगा। पाकिस्तान के नेताओं को मर्यादित भाषा में अपनी बात रखने की तमीज ही नहीं है। पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार में गृह और रेल मंत्री शेख राशिद और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री फवाद चौधरी जेल भी भारत और हिन्दू धर्म के खिलाफ जहर उगलते थे। शेख राशिद बेहद हल्के इंसान हैं। उनकी हरेक प्रेस कॉन्फ्रेंस को देखकर उनके गटर छाप इंसान होने का अंदाजा लग जाता है। वे या तो नवाज शरीफ या शहबाज को कोस रहे होते हैं या वे जरदारी और उनके पुत्र बिलावल भुट्टो को पाकिस्तान के ताजा खराब हालात के लिए दोष दे रहे होते हैं। यहां तो तो ठीक है कि वे अपने राजनीतिक विरोधियों पर अनावश्यक वार करते हैं। उन्हें अपने देश के कठमुल्लों के बीच इसलिए सम्मान मिलता रहा है, क्योंकि वे भारत को परमाणु युद्ध की धमकी देते रहते हैं। अपने को दिलीप कुमार तथा रेखा का फैन बताने वाले शेख राशिद यहां तक कह चुके हैं कि उनके देश के पास रखे परमाणु हथियार भारत के खिलाफ इस्तेमाल हो सकते हैं। इस्तेमाल इस तरह से होंगे ताकि भारत में रहने वाले मुसलमान बच जाएं।

शेख राशिद कहते थे कि हमारे पास 250-250 ग्राम के न्यूक्लियर हथियार हैं, हम जहां चाहे गिरा सकते हैं। पाकिस्तान को डरने की क्या जरूरत है। इसके साथ ही वो कहा करते थे कि भारत को ऐसा सबक सिखाएंगे कि भारत के सारे मंदिरों की घंटियां बंद हो जाएंगी। घोर अवसरवादी राशिद एक जमाने में जुल्फिकार अली भुट्टो से लेकर नवाज शरीफ के करीबी रहे भी हैं। फवाद चौधरी भी शेख राशिद की तरह ही भारत विरोधी हैं। वे भी भारत की तरक्की से जलते-भुनते रहे हैं। जब राफेल लड़ाकू विमान को सौंपे जाने से पहले पूजा हुई तो फवाद चौधरी ने पूजा का मजाक उड़ाया।

दरअसल पाकिस्तान के डीएनए में भारत और हिन्दुओं का विरोध करना है। इसलिए भारत के कई कूटनीति के जानकारों को हैरानी नहीं हुई थी जब बिलावल भुट्टो ने बकवास की थी। पर 2014 के बाद भारत की विदेश नीति बदल चुकी है। अब उसके तेवर और फ्लेवर रक्षात्मक नहीं रहे। अब दोस्ती का जवाब गले मिलकर दिया जाता है और कटुता का जवाब उसी कटु जुबान में दिया जाता है। जाहिर है, उसी नीति पर चलते हुए भारत ने बिलावल भुट्टो को घास नहीं डाली।

इस बीच, यह भी सच है कि एससीओ सदस्यों के बीच आपसी विवाद भी हैं। उदाहरण के रूप में भारत और चीन के बीच सीमा विवाद लंबे समय से चल ही रहा है। पर साथ ही आपसी कारोबार भी जारी है। दोनों मुल्कों का आपसी व्यापार 100 अरब रुपये तक होने को है। आतंकवाद को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद है। भारत बार-बार पाकिस्तान से कहता रहा है कि वह आतंकवाद को खत्म करे। पर पकिस्तान नहीं सुनता। इसलिए वह तेजी से बर्बाद भी हो रहा है। सीमा विवाद किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान के बीच भी है। एससीओ के आठ सदस्य देश दुनिया की आबादी का लगभग 42 फीसदी और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 25 फीसदी प्रतिनिधित्व करते हैं।

इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं जिसे एससीओ देशों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर बढ़ावा दिया जा सकता है। भारत चाहेगा कि वह पाकिस्तान को छोड़कर एससीओ के शेष सदस्यों के साथ मिलकर पर्यटन और बाकी क्षेत्रों में काम करे। पाकिस्तान के साथ तालमेल करने का सवाल ही नहीं है। भारत अपने पड़ोसी को कई बार आजमा चुका है। वहां से कोई सकारात्मक बदलाव की संभावना नहीं है। पाकिस्तान के नेतृत्व और अवाम को अपन खुद के बुरे-भले का पता ही नहीं है। इसलिए उससे अब मित्रता की बात करना व्यर्थ ही होगा।

एस. जयशंकर ने सम्मेलन में पाकिस्तान को साफ बता दिया कि जम्मू-कश्मीर भारत का एक अभिन्न अंग था, है और रहेगा। देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की तरह जम्मू-कश्मीर में भी जी-20 की बैठकें हो रही हैं, इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है।

इन दिनों

आर.के. सिन्हा

बोधि वृक्ष

आईए सुनें भगवान बटुक भैरव की कथा

रूप में संसार की रक्षा की है मेरे क्रोध से इसलिए आज से आपको भैरव की उपाधि दी जाती है। आज से आप 'बटुक भैरव' के रूप में पूजे जाएंगे और मेरे पुत्र के रूप में जाने जाएंगे। बटुक भैरव पापियों के काल है उनकी उपस्थिति जहाँ साधको को सुख का आभास करवाती है वही वो बालक पांच वर्ष की आयु में भी पापियों का काल है, सोचिये की जिस बालक ने माँ काली के क्रोध को शांत कर दिया उसके सामने कौन ऐसा है जो अपनी शक्ति दिखाएगा। ये थी बाबा बटुक भैरव की उत्पत्ति की कथा। उपरोक्त वर्णित दो भैरवों के आलावा कोई भी ऐसे भैरव नहीं है जिनकी उत्पत्ति साक्षात भगवान शिव से हुई हो। रक्षक की भूमिका निभाने के लिए समय समय पर बाबा काल भैरव से ही अन्य सभी भैरवों, उप-भैरवों की उत्पत्ति हुई है जिनका मुख्य उद्देश्य माता के विभिन्न रूपों की रक्षा करना ही था। परन्तु इन सभी भैरवों में से भी एक भैरव ऐसे हुए जो काल भैरव को सबसे प्रिय है। भगवान काल भैरव ने उन्हें अपने अनुज का स्थान दिया अपना दंडाधिकारी बनाया जिनका नाम है कपाल भैरव। कपाल भैरव उत्पत्ति कथा : यहां कपाल भैरव के जन्म की उत्पत्ति की कथा बताने से पहले मैं आप सबकी बाबा कपाल भैरव की कुछ विशेष बाते बताना चाहता हूं और आध्यात्म में सिद्धि की पराकाष्ठा कपाल भेदन क्रिया को माना जाता है इस कपाल भेदन के मुख्य रूप से दो प्रतीकात्मक या मुख देवता है सर्व प्रथम है माता छिन्नमस्ता जिन्होंने स्वयं अपना शिरच्छेद कर दिया था और दूसरी है भगवान परशुराम की माता और ऋषि जमदग्नि की धर्मपत्नी माँ रेणुका जिनका सर पिता की आज्ञा से स्वयं भगवान परशुराम ने काट दिया था, जिस प्रकार सर्प जागृत कुण्डलिनी का प्रतीक होते हैं। उसी प्रकार ये दोनों माताएं कपाल भेदन क्रिया की प्रतीक एवं पराकाष्ठा है। परन्तु शास्त्रों के गूढ़ जानकार इस बात को जानते हैं कि इनके आलावा ***(क्रमशः)***

अशांति के कोहराम में हास्य है अनमोल उपहार

ललित गर्ग

अच्छे स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं समग्र विकास के लिये हास्य जरूरी है। इसीलिये विश्व हास्य दिवस विश्वभर में मई महीने के पहले रविवार को मनाया जाता है। आज के तनाव, अशांत, चिन्ता एवं परेशानियों के जीवन में हास्य की तीव्र आवश्यकता है। क्योंकि हंसना सभी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक विकास में अत्यंत सहायक है। हंसी हमारे जीवन की सफलता की चाबी है, वह अनेक समस्याओं का समाधान भी है। हंसी दुखी दिल के घावों को भरने वाला मलहम है। हमारे चेहरे का व्यायाम है और मन का आराम। शोध कहते हैं कि जैसे-जैसे हम बड़े हो रहे हैं, हमारा हंसना कम हो रहा है। इसी पर लेखक मिशेल प्रिटचार्ड कहती हैं, 'हम इसलिए कम नहीं हंसते कि हम बूढ़े हो गए हैं। हम बूढ़े ही इसलिए हुए कि हमने हंसना बंद कर दिया है।' सेहत का एक मंत्र यह है कि आप खुलकर हंसें। हमें हंसना चाहिए और बात-बेबात हंसते और हंसाते रहना सफल एवं सार्थक जीवन का मंत्र हैं। पर कई बार पूरा पूरा दिन बिना हंसे निकल जाता है। उदासी और बेचैनियों के बादल छाए रहते हैं, हंसी की धूप खिल नहीं पाती। लेखिका एमिली मिचेल कहती हैं, 'हंसी के बिना बीता दिन, अंधेरे में रहने जैसा है, आप अपना रास्ता ढूंढ़ने की कोशिश तो करते हैं, पर उसे साफ-साफ नहीं देख पाते।' हंसना एक ऐसा सकारात्मक भाव है जो व्यक्ति के न केवल आंतरिक बल्कि बाहरी स्वरूप को समृद्धिशाली एवं प्रभावी बनाता है। हास्य एक शक्तिशाली भावना है जिसमें व्यक्ति को ऊर्जावान और संसार को शांतिपूर्ण बनाने की क्षमता हैं। यह व्यक्ति के विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करता है और व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। जब व्यक्ति समूह में हंसता है तो उसकी हंसी से सकारात्मक ऊर्जा सम्पूर्ण परिवेश में व्याप्त हो जाती है।

आज के इस तनावपूर्ण वातावरण में व्यक्ति अपनी मुस्कुराहट व हंसी को भूलता जा रहा है, फलस्वरूप तनावजन्य बीमारियां, जैसे- उच्च रक्तचाप, शुगर, माइग्रेन, हिस्टीरिया, पागलपन, डिप्रेशन आदि को निमंत्रण दे रहा है। हंसने से ऊर्जा और ऑक्सीजन का संचार अधिक होता है। शरीर में से दूषित वायु बाहर निकल जाती है। हमेशा खुलकर हंसना शरीर के सभी अवयवों को ताकतवर और पुष्ट करता है। साथ ही शरीर में रक्त संचार की गति को बढ़ाता है। इसके अलावा पाचन तंत्र अधिक कुशलता से कार्य करता है। इसलिये डॉक्टर भी हर बीमारी के रोगी के लिये हास्य को उपयोगी बताते हैं। क्योंकि जोर-जोर से कहकहे लगाने से पूरे शरीर में प्रत्येक अंग को गति मिलती है। इससे शरीर में मौजूद हारमोन दाता प्रणाली (एंडोफ्राइन ग्रंथि) सुचारुरूप से चलने लगती है, जो कि कई रोगों से छुटकारा दिलाने में सहायक होता है।

जो लोग हमें हंसाते हैं, वे हमारी स्मृतियों में रच-बस जाते हैं। हम किसी को पसंद या नापसंद कई कारणों से कर सकते हैं। पर लंबे समय तक हमारे प्रेम के हकदार वे लोग बनते हैं, जो हमें हंसाते हैं और हमारे चेहरे की हंसी बन जाते हैं। शायद इसीलिए विक्टर बोर्ग कहते हैं, ह्यहंसी दो लोगों के बीच की दूरी को पार करने का सबसे छोटा पुल है। हंसना एक ऐसा बेशकीमती उपहार है, जो कुदरत ने केवल मनुष्य को ही बख्शा है। हास्य एक सार्वभौमिक भाषा है। इसमें जाति, धर्म, रंग, लिंग से परे रहकर मानवता को समन्वय करने की क्षमता है। यह इंसान से इंसान को जोड़ने का उपक्रम है। हंसी विभिन्न समुदायों को जोड़कर नए विश्व का निर्माण करने में सक्षम हैं। यह विचार भले ही काल्पनिक लगता हो, लेकिन लोगों में गहरा विश्वास है कि हंसी ही दुनिया को एकजुट कर सकती है।

हंसी हमारे जीवन की सफलता की चाबी है, वह अनेक समस्याओं का समाधान भी है। हंसी दुखी दिल के घावों को भरने वाला मलहम है। हमारे चेहरे का व्यायाम है और मन का आराम। शोध कहते हैं कि जैसे-जैसे हम बड़े हो रहे हैं।

ऋतुपर्ण दवे

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से



भारतीयों के दूसरे देश के नागरिक बनने के गहरे हैं अर्थ

प्रहलाद सबनानी

केंद्र सरकार ने पिछले साल नौ दिसम्बर को संसद को सूचित किया था कि वर्ष 2011 से 31 अक्टूबर 2022 तक 16 लाख भारतीयों ने अन्य देशों, विशेष रूप से विकसित देशों की नागरिकता प्राप्त कर ली है। वर्ष 2022 में 225,000 भारतीयों द्वारा अन्य देशों की नागरिकता ली गई है। इसी प्रकार, मोर्गन स्टैन्ली ने वर्ष 2018 में एक अखबार में छपे प्रतिवेदन में बताया कि वर्ष 2014 से वर्ष 2018 के बीच भारत से डॉलर मिलिनायर की श्रेणी के 23,000 भारतीयों ने अन्य देशों में नागरिकता प्राप्त की। डॉलर मिलिनायर उस व्यक्ति को कहा जाता है जिसकी सम्पत्ति 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक होती है। ग्लोबल वेल्थ मायग्रेशन रिव्यू आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2020 में डॉलर मिलिनायर की श्रेणी के 7,000 भारतीयों ने अन्य देशों की नागरिकता प्राप्त की। यह संख्या भारत में डॉलर मिलिनायर की कुल संख्या का 2.1 प्रतिशत है। सबसे अधिक संख्या में चीन से डॉलर मिलिनायर श्रेणी के 16,000 नागरिकों ने अन्य देशों में नागरिकता प्राप्त की है। इस सूची में चीन के बाद भारत एवं रूस का स्थान है। हेनली प्राइवेट वेल्थ मायग्रेशन डेशबोर्ड ने सम्भावना व्यक्त की है कि पूरे विश्व से वर्ष 2022 में सबसे अधिक 4000 डॉलर मिलिनायर ने यूएई की नागरिकता प्राप्त की है। आस्ट्रेलिया में 3500 डॉलर मिलिनायर, सिंगापुर में 2800 डॉलर मिलिनायर, इजरायल में 2500 डॉलर मिलिनायर, स्विट्जरलैंड में 2200 डॉलर मिलिनायर एवं अमेरिका में 1500 डॉलर मिलिनायर ने नागरिकता प्राप्त की है। इस प्रकार विश्व के कई देशों से डॉलर मिलिनायर विकसित देशों की नागरिकता ले रहे हैं।

भारतीय किन कारणों के चलते अन्य देशों में नागरिकता प्राप्त कर रहे हैं, इस विषय पर विचार करने पर ध्यान में आता है कि इसके पीछे दरअसल आर्थिक कारण ही जिम्मेदार हैं। सबसे पहले तो भारत में लगातार तेजी से हो रहे आर्थिक विकास के चलते कई भारतीय अन्य देशों में अपना व्यवसाय फैला रहे हैं। इस व्यवसाय की देखभाल करने के उद्देश्य से कई भारतीय परिवार अपने कुछ सदस्यों को अन्य देशों विशेष रूप से विकसित देशों में नागरिकता प्रदान करवा रहे हैं। क्योंकि वर्तमान में जारी नियमों के अनुसार कोई भी व्यक्ति केवल एक देश की नागरिकता प्राप्त कर सकता है। यदि किसी व्यक्ति ने अमेरिकी नागरिकता प्राप्त कर ली है तो उसे भारतीय नागरिकता छोड़नी होगी। दूसरे, विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी जैसे तकनीकी क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त भारतीय नौजवानों को रोजगार के अधिकतम अवसर विकसित देशों में ही उपलब्ध हो रहे हैं, और इन देशों में वेतन भी भारत की तुलना में बहुत अधिक प्राप्त होता है। आज अमेरिका में भारतीय मूल के नागरिक जो उच्च शिक्षा एवं उच्च कौशल वाले क्षेत्रों में कार्यरत हैं उनका औसत वेतन प्रतिवर्ष 125,000 डॉलर से अधिक है जबकि अमेरिका में निवास कर रहे नागरिकों का औसत वेतन प्रतिवर्ष लगभग 70,000 डॉलर के आसपास है। एक तो नौकरियों की अधिक उपलब्धता दूसरे बहुत अधिक वेतन, ये बहुत महत्वपूर्ण कारक हैं जो उच्च शिक्षा प्राप्त भारतीयों को अन्य देशों में रोजगार प्राप्त करने हेतु आकर्षित कर रहे हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत यदि कोई विदेशी नागरिक इन देशों में एक पूर्व निर्धारित राशि का निवेश करता है एवं पूर्व निर्धारित संख्या में रोजगार के नए अवसर उस देश में निर्मित करता है तो उसे उस देश की नागरिकता 'गोल्डन वीजा रूट' के अंतर्गत शीघ्रता से प्रदान कर दी जाती है। इसी कारण के चलते भी कई भारतीय इन देशों में अपनी बहुत बड़ी राशि का निवेश कर रहे हैं एवं इस चैनल के माध्यम से इन विकसित देशों की नागरिकता प्राप्त कर रहे हैं।

भारत में 10 मई 2023 को एक राज्य में चुनाव है जिसके नतीजे 13 मई 2023 को आने हैं वहां चुनावी दंगल में 40 परसेंट बनाम 85 परसेंट का जिक्र हर जनसभा में वक्ताओं द्वारा किया जाता है और एक विपक्षी पार्टी द्वारा मीडिया में विज्ञापन से कमीशन रेट कार्ड भी

राजनीति

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

आयुर्वेद में केश कल्प

वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे
पतंजली आरोग्य केन्द्र रेड़मा
डालटनगंज पलामू झारखण्ड
मो. - 7903216488, 9334716688

प्रत्येक व्यक्ति यह चाहता है कि उसके सिर पर घने व काले बाल बनें रहें परन्तु फिर भी कई लोगों के सिर से बाल समाप्त हो जाते हैं, और गंज निकल जाती है, कुछ लोगों के सिर पर आगे और पीछे थोड़े बाल रह जाते है, बीच में पूरा सिर गंजा हो जाता है, कुछ लोगों का तो पूरा सिर ही केश विहीन हो जाता है, और सिर की चमड़ी उसी प्रकार से चमकने लग जाती, जिस प्रकार से शरीर के अन्य भाग की चमड़ी।

यह गंजापन मानव के लिए अभिशाप की तरह ही है, कई कारणों से यह गंजापन प्रकट होता है। बचपन में किसी विशेष बीमारी की वजह से ज्यादा तली व चटपटी चीजे खाने से, प्रोटीन की कमी से, वंश परम्परा से, अत्यधिक चिंता और मानसिक तनाव से और कई अन्य कारणों से सिर पर यह गंजापन प्रारम्भ हो जाता है, अधिक चालीस वर्ष की आयु के बाद से गंजापन प्रारम्भ होता है, पहले धीरे-धीरे जरूरत से ज्यादा बाल झड़ने है और बाद में सिर पर टांट या गंज निकल आती है। गंजापन व्यक्तित्व को कमजोर बना देता है। इसके लिये एक-दो औषधिये योग 'राष्ट्रीय नवीन मेल' के पाठकों हेतु यहां प्रस्तुत कर रहा हूं। इस योग का निर्माण करें और इसके प्रयोग से सिर में बाल पुनः जमने लगेगें और व्यक्तित्व में चार चांद लग जायेगा। कुछ ही दिनों के बाद यह गंजापन समाप्त होकर वहां पर घने बाल आ जायेंगे।

गंजबासोपा : पहाड़ो में एक जड़ी होती है, जिसे पहाड़ी भाषा में 'गंजबासोपा' कहते है यह नैनीताल देहरादून मसूरी, शिमला, रानी खेत, ऊंटी आदि स्थानों पर आसानी से उगती है। इसके पत्ते छोटे-छोटे नुकीले होते है, इन पत्तियों को चबाने से हल्का सा नशा आने लगता है। वहां पहाड़ी लोगों को इनकी पत्तियों को चबाते हुआ देखा जा सकता है। सदियों में इस पौधे पर छोटे-छोटे फल लगते है, जो कि बेर की गुठली के बराबर पीले रंग के होते है। पहाड़ी व्यक्ति इस पौधे को पवित्र मानते है और उनकी मान्यता है कि गंजबा सोपा घर में रखने से भूत-प्रेत का प्रकोप नहीं होता।

यह गंजबासोपा गंजे व्यक्तियों के लिए वरदान स्वरूप है, इसकी जड़ को लेकर पानी में भिगो देना चाहिए, चौबीस घंटे बाद यह थोड़ा नरम हो जाता है तब इसे कूटकर इसमें गाय का कच्चा दूध मिलाकर लेप सा बना दिया जाता है, रात्रि को सोते समय सिर के उस भाग पर जहां गंज हो, लेप कर दिया जाता है, प्रातः काल गुनगुने जल से धो देना चाहिए। इस प्रकार पन्द्रह दिनों तक इस लेप का प्रयोग करने से गंजे स्थान पर स्वतः ही छोटे-छोटे बाल खाल के अन्दर से निकलने लग जाते है, ये बाल कुदरती काले होते है, इसके प्रयोग से चमड़ी पर अन्य किसी प्रकार का विपरीत प्रभाव भी नहीं पड़ता।

जटाकेशी : आयुर्वेद के लगभग सभी ग्रंथों में इस औषधि का विवरण मिलता है, परन्तु प्रयोग कम ही लोग करने जानते है। अमरकण्टक की पहाड़ियों और नर्मदा नदी के किनारे-किनारे यह पौधा बहुतायत में और आसानी से मिल जाता है। यह पौधा लगभग चार फीट ऊंचा होता है, और इसकी शाखायें पतली-पतली जटा की तरह फैली होती है, उस पर लाल रंग के गोल फल लगते है, जो दूर से अत्यधिक सुन्दर दिखाई देते है।

इन फलों को लाकर धूप में सूखा देना चाहिये, सूखने के बाद पीसकर पाउडर बना लेना चाहिये, फिर एक किलो नारियल तेल में सौ ग्राम इस पाउडर को मिलाकर हल्की सी आंच देकार गर्म कर, फिर तेल को ठण्ड़ा कर छान कर शीशियों में भरकर रख देना चाहिये।

गजापन मिटाने की यह सर्वोत्तम औषधि है, यदि किसी के सिर पर बिलकुल बाल नहीं हो या बाल झड़ रहे हों, अथवा नहीं बढ़ रहे हों तो यह औषधि उनके लिये वरदान स्वरूप है। इस तेल के सेवन और सिर में मर्दन से पुरूष व स्त्रियों के बाल सुन्दर, घने और काले कर उनकी सुन्दरता को बढ़ाने में सहयोग देता है, उसके अलावा इस तेल में या इस औषधि में यह विशेषता है कि इसकी वजह से सफेद बाल जड़ से काले होने की प्रक्रिया में आ जाते है, और कुछ ही दिनों में पूर्णतः काले और चमकदार हो जाते हैं।

इसीका कल्प झाऊ : स्त्री के सौन्दर्य में लम्बे बालों का विशेष महत्व है टुटते हैं, तो ऐसी स्थिति में इषीका कल्प का प्रयोग आश्यचर्यजनक है, इसके प्रयोग से कुछ ही दिनों में बाल लम्बे और एडियों को छूने लायक बन जाते है, साथ ही सफेद बाल काले और चमकीले हो जाते हैं-

सामग्री : (1) झाऊ आधा किलो, (2) आंवला आधा किलो, (3) भांगरे का रस आधा किलो।

झाऊ की मूल छाल तथा आंवला दोनों को भांगरे के रस में पीसकर मिला लें और नित्य सुबह इसमें पानी मिलाकर सिर को अच्छी तरह से धोयें, फिर बाल सुखाने के बाद निम्न प्रकार से तैयार किया हुआ तेल गलायें।

तेल बनाने की विधि : झाऊ (अंदरसे निकला) की जड़ अधिकचरा कूट कर तिल के तेल में मिला लें और फिर एक किलो पानी में मिलाकर मंदाग्नि पर पकावें। जब पानी जल जाय, नब नीचे अतार कर ठंडा होने पर छान लें और यह तेल शीशियों में भर कर, रख दें। बाल सूखने पर इस तेल को बालों में और उसकी जड़ों में अच्छी तरह लगावें तो कुछ ही दिनों में इसका चमत्कार देखने को मिलता है। बाल काले हो जाते है, यही नहीं यदि सिर में बाल नहीं उग रहे हों या टांट हो रही हो, तो वहां पर भी इस तेल क़ी मालिश करने से नए बाल निकाल आते है।

बनमल्लिका : ज्यादा परिश्रम, अनिद्रा या अन्य कई कारणों से बाल झड़ने लग जाते हैं और सिर में गंजापन आने लगता है, स्त्रियों में तो यह रोग विशेष रूप से हो जाता है और इससे उनका सारा सौन्दर्य बरबाद हो जाता है। इस सम्बन्ध में देश विदेशों में हजारों -लाखों खर्च किये जा रहे हैं, परन्तु इसकी कोई प्रमाणिक औषधि प्राप्त नहीं हो सकी है।

आयुर्वेद के प्राचीनतम 'च्यवन संहिता' इस पौधे का वर्णन आमा है, जिसका नाम 'बनमल्लिका' है, इसे मराठी में कुसर तथा हिन्दी में 'नेवारी' कहते है। इसके पत्ते जूही के पत्तों की तरह होते हैं। यह पौधा कई स्थानों पर देखने को मिल जाता है।

इसके पत्तों का पांच तोला रस लेकर ब्रह्मदण्डी के बीजों के साथ घोंट उसे तिल के तेल में हल्की आंच पर पकायें। जब एक घण्टा पक जाये और रस जल जाये तब उसे आग से निचे उतार कर ठण्ड़ा होने दे और फिर उपर का तेल शीशी में भरकर रख दें। इस तेल का प्रयोग एक माह तक करने से बालों का झड़ना बन्द हो जाता है, बाल लम्बे और काले और चमकीले हो जाते है तथा नये सिरे से बाल उगने लग जाते है।

गोरखमुण्डी : गोरखमुण्डी के पत्तों को पानी में उबालकर, ठण्डा कर उस पानी से बाल धोने से बाल काले और लम्बे होते है।

ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए ये जादुई फूल हैं बेहद असरदार

अगर आप भी डायबिटीज के मरीज हैं, तो आप ब्लड शुगर कंट्रोल करने के लिए दवाओं के साथ ही कुछ नैचुरल घरेलु उपायों को भी आजमा सकते हैं। बता दें कि एक अध्ययन के मुताबिक सदाबहार के पत्तों में ब्लड शुगर कम करने की ताकत होती है। अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं, या आपके घर में कोई व्यक्ति शुगर का मरीज है, तो आप डायबिटीज और ब्लड शुगर कंट्रोल करने के लिए दवाओं के अलावा कुछ नैचुरल घरेलू उपाय भी आजमा सकते हैं। यह डायबिटीज के कई असरदार और नैचुरल घरेलू उपाय हैं। क्या आप जानते हैं कि सदाबहार का पौधा भी डायबिटीज के मरीजों के लिए औषधि के रूप में काम करता है। NCBI पर प्रकाशित के अध्ययन के मुताबिक सदाबहार के पत्तों में ब्लड शुगर कम करने की ताकत होती है। वहीं वैज्ञानिकों का मानना है कि सदाबहार के पौधे का इस्तेमाल डायबिटीज के इलाज के लिए एक औषधि के रूप में किया जाता है। सदाबहार के पत्तों का रस या काढ़ा डायबिटीज के इलाज में फायदेमंद होता है। शोधकर्ताओं ने डायबिटिक खरगोशों अपना रिसर्च किया था। जिसमें सामने आया कि इस औषधीय पौधे की हाइपोग्लाइसेमिक एक्टिविटी ने खरगोशों में ब्लड शुगर को कम कर दिया। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सदाबहार क्या होता है और यह डायबिटीज की बीमारी में किस तरह से काम करता है।

क्या है सदाबहार

आपको कहीं भी सदाबहार का पौधा दिख सकता है। बता दें कि इस पौधे पर सफेद, लाल और गुलाबी रंग के फूल आते हैं। इस पौधे को अंग्रेजी में Catharanthus roseus कहते हैं। यह एक ऐसा पौधा है जिसका इस्तेमाल औषधीय रूप के अलावा सजावट के रूप में भी किया जाता है। टाइप-2 डायबिटीज के इलाज के लिए इस पौधे की हरे रंग की पत्तियों का इस्तेमाल प्राकृतिक औषधि के रूप में किया जाता है।

शोधकर्ताओं ने ब्लड शुगर पर सदाबहार का प्रभाव जानने के लिए डायबिटिक खरगोशों पर इसका अध्ययन किया गया। इस दौरान सदाबहार की पत्तियों का रस खरगोशों को पीने को दिया। जिसके बाद पाया गया कि खरगोशों में 16 से 31.9 फीसदी तक ब्लड शुगर लेवल कम हो गया था। शोधकर्ताओं ने रिसर्च में पाया कि सदाबहार के पौधे में एंटीडायबिटिक एक्टिविटी पाई जाती है। जिसके कारण यह ब्लड शुगर को कम करने में मददगार है। साथ ही यह कई रोगों से बचाव में भी सहायक है।

डायबिटीज के लिए ऐसे करे सदाबहार का इस्तेमाल

आयुर्वेद क्लिनिक डायरेक्टर डॉक्टर कपिल त्यागी ने सदाबहार के इस्तेमाल के तीन तरीके बताए हैं।

सदाबहार के पत्तों को सूखाकर इसका पाउडर बना कर रख लें। फिर प्रतिदिन फलों के जूस में इस पाउडर को 1 चम्मच मिलाकर इसका सेवन करें।

आप ब्लड शुगर कंट्रोल करने के लिए हर रोज सदाबहार के तीन पत्ते चबा सकते हैं।

इसके अलावा सदाबहार के फूलों को पानी में उबालकर भी सुबह खाली पेट पी सकते हैं।

अन्य स्वास्थ्य फायदे

आयुर्वेद और चीनी दवाओं में सदाबहार का लंबे समय से इस्तेमाल किया जा रहा है। मलेरिया, गले में खराश, डायबिटीज और ल्यूकेमिया जैसी स्थितियों को कंट्रोल करने के लिए भी सदाबहार का इस्तेमाल किया जाता है।

इन बातों का रखें ध्यान

अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं और ब्लड शुगर कंट्रोल करने के लिए सदाबहार के इस उपाय को आजमाना चाहते हैं, तो इसका इस्तेमाल करने से पहले किसी आयुर्वेदिक विशेषज्ञ या एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।

❖ **अनन्या मिश्रा**

काव्य कोना

परीक्षा की कहानी

परीक्षा की कहानी
कहानी का इतिहास
सहनशीलता और संयम
शालीनता का इतिहास
ब्रह्म जिज्ञासा की व्याख्या
आत्मा परमात्मा का इतिहास
पांडित्य का शोर
लौकिकता अलौकिकता का
विवेचन।
कभी कहीं परिवेश बदला
मान मयार्दा का जोर बदला
वर्जना , नियम , बंधन
वज्र पर गर्जना
दूध पर कुठाराघात
मूढ़पन का कुठाराघात
किनारे में बंधे नहर
परिकल्पना कहाँ बाढ़ की
आयेगी नई मिट्टी कहाँ
दोहराये जायेंगे प्रश्न
सफल असफल फिर भी
होंगे
हाय रे योग्यता, हाय रे तुम्हारा
इतिहास
परीक्षा की कहानी
कहानी का इतिहास।

❖ **नाग मणि**

गर्मियों में कच्चा आम खाने से मिल सकते हैं ये फायदे

कच्चा आम आपके इम्यून सिस्टम के लिए काफी अच्छा है। इसके सेवल से आपको विटामिन ए और सी पर्याप्त मात्रा में मिलता है, जिसके कारण यह इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। इतना ही नहीं, यह संक्रमण और फ्लू को रोकता है जो वायरस और बैक्टीरिया के कारण होता है। गर्मी का मौसम आते ही हम सभी आम खाना शुरू कर देते हैं। अमूमन हम आम को फल के रूप में खाते हैं। लेकिन कच्चे आम से रायता से लेकर चटनी व आम पन्ना आदि बनाकर इसका सेवन करते हैं। जहां एक ओर आम का टैंगी टेस्ट बेहद ही टेस्टी लगता है, वहीं यह हेल्थ के लिए भी बेहद ही लाभदायी है। यह विटामिन, खनिज और एंटी-ऑक्सीडेंट से भी भरपूर होता है जो हमारे शरीर को स्वस्थ रहने में मदद करता है।

शरीर को करें हाइड्रेट : गर्मी के मौसम में शरीर को हाइड्रेट रखना बेहद जरूरी होता है और इस लिहाज से कच्चे आम का सेवन करना यकीनन अच्छा विचार है। दरअसल, कच्चा आम सोडियम क्लोराइड, पोटेशियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, विटामिन सी, कैल्शियम और आयरन से भरपूर होता है जो गर्मियों में अत्यधिक पसीने के कारण खो जाने वाले इलेक्ट्रोलाइट्स को फिर से भरने में मदद करता है। इतना ही नहीं, यह थकान को दूर करने के साथ-साथ आपको ऊर्जावान भी बनाता है।

इम्यून सिस्टम को करे बूस्ट : कच्चा आम आपके इम्यून सिस्टम के लिए काफी अच्छा है। इसके सेवल से आपको विटामिन ए और सी पर्याप्त मात्रा में मिलता है, जिसके कारण यह इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। इतना ही नहीं, यह संक्रमण और फ्लू को रोकता है जो वायरस और बैक्टीरिया के कारण होता है।

हड्डियों को मिलती है मजबूती : आपको शायद पता ना हो, लेकिन कच्चा आम हड्डियों के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। दरअसल, यह विटामिन सी से भरपूर है, जो कोलेजन बनाने में मदद करता है। साथ ही, यह कनेक्टिव टिश्यू को भी बेहतर बनाए रखने में मदद करता है। इसलिए, अगर आप कच्चे आम को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं तो इससे आपकी हड्डियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

कब्ज से बचाए : अगर आप अपने पाचन तंत्र का बेहतर तरीके से ख्याल रखना चाहते हैं तो ऐसे में आपको कच्चे आम का सेवन करना चाहिए। कच्चा आम फाइबर से भरपूर होता है और इसलिए जब इसका सेवन किया जाता है तो इससे कब्ज से राहत मिलती है। बता दें कि एक मध्यम आकार का कच्चा आम लगभग 2.64 ग्राम फाइबर देता है।

❖ **मिताली जैन**

सूडोकु नवताल- 6693

★★★★☆ मध्यम

4	6		3		8	9		7
	1		9		6		5	4
						8		
	4		5				8	
2		5		4		6		1
	3				1		7	
		3						
5	9		7		2		6	
7		6	4		3		9	2

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6692 का हल

5	7	2	3	8	4	1	9	6
8	6	1	9	2	5	7	3	4
3	9	4	1	6	7	5	8	2
2	5	7	4	1	3	8	6	9
4	8	6	5	9	2	3	7	1
1	3	9	6	7	8	4	2	5
6	2	3	7	4	1	9	5	8
9	4	5	8	3	6	2	1	7
7	1	8	2	5	9	6	4	3

दैनिक पंचांग

08 मई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मेष में	**वृष**	05.51 बजे से
चंद्र	वृश्चिक में	**मिथुन**	07.49 बजे से
मंगल	मिथुन में	**कर्क**	10.03 बजे से
बुध	मेष में	**सिंह**	12.19 बजे से
गुरु	मेष में	**कन्या**	14.31 बजे से
शुक्र	मिथुन में	**तुला**	16.42 बजे से
शनि	कुंभ में	**वृश्चिक**	18.56 ब.से
राहु	मेष में	**धनु**	21.12 बजे से
केतु	तुला में	**मकर**	23.18 बजे से
राहुकाल		**कुंभ**	01.04 बजे से
7.30 से 9.00		**मीन**	02.37 बजे से
बजे तक		**मेष**	04.07 बजे से

सोमवार 2023 वर्ष का 128 वां दिन
दिशाशूल पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
वक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण
तिथि तृतीया 18.19 बजे को समाप्त।
नक्षत्र ज्येष्ठा 19.10 बजे को समाप्त।
योग शिव 00.09 बजे रात्र को समाप्त।
करण वणिज 07.20 बजे, विष्टि 18.19 बजे तदनन्तर बव 05.15 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.8 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 16° 58'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871607
जूलियन दिन 2460072.5
कलियुग संवत् 5123
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2549
हिजरी सन् 1444
महीना सव्वाल **तारीख** 17
विशेष संकष्टी गणेश चतुर्थी।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
अमृत	05.53 से	07.22 बजे तक	**चर**	05.43 से	07.14 बजे तक
काल	07.22 से	08.50 बजे तक	**रोग**	07.14 से	08.45 बजे तक
शुभ	08.50 से	10.19 बजे तक	**काल**	08.45 से	10.17 बजे तक
रोग	10.19 से	11.48 बजे तक	**लाभ**	10.17 से	11.48 बजे तक
उद्वेग	11.48 से	01.17 बजे तक	**उद्वेग**	11.48 से	01.19 बजे तक
चर	01.17 से	02.45 बजे तक	**शुभ**	01.19 से	02.51 बजे तक
लाभ	02.45 से	04.14 बजे तक	**अमृत**	02.51 से	04.2 बजे तक
अमृत	04.14 से	05.43 बजे तक	**चर**	04.22 से	05.53 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

शब्द पहेली - 7755

1	2		3		4		■	■
■		■		■		■	5	■
6		■	7			■	8	9
	■	10		■	11	12	■	
13			■	■	■	14		
	■	15	16	■	17		■	
18	19	■	20			■	21	
■		■				■		■
■	■	22						



बाएँ से दाएँ

1. कृष्ण का एक नाम-4,3
6. धन,संपत्ति-2
7. इस युवती को बयान बदलने पर जेल की सजा हुई है-3
8. विजय,फतह-2
10. आम जनता,लोग-2
11. लाभ,कुल योग-2
13. निर्माण,कृति-3
14. उत्तर-3
15. नष्ट,विनाश-2
17. रुस्तमे हिंद का सिर्फ नाम-2
18. तह,अस्तर-2
20. राजी होना-3
21. अवरोध,रुकावट-2
22. आतंक फैलना-4,3

ऊपर से नीचे

2. भिड़ंत,मुठभेड़-3
3. इस्लामी महीना-4
4. हाथी,गज-4
5. न्यायाधीश-2
6. जोरदार-5
9. लालसी,आकांक्षी, पिपासु-5
10. स्त्रीत्वपूर्ण,स्त्रीय-3
12. वृतांत,घटना-3
16. हल,निष्कर्ष-4
17. राशन,भोजन-4
19. घोड़ा गाड़ी-2
21. रुकावट,अवरोध-3

शब्द पहेली -7754 का हल

अ	प	ना	प	न	■	प	क	ना
रा	ल	■	त	■	ख	स	म	■
ज	■	का	न	न	■	■	जो	श
क	ह	र	■	क	र	ता	र	■
ता	■	ग	■	छे	■	र	■	फ
■	ब	र	ग	द	■	ता	मी	र
द	गा	■	■	न	ज	र	■	मा
■	ब	त	न	■	ह	■	पा	ई
फ	त	ह	■	स	र	फ	रो	श

आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आकस्मिक धनलाभ के योग रहेंगे। व्यापार अच्छा चलेगा और नौकरी में तरक्की की संभावना रहेगी। कार्यों में सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

वृष राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यभार की अधिकता रहेगी।

मिथुन राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलने से मन प्रफुल्लित रहेगा और नई ऊर्जा के साथ काम करेंगे, जिससे कार्य आसानी से पूरे होंगे।

कर्क राशि : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आकस्मिक धनलाभ के योग भी बन रहे हैं।

सिंह राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अनुकूल वातावरण रहेगा और कार्यों में सफलता मिलने से धनलाभ की स्थिति रहेगी।

कन्या राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं। हालांकि, कुछ कार्यों में सफलता मिलेगी।

तुला राशि : आपके लिए आज का दिन शुभ है। आर्थिक लाभ के संयोग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी और माहौल आपके अनुकूल रहेगा।

वृश्चिक राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन कार्यभार की अधिकता रहेगी और दिन भागदौड़ में बीतेगा।

धनु राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन कड़ी मेहनत से कार्यों में सफलता मिलेगा। व्यवसाय विस्तार की योजनाएं बना सकते हैं।

मकर राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों के लिए समय अच्छा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा।

कुंभ राशि : आपके लिए आज का दिन शुभ है। दैनिक कार्य भी आत्मविश्वास और एकाग्र मन से पूर्ण कर पाएंगे। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा है। सेहत थोड़ी नरम हो सकती है।

मीन राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन परिजनों-मित्रों के सहयोग से सभी कार्य सफल होंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

बारातियों से भरी बस गड्ढे में गिरी, 5 की मौत, 17 घायल

उत्तर प्रदेश में जालौन जिले के माधवगढ़ क्षेत्र में हुई दुर्घटना

एजेंसी। जालौन

प्रदेश में जालौन जिले के माधवगढ़ क्षेत्र में रविवार तड़के बारातियों को ले जा रही एक बस के किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने और सड़क किनारे खड्ड में जा गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि हादसे में 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है। पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने मीडिया को बताया कि शनिवार 6 मई को रेडर थाना क्षेत्र के मंडेला गांव से एक बारात रामपुरा इलाके के दुतावली आई थी। उन्होंने बताया कि रविवार

तड़के लगभग 3 बजे कुछ बारातियों को लेकर एक बस वापस मंडेला जा रही थी। बस माधवगढ़ के गांव गोपालपुरा के पास पहुंची ही थी कि तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह एक गहरे गड्ढे में जा गिरी। राहगीरों की सूचना पर माधवगढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

ग्रेटर-नोएडा में सड़क किनारे खड़े मजदूरों को कार ने कुचला, दो की मौत

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में तेज रफ्तार कार ने सड़क के पास खड़े मजदूरों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो को अस्पताल ले जाया गया। एक मजदूर को डॉक्टरों ने अस्पताल पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया। एक मजदूर की अभी की हालत नाजुक बनी हुई है। उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। दरसअल, बीती देर रात 10 से 15 मजदूर सेक्टर 135 में एक लेंटर डाल कर आए थे। यह ट्रैक्टर ट्रॉली से अल्फा वन सेक्टर के डोमिनोज गोलचक्कर के पास पहुंच गए। वहां पर ठेकेदार इन सभी लोगों को पैसे देकर इनका हिसाब कर रहा था। बीटा 2 थाना क्षेत्र के अल्फा-2 गेट नं-8 के सामने मेन रोड के किनारे जब इनका हिसाब हो रहा था तो कुछ लोग हिसाब करके पीछे हो गए। उसी समय तेज रफ्तार से एक काले रंग की कार आई और तीन मजदूरों को कुचलकर फरार हो गई।

दिल्ली के बाद अब छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला

ईडी का दावा- दो हजार करोड़ के मिले सबूत

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में बेची गई शराब की 'हर बोतल' पर 'अवैध रूप' से धन एकत्रित किया गया और रायपुर महापौर एजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर की अगुवाई वाले शराब सिंडिकेट द्वारा दो हजार करोड़ रुपये के 'अभूतपूर्व' भ्रष्टाचार और धनशोधन के सबूत एकत्रित किये गए हैं। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अनवर ढेबर को संघीय एजेंसी ने धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत शनिवार तड़के रायपुर के एक होटल से तब गिरफ्तार किया, जब वह पिछले दरवाजे से भागने की कोशिश कर रहे थे। विशेष पीएमएलए अदालत ने बाद में उन्हें चार दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया जबकि उनके वकील ने आरोप लगाया कि उनके

मुवक्किल के खिलाफ कार्रवाई राजनीति से प्रेरित प्रतीत होती है और वे इसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख करेंगे। एजेंसी ने कहा कि अनवर ढेबर सात बार तलब किए जाने के बावजूद मामले की जांच में शामिल नहीं हुए और आरोप लगाया कि वह लगातार बेनामी सिम कार्ड और इंटरनेट डोंगल का उपयोग कर रहे थे, और अपना ठिकाना बदल रहे थे। एजाज ढेबर छत्तीसगढ़ में सत्तारूढ़ कांग्रेस के एक प्रभावशाली नेता माने जाने जाते हैं। ईडी ने आरोप लगाया है, जांच में पाया गया कि अनवर ढेबर के नेतृत्व में एक संगठित आपराधिक सिंडिकेट छत्तीसगढ़ में काम कर रहा था। अनवर ढेबर एक आम नागरिक हैं लेकिन वह उच्च-स्तरीय राजनीतिक प्राधिकारियों और वरिष्ठ नौकरशाहों की ओर से पैसे लेते थे। ईडी ने आरोप लगाया, उन्होंने एक व्यापक साजिश रची और घोटाले को अंजाम देने के लिए व्यक्तियों/इकाइयों का एक व्यापक नेटवर्क तैयार किया ताकि छत्तीसगढ़ में बेची जाने वाली शराब की प्रत्येक बोतल से अवैध रूप से धन एकत्रित किया जा सके। ईडी ने कहा कि मार्च में रायपुर में अनवर ढेबर के आवासीय परिसरों सहित छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में 35 स्थानों पर छापे मारे गए थे और इस दौरान 2019-2022 के बीच दो हजार करोड़ रुपये के अभूतपूर्व भ्रष्टाचार और धनशोधन के सबूत मिले। ईडी ने आरोप लगाया कि अनवर ढेबर इस पूरे अवैध धन संग्रह के लिए जिम्मेदार थे, लेकिन वह इस घोटाले के अंतिम लाभार्थी नहीं हैं। उसने दावा किया, यह बात सामने आयी कि एकत्रित राशि का कुछ हिस्सा अपने पास रखकर शेष राशि अपने राजनीतिक आकाओं को दे दिया करते थे। एजेंसी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में राज्य शराब व्यापार के सभी पहलुओं पर सरकार का नियंत्रण है यानी शराब खरीद से लेकर खुदरा बिक्री तक सरकार के हाथ में है और किसी भी निजी दुकान की अनुमति नहीं है।

तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर मुठभेड़ में मारे गए दो माओवादी

एलेंसी। हैदराबाद

तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए। मुठभेड़ जिले के चेरला मंडल के पुट्टपडु जंगल में हुई। मृतकों में कथित तौर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) का आईओएस कमांडर राजेश शामिल है। यह घटना तब हुई जब तेलंगाना के माओवादी विरोधी बल ग्रेहाउंड के कर्मी जंगल में तलाशी अभियान चला रहे थे। ग्रेहाउंड्स के साथ माओवादियों का आमना-सामना हो गया। जब उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, तो उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में माओवादी विरोधी बल ने भी गोलियां चलाईं। इस दौरान दो माओवादी मारे गए और अन्य घने जंगल में भागने में सफल रहे। ग्रेहाउंड कर्मियों के बीच किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर में 26 अप्रैल को एक बारूदी सुरंग विस्फोट में 10 सुरक्षाकर्मियों और एक नागरिक की मौत के मद्देनजर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने पुलिस कर्मियों से कहा कि वे सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखें। उन्होंने पुलिस कर्मियों से कहा था कि राज्य में कानून व्यवस्था से जुड़ी एक छोटी सी घटना भी तेलंगाना राज्य के विकास पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए पुलिस अधिकारी और सतर्क रहें और स्थिति से मजबूती से निपटें। डीजीपी ने कहा कि विधानसभा चुनावों के मद्देनजर अधिकारियों को राज्य में राजनीतिक गणमान्य व्यक्तियों के दौरे और वीवीआईपी आंदोलन के दौरान सुरक्षा के लिहाज से पर्याप्त सावधानी बरतनी होगी।

2024 की गणतंत्र दिवस परेड में सिर्फ महिलाएं होंगी शामिल

बैंड से लेकर झांकियों में भी दिखेगी महिला शक्ति

एजेंसी। नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्त्तव्य पथ पर होने वाले आधिकारिक समारोह में मार्च करने वाली टुकड़ी और बैंड दस्ते में शामिल सभी प्रतिभागी महिलाएं हो सकती हैं और अधिकारी इस तरह के प्रस्ताव पर काम कर रहे हैं। रक्षा सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने मार्च में 2024 परेड की योजना पर तीनों सेनाओं, विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को एक कार्यालय ज्ञापन भेजा है। सूत्रों ने कहा कि ज्ञापन में इस तरह के प्रस्ताव पर विचार किए जाने का उल्लेख किया गया है और कहा गया है कि फरवरी की शुरूआत में रक्षा सचिव की अध्यक्षता में एक 'डी-ब्रीफिंग बैठक' आयोजित की गई थी। ज्ञापन में कहा गया है कि विचार-विमर्श के बाद, यह निर्णय किया गया कि अगले साल गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में शामिल टुकड़ियों (मार्चिंग और बैंड), झांकी और अन्य प्रदर्शनों में केवल महिला प्रतिभागी होंगी।

फोटो ऑफ द डे

रविवार को केरल स्कूल, नई दिल्ली में नीट परीक्षा के लिए उपस्थित होने से पहले उम्मीदवार कतार में प्रतीक्षा करते हुए। *(फोटोः आईएएनएस)*

गैंगस्टर एक्ट मामले में मुख्तार अंसारी के खिलाफ फैसला 20 को

एजेंसी। वाराणसी

अतिरिक्त जिला न्यायाधीश-4, गाजीपुर, दुर्गेश कुमार की सांसदों और विधायकों के मामलों की विशेष अदालत जेल में बंद गैंगस्टर मुख्तार अंसारी के मामले में 20 मई को गैंगस्टर एक्ट के तहत फैसला सुनाएगी। करंडा थाने में अंसारी को दो मामलों में आरोपी बनाए जाने के बाद गाजीपुर पुलिस ने 2009 में तीसरी बार उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मामला दर्ज किया था। अतिरिक्त जिला सरकारी वकील (आपराधिक) गाजीपुर, नीरज श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्तार के वकील द्वारा लिखित दलीलें प्रस्तुत करने के साथ उसके खिलाफ मामले की सुनवाई शनिवार को पूरी हो गई। इस मामले के रिकॉर्ड के अनुसार, मोहम्मदाबाद के एक मीर हसन ने 2009 में सोनू यादव के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कराया था। पुलिस जांच के दौरान मुख्तार पर इस मामले में आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाया गया था।

मुख्तार 2009 में करंडा थाना क्षेत्र में हुए कपिलदेव सिंह हत्याकांड में भी आरोपी था।

इस बीच, मऊ पुलिस ने मुख्तार अंसारी के शार्प शूटर अनुज कनौजिया की पत्नी रीना राय और उसके रिश्तेदार शिवरतन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

घर के पूरब-दक्षिण कोण पर मनी प्लांट लगाने से क्या होता है

आरएनएम। नई दिल्ली

लोग अपने कार्यालय या आवास में इन दिनों मनी प्लांट शुद्ध हवा के लिए लगाने लगे हैं। कोरोना महामारी के बाद यह चलन बढ़ गया है। इससे घर में हरियाली तो होती ही है , ज्योतिष अनुसार देवता भी खुश होते हैं। ज्योतिष के अनुसार पौधों का संबंध ग्रहों से माना जाता है। जैसे- शमी के पौधे का संबंध शनि ग्रह से माना जाता है। ऐसे ही केले का संबंध बुध ग्रह से माना जाता है। यहां बात करने जा रहे हैं मनी प्लांट पौधे के बारे में, जिसका संबंध माता लक्ष्मी और शुक्र ग्रह से माना जाता है। जो भौतिक सुख-सुविधा, जिंदगी में तरक्की, धन, वैभव, ऐश्वर्य और यश आदि के कारक ग्रह हैं। वहीं वास्तु अनुसार घर में सही दिशा में मनी प्लांट होने से शुक्र ग्रह भी प्रसन्न रहते हैं। साथ ही घर में सकारात्मकता बनी रहती है। लेकिन क्या आपको पता है मनी प्लांट लगाने की सही दिशा कौन सी है। वास्तु अनुसार मनी प्लांट के पास शुक्र के शत्रु ग्रहों जैसे सूर्य, मंगल या चंद्रमा का पौधा नहीं होना चाहिए, ऐसा करने से मनी प्लांट का फायदा नहीं उठा पाएंगे। साथ ही ऐसा करने से वास्तु दोष भी लग सकती है। साथ ही अगर आपसे कोई व्यक्ति मनी प्लांट मांगने आता है, तो यह पौधा बिल्कुल भी नहीं दें। ऐसा करने से शुक्र देव नाराज हो सकते हैं और उनका प्रकोप आपको झेलना पड़ सकता है।अक्सर लोग घर पर मनी प्लांट को किसी भी दिशा में लगा देते हैं, जो कि गलत है। क्योंकि ऐसा करने से वास्तु देवता नाराज हो सकते हैं। इसलिए मनी प्लांट के पौधे को हमेशा आग्नेय दिशा यानी घर के दक्षिण पूर्व दिशा में लगाना चाहिए। क्योंकि इस दिशा के स्वामी स्वयं गणेश भगवान हैं और प्रतिनिधि शुक्र ग्रह हैं। इसलिए गणेश जी सभी परेशानियों और विघ्न को दूर करते हैं। साथ ही शुक्र देव धन- समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।

पलटवार सचिन पायलट पर सीएम गहलोत बोले

विधायकों 20 करोड़ वापस कर दो

एजेंसी। जयपुर

राजस्थान में विधानसभा चुनाव से पहले ही चुनावी दंगल शुरू हो गया है। आरोप प्रत्यारोप का एक बड़ा दौर करवट ले रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें उनके निशाने पर देश के गृहमंत्री अमित शाह हैं। वायरल वीडियो में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कह रहे हैं कि गृहमंत्री अमित शाह बहुत खतरनाक खेल खेलते हैं। वह डराएगा और धमकाएगा। उसका पैसा 10 करोड़, 15 करोड़ या फिर 20 करोड़ जो भी है वापस कर दो। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत वायरल वीडियो में यह साफ कहते हुए नजर आ रहे हैं कि गृहमंत्री अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान और गजेंद्र सिंह

शेखावत ने राजस्थान में कांग्रेस की सरकार गिराने की कोशिश की। एक पूरा षडयंत्र रचा। राजस्थान में राजनीति का जो संकट आया। इन्हीं सब ने मिलकर कांग्रेस सरकार गिराने की साजिश रची।गौरतलब है कि जुलाई 2020 में गहलोत सरकार पर उस समय राजनीतिक संकट खड़ा हो गया था जब उप मुख्यमंत्री कुछ विधायकों को लेकर मानेसर चले गए थे। इसके बाद अशोक गहलोत सरकार अल्पमत में आ गई थी।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस वायरल वीडियो में कह रहे हैं कि इन लोगों ने पैसा बांट दिया राजस्थान के अंदर लेकिन पैसे वापस ले नहीं रहे हैं वो लोग। मुझे चिंता लगी हुई है कि पैसा क्यों नहीं ले रहे हैं वो लोग। वापस क्यों नहीं मांग रहे पैसा। मैने सभी एमएलए को कहा कि तुमने गलती कर दी कोई बात नहीं। भूलो माफ करो। दबाव नहीं रहे ईमानदारी से काम कर सको। उनका पैसा वापस करो। मैं पूरा साथ दूंगा।

मुख्यमंत्री इसी वीडियो में साफ कहते हुए नजर आ रहे हैं कि मैनें एमएलएज को कह दिया कि जितना पैसा लिया है मान लो दस करोड़ या 15 करोड़ या फिर 20 करोड़ लिया है। जो भी लिया है। कुछ खर्च कर दिया हो वो खर्च किया हुआ पैसा मैं दे दूंगा। एआईसीसी से दिलावा दूंगा उनको। वापस अमित शाह को 10 करोड़ दो वापस। 15 करोड़ हैं तो 15 दो लेकिन उसका पैसा न रखो।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सचिन पायलट खेमे को साधते हुए कहा कि गलती हो गई कोई बात नहीं। मुझे आपने मुख्यमंत्री बनाया है। राहुल गांधी ने बनाया है। सोनिया गांधी ने तीन तीन बार मुख्यमंत्री बनाया है। मेरी यह ड्यूटी बनती है कि पुरानी बातें भुलकर सबको साथ लेकर चलूं। काम में किसी के भी कोई कमी नहीं की है।

गोल्डन टेंपल के पास ब्लास्ट में कई घायल

चंडीगढ़। पंजाब के पवित्र शहर अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के पास हेरिटेज स्ट्रीट में एक रेस्तरां में विस्फोट हुआ जिसमें कई लोग घायल हो गए। हालांकि पुलिस का कहना है कि यह आतंकी हमला नहीं बल्कि एक हादसा था। दरबार साहिब के पास व्यस्त हेरिटेज स्ट्रीट में शनिवार रात धमाका हुआ जिसके बाद दहशत फैल गई। मौके पर मौजूद कई श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने इसे आतंकी विस्फोट माना। पुलिस अधिकारियों ने शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और घबराने की जरूरत नहीं है। एक पुलिस अधिकारी ने मीडिया को बताया कि विस्फोट संभवतः एक रेस्तरां की चिमनी में हुआ। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मेहताब सिंह ने कहा कि घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

FILMY हलचल

सोनम के 'फ्रेंड्स' ने कॉरोनेशन कॉन्सर्ट के लिए तैयार किया खास आउटफिट

एक्ट्रेस सोनम कपूर यूके में विंडसर कैसल में किंग चार्ल्स 3 के कोरोनेशन कॉन्सर्ट में स्टीव विनवुड और कॉमनवेल्थ वर्चुअल क्वायर का परिचय देते हुए एक स्पोकन वर्ड पीस परफॉर्म करेंगी। सोनम कॉमनवेल्थ के दो डिजाइनरों द्वारा विशेष रूप से इस अवसर के लिए तैयार किए गए डिजाइन आउटफिट को पहनेंगी। बेस्पोक फ्लोर-लेंथ गाउन, जिसमें कोर्सेट चोली और टेक्चरल गोडेट प्लीट्स के साथ एक फुल-स्कर्ट है, जिसे यूके के फैशन डिजाइनर एमिलिया विकस्टेड द्वारा डिजाइन किया गया है। केलिको से प्रेरित प्रिंट प्रसिद्ध भारतीय फैशन डिजाइनर अनामिका खन्ना द्वारा बनाया गया है।

ट्रोल आर्मी को जवाब भी दे देती हैं दीपिका

रामायण में माता सीता का किरदार निभाकर घर-घर में फेमस हुईं दीपिका चिखलिया ने बताया है कि वो ट्रोल आर्मी को जवाब भी दे देती हैं। उन्होंने बताया है कि वह ट्रोल आर्मी से कैसे डील करती हैं। उनका मानना है कि अगर वह एक पब्लिक फिगर हैं तो पूरा देश उनके बारे में हर तरह की बात करेगा। अपने ओपिनियन बनाएगा। एक्ट्रेस ने कहा कि कुछ लोग सिर्फ परेशान करना जानते हैं। लेकिन कुछ लोग वाकई प्यार देते हैं। दीपिका चिखलिया ने कहा कि वह फेमस हैं। पब्लिक फिगर हैं। इसलिए उनकी यही कोशिश होती है कि वो अपने चाहने वालों को दुखी न करें। उनका दिल न दुखाएं।

अनिल कपूर व आदित्य द नाइट मैनेजर के पार्ट-2 को 30 जून को करेंगे रिलीज

आदित्य रॉय कपूर और अनिल कपूर स्टारर पॉपुलर वेब सीरीज द नाइट मैनेजर का दूसरा पार्ट 30 जून को डिज्नी हॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। इस लैविश ड्रामा नाटक को भव्य लोकेशन पर शूट किया गया है और इसमें हाई-ऑक्टेन थ्रिल देखने को मिले वाला है। द नाइट मैनेजर, जॉन ले कैरे के इसी नाम के उपन्यास का हिंदी रूपांतरण है। इस सीरीज में बॉलीवुड स्टार अनिल कपूर हैं, जो एक हथियार डीलर की भूमिका निभाते हैं। साथ ही आदित्य रॉय कपूर एक अंतरराष्ट्रीय आर्म सिंडिकेट के बारे में जानकारी खोजने के लिए के लिए सरकार द्वारा लगाए गए एक एजेंट की भूमिका निभा रहे हैं। हिंदी वर्जन क्लिफहेंजर के साथ खत्म हुआ और इसके पार्ट-2 को लोग दिल थामकर इंतजार कर रहे हैं। अनिल कपूर ने मीडिया से कहा कि मैं द नाइट मैनेजर के लिए हमारे प्रशंसकों के दिखाए गए प्यार और समर्थन से अभिभूत हूं। उनके उत्साह ने हमें और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया है। मैं हर बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं कि इस दूसरे पार्ट के ट्विस्ट एंड टर्न देखकर लोगों का रिएक्शन कैसा होता है। इस बार भी आपको शैली अपने उसी अंदाज में नजर आएगा।

झारखंड में जमीन की लूट से दुखी पद्म पुरुस्कार विजेता

सेना की जमीन बेचने वालों को देशद्रोही घोषित करने की मांग

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पद्मश्री मुकुंद नायक और पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख ने सरकार से भ्रष्ट अधिकारियों को बर्खास्त करने की अनुशंसा केंद्र को भेजने की मांग की है। इसके साथ साथ रांची में सेना की जमीन को बेचने वाले दलालों और भू माफियाओं को देशद्रोही घोषित कर उन्हें राज्य निकाला (तड़ीपाड़) करने की भी मांग की गई है। झारखंड और खासकर राजधानी रांची में जमीन माफिया, राजनेता और ब्यूरोक्रेट्स के नापाक गठजोड़ द्वारा की जा रही जमीन की लूट से जहां आम झारखंडी हतप्रभ हैं। वहीं इससे पदमश्री पुरस्कार विजेता मुकुंद नायक और मधु मंसूरी हंसमुख भी बेहद दुखी हैं। रविवार को मूलवासी सदान मोर्चा के बैनर तले संवाददाता सम्मेलन कर मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, पद्मश्री मुकुंद नायक और पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख ने सरकार से ये मांग की। मूलवासी सदान मोर्चा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि पहले दक्षिणी छोटानागपुर के आयुक्त डॉ नितिन मदन कुलकर्णी ने रांची डीसी के ऊपर लगे आरोप की जांच की थी। आयुक्त की उस रिपोर्ट में रांची डीसी सहित कई लोगों पर कई आरोप सही पाए गए थे आाखिर इसके दोषी कौन हैं, उन पर भी कार्रवाई हो। मूलवासी सदान मोर्चा ने कहा कि जब तक राज्य की नियोजन ना बन जाये तब तक संयुक्त बिहार की 1983 वाली स्थानीय नीति को आधार मानकर नियुक्तियां की जाए। **जिस सपने के साथ झारखंड का निर्माण हुआ, वह सपना आज भी अधूरा-पद्मश्री मुकुंद नायक:** पदम पुरस्कार से सम्मानित मुकुंद नायक ने कहा कि मैं देश का सामाजिक और सांस्कृतिक प्रहरी होने के नाते कह सकता हूं कि राज्य बनने के 23 वर्ष होने वाले हैं, लेकिन आज भी आदिवासी मूलवासी और सदानों का सपना पूरा नहीं हुआ है। पुरखों का सपना आज भी अधूरा है। जो हमारे पुरुख झारखंड को बनाना चाहते थे वह अभी पूरा नहीं हो सका है। ना मालूम झारखंडवासियों का सपना कम पूरा होगा। यह तो अभी किसी को पता भी नहीं है। झारखंड में गरीबी भी और राज्यों से ज्यादा कोई भी सरकार इस पर पूरी तरह से काम नहीं कर पा रही है। बिहार से अलग होने के बाद झारखंड में काम हुआ लेकिन जो होना चाहिए वह अब तक नहीं हो पाया है। पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख ने कहा कि आज झारखंड में जिस तरह से जमीन की लूट हो रही है, उससे बेहद दुखी हूं। अपने गांव सिमरिया का जिक्र करते हुए पद्मश्री मधु मंसूर हंसमुख ने कहा कि उनके गांव में 503 एकड़ जीएम यानी गैरमजरूआ जमीन थी। उस जमीन को दलाल और भू माफियाओं ने फर्जी कागज बनाकर लूट लिया। जब जमींदार ने आज तक रिटर्न नहीं भरा तो एम फार्म जमीन दलालों के पास कहां से आया। इसी तरह पुदाग इलाके में 230 एकड़ सरकारी जमीन, झारखंड बनने के बाद छूमंतर हो गयी। एचईसी के लिए 8,000 एकड़ जमीन लिया गया। आज ना जमीन बची है और ना ही एचईसी। चाय बागान की 179 एकड़ से अधिक जमीन को बदमाशों और जमीन दलालों ने कब्जा कर लिया और सरकारें और प्रशासन आंखें मूंद कर देखती रह गयी।

पीएम मोदी पहलवानों को न्याय दिलाएं : आभा सिन्हा

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारी पहलवानों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए कहा कि देश की बेटियों के सम्मान को इस तरह से ठेस पहुंचाना बेहद शर्मनाक है। केंद्र की मोदी सरकार पहलवानों को न्याय दिलाये। अब चुप्पी तोड़ने की जरूरत है। कहा कि भारत अपनी बेटियों के साथ खड़ा है। मैं एक इंसान के रूप में निश्चित रूप से हमारे पहलवानों के साथ खड़ी हूं। कानून सभी के लिए एक है। शासक का कानून इन सेनानियों की गरिमा पर कब्जा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, आप उन पर हमला कर सकते हैं, लेकिन उनके हौसले को नहीं तोड़ सकते। लड़ाई सही है और जारी रहेगी। हमारे पहलवानों को चोट पहुंचाने की हिम्मत न करें, देश उनके आंसू को देख रहा है और देश आपको माफ नहीं करेगा।

संत जेवियर्स डोरंडा ने जीता इंटर जेसुइट बास्केटबॉल टूर्नामेंट

नवीन मेल संवाददाता। रांची

दो दिवसीय इंटर जेसुइट बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2023 के डायमंड जुबली संस्करण के फाइनल मुकाबले में संत जेवियर्स स्कूल डोरंडा ने लोयोला जमशेदपुर को 61-31 से हराकर टूर्नामेंट जीत लिया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कृष डावसन, अनिक लकड़ा को चुना गया। संत जेवियर्स डोरंडा में आयोजित इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि फादर फ्लोरेंस कुजूर, फादर अजय अनिल तिर्की, फादर स्वर्ण तिग्गा, मनोहर खोया ने विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में कुल 11 स्कूलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। विजेता संत जेवियर्स डोरंडा, उप विजेता लोयोला जमशेदपुर और तीसरा संत जेवियर्स शैबगंग रहा।

बोर्ड-निगम में पद की उम्मीद लगाए नेता हो रहे मायूस

मुख्यमंत्री से लगा रहे हैं गुहार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड में बोर्ड- निगम के खाली पदों को भरने की कवायद एक पहेली बनकर रह गई है। हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद एक बार फिर बोर्ड निगम इन दिनों सुर्खियों में है। ऐसे में बोर्ड निगम के मलाईदार पदों को पाने की आस लगाए सत्तारूढ़ दलों के निराश हो रहे नेताओं और कार्यकर्ताओं को एक बार फिर उम्मीद जगी है। लेकिन वास्तविकता यह है कि सरकार इसको लेकर गंभीर ही नहीं हैं। बता दें कि हर बार सत्तारूढ़ दलों के बड़े नेताओं के द्वारा आश्वासन की झड़ी लगा दी जाती है, लेकिन कब पूरा होगा यह किसी को भी पता नहीं है। कांग्रेस में ऐसे दो दर्जन से अधिक नेता और कार्यकर्ता लंबे समय से उम्मीद लगा बैठे हैं कि बोर्ड निगम के खाली पदों पर उन्हें जरूर सेवा देने का मौका मिलेगा। इसी तरह झारखंड मुक्ति मोर्चा और राजद के कार्यकर्ताओं की मानसिक स्थिति है। प्रतीक्षा करते करते इन कार्यकर्ताओं धैर्य अब खोने लगा है। बोर्ड निगम में स्थान पाने की आस लगाए कांग्रेस नेता जगदीश साहू कहते हैं कि जो कार्यकर्ता 30-40वर्षों से पार्टी के लिए काम करते रहे और पिछले चुनाव में पूरी ताकत के साथ चुनाव जीताने का काम किया, उनकी अपेक्षा तो जरुर बोर्ड निगम में जगह मिलने को लेकर रहेगी ही। कांग्रेस कार्यकर्ता नरेंद्र कुमार लाल कहते हैं कि पार्टी के लिए जिसने इतना त्याग किया उन्हें एक बोर्ड और निगम में स्थान मिलने में अपनी ही सरकार में देरी हो रही है। मुख्यमंत्री को इस संबंध में तत्काल निर्णय लेना चाहिए जिससे कार्यकर्ता हतोत्साहित होने के बजाय उत्साह पूर्वक काम कर सके। बोर्ड निगम के खाली पदों को भरने के लिए एक बार फिर सत्तारूढ़ दलों के बड़े नेताओं का आश्वासन मिला है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे का मानना है कि मई महीने में बोर्ड निगम के खाली पदों को भरने का काम हो जाएगा। इसको लेकर मुख्यमंत्री गंभीर हैं और कार्यकताओं को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। इसी तरह कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा है कि कांग्रेस कार्यकर्ता निराश नहीं होते हैं बल्कि अपनी भावना से समय-समय पर पार्टी के आला नेताओं को अवगत कराते रहते हैं। उन्होंने कहा है कि जल्द ही समर्पित कार्यकर्ताओं को बोर्ड निगम के खाली पदों में स्थान मिलेगा। कहा जा रहा है कि सत्तारूढ़ दलों के अंदर बोर्ड- निगम पर सहमति बन गई है।

रांची की वुशु खिलाड़ी पूर्णिमा लिंडा ने मास्को में जीता कांस्य पदक

रांची। मास्को में चल रही मॉस्को स्टार इंटरनेशनल वुशु प्रतियोगिता में रांची की वुशु खिलाड़ी पूर्णिमा लिंडा ने रविवार को कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता दो से आठ मई तक मॉस्को में आयोजित है। पिछले दिनों मेरठ में आयोजित सिलेक्शन ट्रायल के आधार पर पूर्णिमा लिंडा का भारतीय दल में चयन हुआ था। पूर्णिमा लिंडा झारखंड वुशु की एक मेहनती खिलाड़ी रही और उन्होंने कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीत कर राज्य का नाम बढ़ाया। 36वें नेशनल गेम्स में वे राज्य वुशु दल का हिस्सा थीं और पिछले दिनों आयोजित फेडरेशन कप वुशु प्रतियोगिता में उन्होंने दो स्वर्ण पदक जीते थे। राज्य के खेल निदेशक सरोजिनी लाकड़ा, मधुकांत पाठक सहित डॉ प्रदीप वर्मा, चंचल भट्टाचार्य, मिथलेश साहू, प्रोफेसर मुकुंद मेहता, डॉ कविता वर्मा, डॉ अंशु साहू, प्रियदर्शी अमर, शशिकांत पांडे आजाद सहित अन्य ने पूर्णिमा की सफलता पर शुभकामनाएं दी हैं।

झारखंड पहुंची कर्नाटक चुनाव की गर्मी

बीजेपी के बयान पर कांग्रेस जेएमएम ने दी नसीहत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

कर्नाटक में हो रहे विधानसभा चुनाव प्रचार में भाजपा, कांग्रेस और जेडीएस ने अपनी सारी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र में बजरंग दल पर बैन वाले अंश को भाजपा ने बड़ा मुद्दा भी बना दिया है तो उसका असर झारखंड की राजनीति पर भी पड़ता दिख रहा है।कांग्रेस को दिक्कत क्यों होती हैः भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने कहा है कि कांग्रेस का चरित्र ही ऐसा है कि राजनीति में रहने की वजह से कुछ भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस खुद को सद्भावना और सेक्यूलर कहती है तो कभी सरकारी स्तर या पार्टी के स्तर पर होली मिलन, दीपावली मिलन क्यों नहीं करती जैसे दावत-ए-इफ्तार करती हैं, सीपी सिंह इतने पर नहीं रुके, उन्होंने आगे कहा कि अल्पसंख्यकों का वोट पाने के लिए ये कांग्रेस वाले हिंदू देवी देवताओं को गाली देते हैं। सीपी सिंह ने कहा कि कर्नाटक के चुनावी सभाओं में पीएम मोदी बजरंग बली का जयकारा लगाते हैं तो कांग्रेस को दिक्कत क्यों होने लगती है। पूर्व में स्पीकर और मंत्री रह चुके भाजपा विधायक सीपी सिंह के बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि सीपी सिंह पर गर्मी का असर हुआ है। कांग्रेस पर बयान देने से पहले वह बताएं कि देवी देवताओं के नाम को किसने बेचा। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के नाम को बेचकर सत्ता किसने पायी। कभी बजरंगबली तो कभी भोलेनाथ के नाम पर भाजपा राजनीति करती है।भाजपा आलाकमान की नजर में बने रहना चाहते हैं सीपी सिंहः कांग्रेस प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि सीपी सिंह आलाकमान की नजर में बने रहना चाहते हैं।

मथुरा महतो से वाटर स्पोर्ट्स ड्रैगन बोट खेल प्रशिक्षण केंद्र खोलने की मांग



नवीन मेल संवाददाता। रांची

सत्तारूढ़ दल के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो से ड्रैगन बोट एसोसिएशन ऑफ झारखंड ने तोपचांची झील में वाटर स्पोर्ट्स ड्रैगन बोट खेल प्रशिक्षण केंद्र खोलने की मांग की है। साथ ही उनसे 15 जून से 18 जून तक हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड अंतर्गत तिलैया डैम के समीप जवाहर घाटी में आयोजित होने वाले एक 11वीं सीनियर राष्ट्रीय ड्रैगन बोट रेसिंग प्रतियोगिता में सरकार स्तर पर सहयोग दिलाने की दिशा में भी आवश्यक कार्रवाई करने की अपेक्षा जताया है। इस बाबत ड्रैगन बोट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बीसी ठाकुर व महासचिव सोनी प्रसाद ने रविवार को मोरहाबादी दीनदयाल नगर में मथुरा प्रसाद महतो से उनके आवास पर मिलकर बातों को रखा। उन्हें इस बात से अवगत कराया कि राज्य में ड्रैगन बोट नामक इस वाटर स्पोर्ट्स की शुरूआत गत वर्ष से हुई है। इस वाटर स्पोर्ट्स ड्रैगन बोट खेल में ब धनबाद जिले के एवं राज्य के नौजवान, बालक - बालिकाओं, खिलाड़ियों को अपना भविष्य निखारने का अवसर प्राप्त हो सकेगा। तोपचांची झील में ड्रैगन बोट वाटर स्पोर्ट्स खेल का प्रशिक्षण केंद्र खुलने जहां खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त हो सकेगा, वहीं स्थानीय लोगों को भी रोजगार प्राप्त हो सकेगा। तोपचांची झील में सैकड़ों की संख्या में पर्यटक आते हैं और इन लोगों को भी नए अवसर प्राप्त होंगे। इस क्रम में उन्हें एसोसिएशन की ओर एक ज्ञापन भी सौंपा गया।

47 महिलाओं के बीच कोर कार्बन चूल्हा का किया गया वितरण

ठाकुरगांव। भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि अशोक नायक ने रविवार को क्षेत्र में 47 महिलाओं के बीच कोर कार्बन लकड़ी चूल्हा का वितरण किया। उन्होंने ठाकुरगांव के गुरुगाई तथा हरिजन टोला में चूल्हा बांटा। मौके पर अशोक नायक ने कहा कि जल्द ही अन्य गांवों में भी ऐसे धुआंरहित चूल्हा बांटा जाएगा। ज्ञात हो कि अभी तक 1000 पीस चूल्हा बांटा जा चुका है। श्री नायक ने कहा कि भाजपा ने गरीबों के प्रति काफी सहनशीलता दिखाई है और गरीबों को हर तरह से सहारा दिया है, ताकि वह उपर उठ सकें। मौके पर रामकुमार दूबे, श्याम गुप्ता, अभय कुमार, पंकज कुमार, कुंजन देवी और रूबी देवी आदि मौजूद थे।

पार्टी को मजबूत करना हमलोगों की पहली प्राथमिकता : राष्ट्रीय अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री सह झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ. अशोक चौधरी रविवार को अपने दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे। भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जेडीयू प्रभारी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कुछ टास्क दिया है, उसकी समीक्षा करने के लिए रांची पहुंचे हैं। पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूत करने के लिए बैठक होनी है। पार्टी को मजबूत करना हम कार्यकर्ताओं की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसमें झारखंड जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो और पार्टी के लोगों के साथ समीक्षा करेंगे। इसके बाद जिलों का दौरा करेंगे। अशोक चौधरी ने कहा कि उनके साथ पार्टी के सह प्रभारी और बांका के विधायक मनोज यादव भी आये है सह प्रभारी विजय सिंह का आगमन सोमवार को होगा। एयरपोर्ट पर युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह समेत अन्य नेता भी मौजूद थे। विपक्षी एकता पर अशोक चौधरी ने कहा कि पार्टी के नेता नीतीश कुमार देश भर में विपक्षी दलों को गोलबंद करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर चुके हैं। मैं समझता हूं कि विपक्षी एकता को लेकर बात बन जायेगी। 2024 के लोकसभा और झारखंड विधानसभा के चुनाव को लेकर अशोक चौधरी ने कहा कि विपक्षी एकता में सभी लोग शामिल होंगे तो मिलजुल कर चुनाव लड़ेंगे। हमारे नेता नीतीश कुमार की भी इच्छा है कि देश में विपक्षी एकता बने। खासकर बिहार से सटे इलाके झारखंड, बंगाल, उड़ीसा और उत्तर प्रदेश में संगठित होने की जरूरत है। इसके लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है. हमारे नेता को समर्थन भी मिल रहा है। झारखंड जेडीयू के प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा कि प्रभारी अशोक चौधरी कोर कमेटी के सदस्यों व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करेंगे।

ज्ञान यज्ञ

सात दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ के कार्यक्रम का हुआ समापन

जैसी व्यक्ति की बुद्धि होगी वैसा ही उसका व्यक्तित्व होगा : स्वामी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

चिन्मय मिशन, रांची के तत्वावधान में प्रातःकालीन व सायंकालीन सत्र में आयोजित सात दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ का रविवार को समापन हुआ। प्रातः कालीन सत्र के अन्तिम दिन स्वामी जी ने भज गोविन्दम के नौवें श्लोक को जीवन का क्रमवार समाधान बताया। सत्संग से नित्य अनित्य का विवेक होता है। उल्टी समझ सीधी होती है। सुख के नित्य आश्रय का बोध होता है। वस्तु, संबंध, स्थान की अनित्यता का बोध होता है, द्वन्द कम होता है, नित्य सुख के प्रति जागरूक होते हैं, जीवन के एक लक्ष्य के प्रति निष्ठ हो कर श्रद्धा के साथ व लगन के साथ, लक्ष्य की दिशा में प्रयास करते हुए परिपूर्णता का अनुभव होता है। समापन दिवस के सायंकालीन सत्र में स्वामी जी ने बताया कि जैसी व्यक्ति की महत्व बुद्धि होगी वैसा ही उसका व्यक्तित्व होगा। स्वयं एवं परिस्थिति के प्रति आवश्यकता से अधिक महत्व बुद्धि ही हमारे सभी निर्णय व अभ्यास को बाधित करती है। इसे ही श्रद्धा कहते हैं। श्रद्धा के गुण के अनुसार तीन तरह की श्रद्धा बतायी गई। इन्हें सात्विक, राजसिक व तामसिक कहा गया। श्रद्धा के अनुसार ही भोजन, यज्ञ, लक्ष्य, धृति, बुद्धि, प्रेम आदि होता है । इसका निर्णय देश, काल, परिस्थिति व लक्ष्य के अनुसार व्यक्ति को लेना होता है। जब लक्ष्य व प्रयास समष्टि के लाभ हेतु होता है तब उसकी बुद्धि शुद्ध होती है। निर्णय लक्ष्य अनुकूल होते हैं उसे सफलता मिलती है। गीता के अंतिम श्लोक को सफलता का मूल मंत्र बताते हुए कहा कि जहां कृष्ण है अर्थात जहां जीवन मूल्य है ओर जहां धनुधार्री पार्थ है अर्थात जहां सार्थक अभ्यास हो वहां ऐश्वर्य , विजय , मेधा एवं स्थिर बुद्धि प्राप्त होती है । आज की गीता आरती के यजमान श्री श्याम टोरका, श्री रामोतार नारसरिया, श्री राजीव रंजन एवं श्री विजय सरायका थे। सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरू दक्षिणा दी एवं प्रसाद व पुस्तिका प्राप्त की। इस तरह ज्ञानयज्ञ अच्छी तरह सम्पन्न हुआ ।

मारवाड़ी युवा मंच के शिविर में 39 लोगों ने किया रक्तदान

रांची। मारवाड़ी युवा मंच खूंटी नगर शाखा के तत्वावधान में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राजस्थान भवन में मंच की सहयोगी संस्थान सेवा सदन रांची और सदर असपताल खूंटी के सहयोग से किया गया। शिविर का उद्घाटन श्रीपाल जैन मारवाड़ी युवा मंच के संस्थापक अध्यक्ष और पूर्व अध्यक्ष उदय लाल भला ने किया। रांची सेवा सदन से आए डॉ अनिर्बन सान्याल ने कहा कि रक्तदान के लिए जागरुकता की जरूरत है। रक्तदान को महादान इसलिए कहा गया है क्योंकि इससे जीवन की सुरक्षा होती है और विज्ञान की प्रगति के बावजूद इसको कोई विकल्प नहीं है। खूंटी के सदर अस्पताल के डॉ पीके रॉय ने रक्तदान से होनेवाले लाभ के बारे में बताया और कार्यक्रम में आए लोगों को जागरूक किया। शिविर में खूंटी नगर पंचायत अध्यक्ष अर्जुन पाहन ने भी रक्तदान किया।

अपराधी ने महिला को जमीन पर गिराकर लूट ली सोने की चेन और कान की बाली

नवीन मेल संवाददाता। रांची

डीएवी स्कूल की शिक्षिका के साथ छिनतई की वारदात को अंजाम दिया गया था। उसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिस तरह से महिला शिक्षक के साथ छिनतई हुई है वह पुलिस के लिए शर्मसार करने वाला जैसा है। क्योंकि दिन के उजाले में एक महिला को छिनतई गिरोह के अपराधियों ने अपना शिकार बनाया, उन्होंने ना सिर्फ महिला के गहने छीने बल्कि उन्हें जमीन पर गिरा भी दिया।

रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित डीएवी स्कूल की शिक्षिका कनकलता शनिवार की दोपहर अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान दो बाइक सवार अपराधी उनके आगे से गुजरे। थोड़ी देर बाद एक अपराधी उनके पीछे से आ धमका और उन्हें जमीन पर गिरा दिया। उसके बाद जबरदस्ती उनके गले सोने की चेन और कान की बाली उतार ली और बाइक से दोनों फरार हो गये।सीसीटीवी में दिखा अपराधियों का दुस्साहसः सीसीटीवी फुटेज में अपराधियों का दुस्साहस साफ नजर आ रहा है। सीसीटीवी में दिख रहा है कि कैसे अपराधी महिला के पास पहुंचता है और उन्हें धक्का देकर सड़क पर गिरा देता है। उसके बाद जबरदस्ती उनसे गहने छीन कर फरार हो जाता है। महिला शिक्षिका कनकलाता ने वारदात को लेकर रांची के धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। प्राथमिकी दर्ज हुए 12 घंटे से ज्यादा बीत गए हैं लेकिन अब तक किसी भी अपराधी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। जबकि दोनों ही अपराधियों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, उनकी हरकतें साफ नजर आ रही है। वहीं पुलिस उनकी पहचान करने में जुटी हुई है।

चीनी पीएम ने आईओसी अध्यक्ष से की मुलाकात

एजेंसी। बीजिंग

चीनी प्रधानमंत्री ली छ्यांग ने 6 मई को पेइचिंग में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष बाच से मुलाकात की। ली छ्यांग ने कहा कि प्राचीन समय से ओलंपिक आंदोलन, शांति, एकता व प्रगति के प्रति मानव का अनुकरण प्रतिबिंबित करता है, जो मानव सभ्यता की प्रगति बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि चीन हमेशा खेल कार्य के विकास को महत्व देता है और सक्रियता से अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक मामलों में भाग लेता है। अनेक वर्षों में चीन ने ओईओसी के साथ उल्लेखनीय सहयोग किया। खासकर पिछले साल पेइचिंग दो बार ओलंपिक का आयोजन करने वाला विश्व में पहला शहर बन गया। उसने विश्व के लिए एक सरल, सुरक्षित और शानदार शीतकालीन ओलंपिक प्रस्तुत किया और इस शीतकालीन ओलंपिक के आयोजन से 30 करोड़ से अधिक चीनी लोगों ने शीतकालीन खेल में भाग लिया।

खराब फॉर्म के चलते रोहित डब्ल्यूटीसी में भी खो बैठेंगे आत्मविश्वास : गावस्कर

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय टीम और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल 2023 में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। रोहित इस सीजन 10 मैचों में कुल 184 रन ही बना पाए हैं। वहीं आखिरी चार मुकाबलों की बात करें तो वह दो बार खाता भी नहीं खोल पाए, जबकि अन्य दो मुकाबलों में सिंगल डिजिट स्कोर पर आउट हो गए। शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स के मुकाबले में रोहित के शून्य पर आउट होने के बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनिल गावस्कर ने कप्तान को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है। गावस्कर का मानना है कि रोहित की आईपीएल में खराब फॉर्म उनके अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट पर भी प्रभाव डाल सकती है, इसलिए उन्होंने रोहित को थोड़ा विश्राम लेने की सलाह दी है।

भारतीय टीम को आईपीएल के बाद जून में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है। इस महामुकाबले को लेकर गावस्कर का कहना है कि रोहित को आईपीएल से अब थोड़ा आराम लेना चाहिए और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए तैयारियां करनी चाहिए। उनका मानना है कि आईपीएल की खराब फॉर्म भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भी बाधा डाल सकती है।

गावस्कर का मानना है कि लीग में लगातार कम स्कोर के बाद रोहित का आत्मविश्वास डगमगा गया है। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मैं चाहूंगा कि रोहित फिलहाल ब्रेक ले और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए खुद को फिट रखे।"

गावस्कर ने कहा, ह्यह्व वह आखिरी के कुछ मैचों के लिए वापसी कर सकते है लेकिन फिलहाल उन्हें खुद को थोड़ा विश्राम देना चाहिए। डब्ल्यूटीसी का फाइनल लंदन के ओवल में सात से 11 जून तक होना है। चेन्नई सुपर किंग्स ने शनिवार को चेपॉक में छह विकेट की आसान जीत के साथ मुंबई इंडियंस के खिलाफ इस मैदान पर 13 साल के बाद जीत दर्ज की।

गुरु को देखते ही विराट ने दौड़कर छुए पैर फिर लगाया गले, देखकर गदगद हुए फैंस



शनिवार को आईपीएल 2023 में खेले गए 50वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बल्लेबाज विराट कोहली का बल्ला दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खूब गरजा। कोहली ने इस मैच में 46 गेंदों में 6 चौके की मदद से 55 रन बनाए। हालांकि, इस मुकाबले में कोहली के अर्धशतक के बावजूद बैंगलोर की हार ने फैंस को निराश कर दिया, लेकिन मैच से पहले हुई एक घटना ने कोहली फैंस का दिल जीत लिया। दरअसल, टॉस से पहले कोहली मैदान में प्रैक्टिस कर रहे थे और इस दौरान कोहली के बचपन के क्रिकेट कोच राज कुमार शर्मा मैदान में आए। कोहली ने अपने गुरू को मैदान में जैसा ही देखा, वह उनके पास गए और उनके पैर छुए। इसके बाद कोहली ने उन्हें गले लगाया और उनके कोच ने भी उन्हें आशिर्वाद दिया।

गुजरात ने लखनऊ को 56 रन से हराया, मोहित ने 4 विकेट चटकाए

एजेंसी। अहमदाबाद

इंडियन प्रीमियर लीग के 51वें मुकाबले में रविवार को गुजरात टाइटंस ने अपने तेज गेंदबाज मोहित शर्मा की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स को 56 रनों से हरा दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में लखनऊ ने टॉस जीतकर गुजरात को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया था। गुजरात ने इसका भरपूर फायदा उठाया। ओपनर साहा ने 81 तो शुभमन गिल ने 94 रन बनाकर स्कोर 227 पर ला खड़ा किया। जवाब में लखनऊ की टीम 7 विकेट खोकर 161 रन ही बना पाई और 56 रनों से मैच गंवा दिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए रिद्धमान साहा (81) और शुभमन गिल (94 नाबाद) के बीच 142 रन की तूफानी साझीदारी की मदद से गुजरात टाइटंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ दो विकेट पर 227 रन बनाये। नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर टास जीत कर गुजरात को बल्लेबाजी के लिये आमंत्रित करने का लखनऊ के नवोदित कप्तान कृणाल पांड्या का फैसला मुश्किल साबित हुआ

जब आसान विकेट पर लखनऊ के गेंदबाजों की धुनायी करते हुये गुजरात की सलामी जोड़ी के तौर पर गिल और साहा ने पारी की विस्फोटक अंदाज से शुरू की और मैदान के चारों ओर चौके छक्कों की बारिश कर दी। पारी के 13वें ओवर में साहा के विकेट के तौर पर लखनऊ को पहली सफलता मिली मगर तब तक गुजरात का रन औसत 12 रन प्रति ओवर के करीब पहुंच चुका था। साहा ने 43 गेंदों की पारी में दस चौके और चार लंबे छक्के लगाये।

भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों की तैयारी के लिए इसी माह ऑस्ट्रेलिया जाएगी। इस दौरे में पांच मैचों की एक सीरीज होगी। भारतीय टीम का ये दौरा 18 मई से 27 मई तक चलेगा। इससे भारतीय टीम को चीन में इसी साल होने होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों का अच्छा अवसर मिलेगा। इस दौरे में भारतीय टीम पहले तीन मैचों में ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय टीम और उसके बाद अंतिम दो मैचों में ऑस्ट्रेलियाई ए टीम से खेलेगी। ये सभी मैच एडिलेड में खेले जाएंगे। भारत अपना पहला मैच 18 मई को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा जबकि इसके बाद अगले दो मैच 20 और 21 मई को होंगे। भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया ए से 25 और 27 मई को मैच खेलने हैं। अभी विश्व रैंकिंग में भारतीय टीम आठवें स्थान पर जबकि ऑस्ट्रेलियाई महिला हॉकी टीम तीसरे नंबर पर है। वहीं चीन में एशियाई खेल इसी साल सितंबर अक्टूबर में होंगे। भारतीय टीम के कोच यानेके शोपमैन ने इस दौरे को लेकर उत्साहित हैं उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर खेलने से हमें यह पता करने में सहायता मिलेगी कि हम दुनिया की शीर्ष महिला टीमों के खिलाफ किस हाल में हैं। उन्होंने कहा, सबसे अहम बात यह है कि यह सीरीज चीन में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों को देखते हुए बेहद अहम रहेगी।

ओस के चलते हमारे स्पिनर्स प्रभावी नहीं हो सके : डु प्लेसिस

एजेंसी। नई दिल्ली

आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार के बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने कहा कि 181 का स्कोर इस पिच पर काफी अच्छा था, लेकिन ओस ने बड़ी भूमिका निभाई जिससे स्पिनर प्रभावी नहीं हो सके। फिल सॉल्ट की 87 (45) की धमाकेदार पारी के साथ मिचेल मार्श (17 रन पर 26 रन) और रिले रोसौव (22 रन पर नाबाद 35) की ताबड़तोड़ पारियों ने दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से जीत दिलाई। आरसीबी की ओर से महिपाल लोमरोर (29 में नाबाद 54) और विराट कोहली (46 गेंद पर 55 रन) ने शनिवार की रात रॉयल दिल्ली कैपिटल्स को 182 का लक्ष्य दिया था। फाफ ने मैच के बाद कहा, मुझे लगा कि यह बहुत करीब था, मुझे लगा कि 182 बहुत अच्छा टारगेट था। ओस ने स्पिनरों को प्रभावी नहीं होने दिया, लेकिन जीत का श्रेय उन्हें (डीसी बल्लेबाजों) भी जाता है। आप खेल में अपने स्पिनरों को पसंद करते हैं, लेकिन आपको जरूरत है कि ओस के बावजूद वो सही जगह गेंद डालें, कुछ गलतियां हमने की, लेकिन हां, उन्होंने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की।

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज ने यह भी उल्लेख किया कि बल्लेबाजी इकाई और अच्छा नहीं कर पाई। हम आसानी से 200 तक जा सकते थे। हमने अंत में ज्यादा रन नहीं बनाए। हमें लगा कि 181 का स्कोर ठीक था, हमें एक बड़े ओवर की जरूरत थी जो हमें 200 तक ले जा सके, इससे थोड़ा फर्क पड़ता। लेकिन जब आप दबाव बनाते हैं तो यही होता है। मैक्सी (मैक्सवेल) नंबर 4 पर हमारे लिए अच्छा चल रहा है। हमने सोचा कि हम उसे जल्दी (नंबर 3 पर) ले सकते हैं क्योंकि वह अच्छा खेल रहा है।

सबालेंका ने स्वियाटेक को हरा कर अपने नाम किया खिताब

एजेंसी। मैड्रिड

वर्ल्ड नंबर 2 आर्यना सबलेंका ने शनिवार रात वर्ल्ड नंबर 1 इगा स्वोटेक पर 6-3, 3-6, 6-3 से जीत दर्ज कर मैड्रिड ओपन खिताब जीत लिया। 2021 मैड्रिड चैंपियन सबलेंका ने शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वोटेक को पछाड़ने के लिए 2 घंटे 26 मिनट का समय लिया और पिछले तीन वर्षों में दूसरी बार टूर्नामेंट जीता। यह सबलेंका के करियर का 13वां डब्ल्यूटीए टूर एकल खिताब है। सबलेंका ने अपनी जीत के बाद कहा, इगा के खिलाफ हमेशा कठिन लड़ाई होती है। मैं वास्तव में इस लड़ाई का आनंद लेती हूं। उम्मीद है कि हम इस सीजन में कई और फाइनल खेल सकें।

सबालेंका के मैड्रिड के दोनों खिताब मौजूदा विश्व नंबर 1 से भिड़ंत पर आए हैं। दो साल पहले, सबलेंका ने ताज हासिल करने के लिए तत्कालीन विश्व नंबर 1 एशले बार्टी को हराया था। सबालेंका ने पहले सेट में चौथे ब्रेक प्वाइंट को जीत कर 5-3 की अहम बढ़त बना ली।

दूसरे सेट में स्वोटेक अपनी 3-0 की बढ़त से 3-3 की बराबरी पर आ गई।

भारत के रोहन बोपन्ना मैड्रिड ओपन के पुरुष युगल फाइनल में हारे

एजेंसी। मैड्रिड

भारत के टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना को मैड्रिड ओपन के पुरुष युगल फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन को शनिवार को खिताबी मुकाबले में रूसी जोड़ी कारेन खाचानोव और आंद्रेई रुब्लेव से कड़े संघर्ष में हार का सामना करना पड़ा। सातवीं वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एब्डेन को खाचानोव और रुब्लेव से 6-3, 3-6, 10-3 से हार का सामना करना पड़ा। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने पहले सेट के आठवें गेम में अपनी सर्विस गंवाई और यह सेट 3-6 से गंवा बैठे। लेकिन दूसरे सेट में उन्होंने रूसी जोड़ी की चौथे गेम में सर्विस तोड़ी और 3-1 की बढ़त बनाने के बाद यह सेट 6-3 से जीत लिया।

आरोप साबित हुए तो फांसी लगा लूंगा : प्रमुख बृजभूषण सिंह

एजेंसी। लखनऊ

महिला पहलवानों द्वारा यौन उत्पीड़न और डराने-धमकाने के आरोपी भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण सिंह ने कहा है कि अगर उनके खिलाफ एक भी आरोप साबित हुआ तो वह खुद को फांसी लगा लेंगे। रविवार को जारी एक वीडियो संदेश में सिंह ने कहा, मेरे खिलाफ एक भी आरोप साबित हुआ तो मैं फांसी लगा लूंगा। मामला दिल्ली पुलिस के पास है, इसलिए मैं इस मामले पर ज्यादा विस्तार से बात नहीं कर पाऊंगा। यह मैं पहले दिन से कह रहा हूं अगर इन पहलवानों के पास मेरे खिलाफ कोई वीडियो सबूत है तो दिखाए। आप किसी से भी पूछ

लीजिए जो कुश्ती से जुड़ा है, क्या बृजभूषण रावण है?

बृजभूषण ने कहा कि वह दिल्ली से गोंडा स्थित अपने घर जाते समय रास्ते में वीडियो संदेश रिकॉर्ड कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा, इन पहलवानों (जो विरोध कर रहे हैं) को छोड़कर किसी से भी पूछिए कि क्या मैंने कुछ गलत किया है। मैंने अपने जीवन के 11 साल कुश्ती को, इस देश को दिए हैं।

पहलवानों का आरोप है कि बृजभूषण सिंह पर लगे आरोपों की जांच के लिए बनी कमेटी की रिपोर्ट जारी करने में सरकार की ओर से देरी की गई है। विरोध करने वाले पहलवान भी चाहते हैं कि डब्ल्यूएफआई प्रमुख से उनका पद छीन लिया जाए। कनॉट प्लेस पुलिस स्टेशन में बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की गई है। पहली प्राथमिकी एक नाबालिग पीड़िता द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित है और पोक्सो अधिनियम के तहत दर्ज की गई है, साथ ही आईपीसी की प्रासंगिक धाराओं के साथ-साथ शील भंग आदि से संबंधित है।

आईपीएल 2023 | **लगता है नहीं थमेगा कोहली-गंभीर का विवाद**

नवीन उल हक यह लिखकर आग में डाल दिया घी

एजेंसी। नई दिल्ली

आईपीएल 2023 के 43वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बल्लेबाज विराट कोहली और लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटर गौतम गंभीर के बीच हुआ विवाद बिल्कुल भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। फैंस और क्रिकेट विशेषज्ञ की इस मामले में अलग-अलग राय है, वहीं इस मामले में कोहली और गंभीर भी इशारो-इशारो में एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। 1 मई को इकाना स्टेडियम में खेले गए उस मैच में बैंगलोर ने 18 रन से जीत दर्ज की थी और ये आईपीएल का एक हर बार की तरह साधारण मैच था, लेकिन मैच के बाद गंभीर और कोहली की झड़प की वजह से यह मैच चर्चा का विषय बन गया। वहीं अब कोहली और गंभीर के बीच हुए विवाद में लखनऊ के बल्लेबाज नवीन उल हक ने इशारों-इशारों में कोहली पर निशाना साधा है।

नवीन उल हक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर गौतम गंभीर के साथ एक फोटो साझा की है और उन्होंने कैप्शन में जो लिखा है, उससे ये लग रहा है कि नवीन ने कोहली पर निशाना साधा है। नवीन ने लिखा है, ₹ लोगों के साथ वैसा ही व्यवहार करें जैसा आप चाहते हैं। लोगों से उस तरह से बात करें जैसे आप चाहते हैं। इस कैप्शन में नवीन ने गोट का इमोजी शेयर किया है और उन्होंने गंभीर को ग्रेटस्ट ऑफ ऑल टाइम क्रिकेटर बताया है।

क्या है पूरा मामला?

लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के मुकाबले के दौरान विराट कोहली और नवीन उल हक के बीच कहासुनी हुई थी। मैच के बाद जब दोनों टीमों के खिलाड़ी एक-दूसरे से हाथ मिला रहे थे तो नवीन और कोहली ने हाथ मिलाया, लेकिन फिर से इन दोनों खिलाड़ियों के बीच कहासुनी हुई थी और नवीन ने कोहली के हाथ को धक्का दिया था। इसी के बाद कोहली और गंभीर के बीच भी काफी देर तक कहासुनी हुई। मामले को बढ़ता देख लखनऊ के कप्तान केएल राहुल और गेंदबाज अमित मिश्रा ने कोहली को शांत करवाया था।